नई दिल्ली
शुक्रवार, 4 जुलाई 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 80
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 36
न्यून. 30

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### शुभमन ने रचा इतिहास दोहरा शतक जड़ा

**नई दिल्ली।** भारत के टेस्ट कप्तान के तौर पर शुभमन गिल ने शुभ शुरुआत की है। लीड्स में



कप्तान के तौर पर पहली पारी में शतक जड़ने के बाद बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन डबल धमाका किया। इंग्लैंड में तीसरी पारी में दोहरा शतक जड़कर इतिहास रचा। पहले कप्तान के तौर पर सर्वोच्च स्कोर मो अजहरुद्दीन के नाम था।

### एक महीने और बढ़ी आसाराम की बेल

**अहमदाबाद।** रेप मामले में आसाराम की अस्थाई बेल को 1 महीने के लिए और बढ़ाया है। उन्हें



गुजरात हाई कोर्ट ने मेडिकल आधार पर यह राहत दी है। कोर्ट ने यह भी जोड़ा की यह अंतिम एक्सटेंशन है। न्यायमूर्ति इलेश वोरा की खंडपीठ ने आसाराम की अस्थायी जमानत को एक महीने के लिए और बढ़ा दिया।

### आमराय बनाने की कोशिश केंद्र ने की सभी दलों से बात

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में न्यायाधीश रहते जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास से भारी मात्रा में



जले हुए नोट मिलने के मामले में सरकार बड़ा फैसला लेने पर विचार कर रही है। जस्टिस वर्मा को पद से हटाए जाने को लेकर सरकार की सभी दलों से बात हुई। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट की इंटरनल कमेटी ने भी अपनी जांच में पाया कि उन्हें हटाने की सिफारिश की जाए।

### फ्लैट में महिला को अकेले पाकर की घिनौनी वारदात

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक एक अज्ञात व्यक्ति ने



कथित तौर पर 22 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुणे के जोन-5 के डीसीपी राजकुमार शिंदे ने बताया कि आरोपी अज्ञात व्यक्ति खुद को कूरियर डिलीवरी एग्जीक्यूटिव बताकर महिला के फ्लैट में घुसा था, जहां उसने इस जघन्य कृत्य को अंजाम दिया।

---

घाना की संसद के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी


# भारत के लिए लोकतंत्र महज एक प्रणाली मात्र नहीं, मौलिक मूल्यों का हिस्सा है: प्रधानमंत्री

**प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान घाना की संसद में सुनाई दी सांसदों की हंसी और ठहाके**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिम-अफ्रीकी देश घाना की संसद के विशेष सत्र को संबोधित किया। बीते 30 वर्षों से अधिक समय में यह पहला ऐसा ऐतिहासिक अवसर था। जब किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने घाना की संसद में अपना भाषण दिया। सबसे पहले उन्होंने इस अवसर को अपने लिए एक बेहद सम्मान का पल बताया और घाना के राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किए जाने को लेकर राष्ट्रपति महामा और उनके देश की आम जनता के प्रति कृतज्ञता के साथ आभार व्यक्त किया।

साथ ही कहा कि मैं आज यहां पर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र यानी भारत के प्रतिनिधि के तौर पर अपने साथ 1.4 अरब भारतीयों की सद्भावना और शुभकामनाएं लेकर आया हूं। हमारे देश के लिए लोकतंत्र केवल एक प्रणाली भर नहीं है। बल्कि यह एक संस्कार के रूप में हमारे मौलिक मूल्यों का हिस्सा है। हजारों वर्षों से लोकतंत्र ने भारतीय समाज को निरंतर गति दी है। सच्चा लोकतंत्र चर्चा और बहस को बढ़ावा देता है। ये लोगों को जोड़ता है, सम्मान का समर्थन करता है और मानवाधिकारों को ▶▶ शेष पेज 5 पर



### भारत में 2500 से ज्यादा राजनीतिक दल

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में भारत के लोकतंत्र की ताकत और उसकी विविधता का जैसे ही विस्तार से वर्णन करना शुरू किया। वैसे ही घाना की संसद में मौजूद सांसदों के बीच न केवल हंसी के साथ ठहाके गूंजने लगे। बल्कि कुछ सांसदों ने पीएम की कही गई बातों पर बेहद आश्चर्य के साथ एक-दूसरे की तरफ देखा भी। यह देखकर पीएम मोदी भी मुस्कुराने लगे और उन्होंने दोहराया कि भारत में 2 हजार 500 से अधिक राजनीतिक दल हैं और 20 राजनीतिक पार्टियां अलग-अलग राज्यों में शासन चला रही हैं। इसके अलावा हमारे देश में 22 आधिकारिक भाषाएं और हजारों बोलियां हैं। यही एक सबसे महत्वपूर्ण वजह है कि भारत आने वाले लोगों का हमेशा खुले दिल से स्वागत किया जाता है। उन्होंने घाना को लोकतंत्र को प्रसारित करने वाली भूमि की संज्ञा दी। इसके अलावा वैशाली और ऋग्वेद के श्लोक का जिक्र करते हुए कहा कि यह दुनिया के प्राचीनतम ग्रंथों में से एक है।

### ग्लोबल साउथ की आवाज महत्वपूर्ण

उन्होंने कहा कि प्रगति ग्लोबल साउथ के देशों को आवाज दिए बिना संभव नहीं है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते भारत दुनिया की मजबूती का एक स्तंभ है। एक मजबूत भारत एक अधिक स्थिर और समृद्ध दुनिया बनाने में अपना योगदान देगा। भारत और उसकी अर्थव्यवस्था की ताकत को घाना के सांसदों के समक्ष रखते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत एक तेजी से बढ़ती उभरती हुई अर्थव्यवस्था है। जिसकी बुनियाद स्थिर राजनीति और अच्छे प्रशासन की नींव पर टिकी हुई है। भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। हमारा देश नवाचार और तकनीक का हब है। जहां पर वैश्विक कंपनियां भागीदारी की इच्छुक हैं।

1.4 बिलियन भारतीयों की तरफ से प्रधानमंत्री ने किया इस सम्मान को स्वीकार

## घाना के राष्ट्रीय सम्मान 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से सम्मानित हुए पीएम

बोले मोदी, भारत की युवा आकांक्षाओं, सांस्कृतिक परंपराओं, विविधता तथा घाना-भारत के ऐतिहासिक संबंधों को समर्पित करता हूं यह सम्मान

अब तक दुनिया के कुल 24 देशों ने किया पीएम को अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित



**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुरुवार को पश्चिमी-अफ्रीकी देश घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने अपने राष्ट्रीय सम्मान 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से सम्मानित किया है। जिसके पीछे की प्रमुख वजह भारतीय प्रधानमंत्री की असाधारण शासन-कला और प्रभावशाली अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व में दिया गया योगदान है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी। जिसमें बताया कि 140 करोड़ देशवासियों की तरफ से घाना के राष्ट्रीय सम्मान को स्वीकार करते हुए पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि मैं इसे भारत के युवाओं की आकांक्षाओं, उनके उज्जवल भविष्य, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और परंपराओं तथा दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों को समर्पित करता हूं। राष्ट्रपति महामा द्वारा मुझे इस सम्मान से सम्मानित किया जाना मेरे लिए अत्यंत गर्व की बात है। उन्होंने इस विशेष सम्मान के लिए घाना की जनता और वहां की सरकार को धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि भारत हमेशा घाना के लोगों के साथ खड़ा रहेगा और एक भरोसेमंद मित्र व विकास भागीदार के रूप में योगदान देना आगे भी जारी रखेगा। ▶▶ शेष पेज 5 पर

---

आरएसएस की दिल्ली में तीन दिवसीय प्रांत प्रचारक बैठक आज से

## संघ प्रमुख मोहन भागवत की मौजूदगी में शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की योजना पर विस्तृत चर्चा होगी




- बैठक में मुख्यत: संगठनात्मक विषयों पर चर्चा होगी, यह बैठक कोई निर्णय लेने वाली बैठक नहीं है: आंबेकर
- बैठक में सभी सह सरकार्यवाह, कार्य विभाग प्रमुख और संघ प्रेरित 32 विविध संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्री उपस्थित रहेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक का आयोजन केशव कुंज (दिल्ली) में आज शुक्रवार 4 जुलाई से रविवार 6 जुलाई तक किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बृहस्पतिवार को केशव कुंज में पत्रकार वार्ता के दौरान बैठक में आने वाले विषयों के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर उनके साथ सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर, प्रदीप जोशी भी उपस्थित रहे।

आंबेकर ने बताया कि बैठक में मुख्यतः संगठनात्मक विषयों पर चर्चा होगी। यह बैठक कोई निर्णय लेने वाली बैठक नहीं है। प्रांतों में संगठन के कार्य की प्रगति व अनुभवों पर चर्चा होती है। कार्य विभागों के कार्य को लेकर भी चर्चा होती है। बैठक में सरसंघचालक, सरकार्यवाह भी उपस्थित रहेंगे। उनका मार्गदर्शन सभी कार्यकर्ताओं को प्राप्त होता है। बैठक में सभी सह सरकार्यवाह, कार्य विभाग प्रमुख और संघ प्रेरित 32 विविध संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्री उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि मार्च के पश्चात देशभर में अब तक 100 प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन हुआ है। जिसमें 40 वर्ष से कम आयु वर्ग के स्वयंसेवकों के 75 तथा 40 से 60 वर्ष की आयु वर्ग के स्वयंसेवकों के 25 वर्ग आयोजित हुए हैं। प्रशिक्षण वर्गों के दौरान सेवा विभाग सहित विभिन्न कार्य विभागों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। स्वयंसेवक स्थायी प्रकल्पों में भी लगते हैं, और आपदा के समय भी स्वयंसेवक सेवा कार्य में जुटते हैं। पुरी जगन्नाथ रथ यात्रा, अहमदाबाद विमान हादसे के दौरान भी स्वयंसेवक सेवा कार्य में लगे। उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष इस बैठक का मुख्य विषय है। सभी प्रांतों ने तैयारी की है, अपनी-अपनी योजना बनाई है।

उस पर बैठक में चर्चा होगी, बैठक के पश्चात इस संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। शताब्दी वर्ष का शुभारंभ नागपुर में 02 अक्तूबर को विजयादशमी उत्सव के साथ होगा। जिसमें पूजनीय सरसंघचालक जी उपस्थित रहेंगे। इसके पश्चात अगले एक वर्ष तक शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम चलेंगे। उसी दिन देशभर में शाखा/मंडल/बस्ती के स्तर पर उत्सव आयोजित होंगे। एक अन्य विशेष अभियान के तहत स्वयंसेवक घर-घर जाकर संपर्क करेंगे। गृह संपर्क अभियान के दौरान स्वयंसेवक संघ साहित्य देकर वार्ता करेंगे। देशभर में नगर/खंड ▶▶ शेष पेज 5 पर


---

भारत-पाक तनाव के बीच बढ़ेगी सशस्त्र सेनाओं की युद्धक क्षमता

## डीएसी ने दी 1.5 लाख करोड़ रुपये के 10 रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के साथ पश्चिम सीमा पर जारी तनाव के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक हुई। जिसमें कुल करीब 1.05 लाख करोड़ रुपए के 10 रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि बैठक के दौरान परिषद ने इन प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति यानी एओएन प्रदान किया है। 10 प्रस्तावों में तीनों सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना और नौसेना) के लिए बख्तरबंद रिकवरी



वाहनों, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, कॉमन इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की खरीद को डीएसी ने अपनी स्वीकृति दी है। यह खरीद तीनों सेनाओं को उच्च गतिशीलता, प्रभावी वायु रक्षा, बेहतर आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन प्रदान करेगी और उनकी परिचालन तैयारियों को मजबूत बनाएगी। मंत्रालय ने कहा कि डीएसी की बैठक में मूर्ड माइंस, माइन काउंटर ▶▶ शेष पेज 5 पर

## 150 नागरिक संगठनों ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र: वन अधिकार अधिनियम को कमजोर करने पर जताई गहरी चिंता

नई दिल्ली ▶▶ नई दिल्ली

देश के 150 से अधिक नागरिक संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर वन अधिकार अधिनियम, 2006 को कथित रूप से योजनाबद्ध तरीके से कमजोर करने में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की भूमिका पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। इस पत्र में पांच प्रमुख मुद्दों को रेखांकित किया गया है, जो न केवल आदिवासी और वनवासी समुदायों के अधिकारों को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि भारत की पारिस्थितिकीय सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रहे हैं। यह पत्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पर्यावरण मामलों के विशेषज्ञ जयराम रमेश द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा कर केंद्र सरकार से कई सवाल किये हैं। आदिवासी और वन क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों के लिए आजीविका और सांस्कृतिक पहचान जंगलों पर निर्भर है। वन अधिकार अधिनियम, 2006 का उद्देश्य इन समुदायों को उनके पारंपरिक भूमि और संसाधनों पर अधिकार प्रदान करना था, ताकि औपनिवेशिक काल और उसके बाद की नीतियों से हुए अन्याय को सुधारा जा सके। पत्र में इस बात पर जोर दिया गया है ▶▶ शेष पेज 5 पर

---




---

शिवराज सिंह चौहान ने जम्मू-कश्मीर के कृषि व ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा की

## श्रीनगर में एमआईडीएच योजना के तहत 150 करोड़ रुपए लागत का 'क्लीन प्लांट सेंटर' बनेगा: केन्द्रीय कृषि मंत्री

- 'कश्मीरी केसर के लिए टिश्यू कल्चर लैब, नर्सरी की स्थापना करेगी केंद्र सरकार'
- कहा, जम्मू-कश्मीर में कठुआ, बारामूला, अनंतनाग में क्वालिटी कंट्रोल लैब स्थापित की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को श्रीनगर स्थित राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ कृषि व ग्रामीण विकास के संबंध में विस्तारपूर्वक समीक्षा बैठक की। इस बैठक के बाद पत्रकार




वार्ता में शिवराज सिंह ने कहा कृषि को हम और कैसे बेहतर बनाएं, किसानों की ज़िंदगी और कैसे बेहतर हो, इसके लिए विस्तार से समीक्षा की गई है। खुशी है कि मुख्यमंत्री के साथ बैठकर हमने कई मुद्दों पर चर्चा की है। जम्मू-कश्मीर की एक पहल 'किसान खिदमत घर' यह बहुत अच्छी पहल है, जहां एक ही स्थान पर किसानों को कृषि से संबंधित सारी सुविधाएं दी जाती हैं। चौहान ने प्रसन्नता व्यक्त की कि जम्मू-कश्मीर में बागवानी की कई फसलें होती हैं। सेब, बादाम, अखरोट जम्मू-कश्मीर के किसान मेहनत से पैदा करते हैं, लेकिन एक समस्या यह है कि बागवानी के लिए जो प्लांट लाते हैं, कई बार दो-तीन साल बाद पता चलता है कि उनमें कोई वायरस-बैक्टीरिया आ गया, वे खराब निकल जाते हैं, इसलिए इस बात की जरूरत बताई गई है कि क्लीन प्लांट मिले, मतलब रोगरहित-बीमारियों से मुक्त प्लांट मिले, इस पर काम करने की जरूरत है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने घोषणा की कि श्रीनगर में केंद्र सरकार की एकीकृत बागवानी ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### दिल्ली विधानसभा की 11 नई समितियां गठितः विजेंद्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने वर्ष 2025–26 के लिए दिल्ली विधानसभा की 11 नई समितियों का गठन किया। इन समितियों में प्रतिनिधि विधान समिति, विशेषाधिकार समिति, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण समिति, पटल पर प्रस्तुत पत्रों की समिति, महिला एवं बाल कल्याण समिति, छात्र एवं युवा कल्याण समिति, पर्यावरण समिति, आचरण समिति, अल्पसंख्यक कल्याण समिति, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति और अनधिकृत कॉलोनियों से संबंधित विषयों पर समिति शामिली है। समितियों के महत्व को समझाते हुए अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि विधानसभा की बैठकें सीमित समय के लिए होती हैं, इसलिए सरकार के कामकाज की निरंतर निगरानी के लिए समितियां बेहद जरूरी हैं।

### एनडीएमसी का आम महोत्सव कल और परसो

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) विनय मार्ग पर चाणक्यपुरी, नई दिल्ली स्थित पालिका सेवा अधिकारी संस्थान (पीएसओआई) में दो दिवसीय (5 और 6 जुलाई) आम महोत्सव का आयोजन करने जा रही है। यह महोत्सव प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन 5 जुलाई, 2025 को दोपहर 12 बजे एक रंगारंग कार्यक्रम के साथ होगा। पीएसओआई के सचिव कृष्ण कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दो सरकारी आम अनुसंधान संस्थानों और आम उत्पादकों/किसान समितियों द्वारा '300 से अधिक आमों की किस्मों का इस आम महोत्सव में प्रदर्शन' किया जाएगा। इस आम महोत्सव में 'आम उत्पादों की बिक्री के लिए 25 आम विक्रेता अपने स्टाल लगाएंगे।' इस आम महोत्सव में 'आम की कुछ किस्में' जैसे अरुणिका, अंबिका, संसेसन, टॉमी, फजली, लंगड़ा, लखनऊ सफेदा, कच्चा मीठा, दूधिया गोला, मटका गोला, सफेदा अमीन, देसी किस्म, देसी गोला, देसी तुहारू, मुंजार अमीन, किस्म आजाद, गुलाब खास, गुलाब जामुन, दशहरी, आम्रपाली, हाथी झूल, मलिका, चौसा प्रदर्शित की जाएंगी।

### लाजपत नगर में वारदात, डांट से नाराज था आरोपी नौकर

# घरेलू सहायक ने मालकिन व बेटे को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के लाजपत नगर में डांट से नाराज एक घरेलू सहायक ने मालकिन और उसके किशोर बेटे की निर्मम तरीके से हत्या कर दी। बिहार के हाजीपुर निवासी आरोपी मुकेश (24) को उत्तर प्रदेश रेलवे पुलिस ने उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह ट्रेन से भागने की कोशिश कर रहा था। यह मामला तब प्रकाश में आया जब बुधवार देर रात मकान मालिक घर पहुंचा। पुलिस ने मां बेटे के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये एम्स भिजवाया है।

डीसीपी हेमंत तिवारी ने बताया कि कुलदीप सेवानी अपनी पत्नी रुचिका (42) और 14 साल के बेटे के साथ लाजपत नगर में रहते थे। उनका गारमेंट्स बिजनेस है। बुधवार रात घर का कोई सदस्य फोन पिक नहीं कर रहा था। इसके बाद वह करीब साढ़े नौ बजे घर पहुंचे। नौ बजकर 43 मिनट पर उन्होंने पुलिस को कॉल कर सूचना दी कि घर की सीढ़ियों पर खून के धब्बे हैं। दरवाजा बाहर से बंद था। पीसीआर और जांच दल मौके पर पहुंचे जहां घर का मुख्य दरवाजा बाहर से बंद था। घर की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर खून के धब्बे मिले। पुलिस घर का दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई। रुचिका और उसके बेटे का शव घर के अंदर खून से लथपथ हालत में पड़ा था। डीसीपी तिवारी ने बताया कि महिला का शव शयनकक्ष में मिला, उसका गला रेता हुआ था और बेटे का शव बाथरूम से बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि दोनों की धारदार हथियार से हत्या की गई थी। पुलिस के अनुसार घरेलू सहायक

- **आरोपी को यूपी रेलवे पुलिस ने ट्रेन से फरार होते समय दबोचा**

मुकेश घटना के बाद से गायब था। वह तीन-चार साल से परिवार के साथ काम कर रहा था। हालांकि वह घरेलू सहायक के रूप में कार्यरत था, लेकिन लाजपत नगर बाजार में कुलदीप और रुचिका की कपड़ों की दुकान में भी वह मदद करता था। इसके साथ ही उनके चालक के रूप में भी काम करता था। रुचिका का बेटा 10वीं कक्षा में पढ़ता था।

जांच से जुड़े पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया वारदात बुधवार शाम साढ़े सात बजे से साढ़े आठ बजे के बीच अंजाम दी गई। दिन के समय महिला ने घरेलू सहायक मुकेश को किसी बात पर डांटा था, जिसका बदला लेने के लिए उसने ऐसा किया। ऐसा प्रतीत होता है कि उसने पहले महिला की गला रेतकर हत्या की और उसके बाद लड़के को भी मार डाला। अधिकारी ने बताया कि दोहरे हत्याकांड की सूचना मिलने के बाद कई टीम गठित की गई और आरोपी की तस्वीर अन्य राज्यों की पुलिस व रेलवे पुलिस के साथ साझा की गई।

डीसीपी ने कहा कि वारदात को अंजाम देने के बाद मुकेश ने घर को बाहर से बंद कर दिया और अपना सामान लेकर भाग गया था।

तकनीकी निगरानी की मदद से मुकेश का पता लगाया गया और उत्तर प्रदेश रेलवे पुलिस ने उसे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर ट्रेन से उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह बिहार की ओर जा रहा था। आरोपी को पूछताछ और औपचारिक गिरफ्तारी के लिए दिल्ली लाया जाएगा।

हम आसपास के स्थानों की सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपी ने भागने से पहले घर से कहीं कोई कीमती सामान तो नहीं चुराया था।

# हत्या के प्रयास केस में शामिल दो आरोपी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




क्राइम ब्रांच की आईएससी टीम ने हत्या के प्रयास मामले में 24 घंटे के भीतर दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके नाम आकाश उर्फ गौरव उर्फ गोरी (24) और अखिल उर्फ नोनू (24) बताये गये हैं।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार बाहरी दिल्ली के राज पार्क एरिया में 29-30 जून की आधी रात को एक हत्या के प्रयास का मामला सामने आया था। दरअसल दो भाइयों सौरव और गौरव पर तीन लोगों ने धारदार हथियार से हमला किया था। पीड़ित गंभीर रूप से घायल हुये थे। वारदात के बाद हमलावर तुरंत मौके से फरार हो गए थे। शिकायतकर्ता गौरव के बयान के बाद राज पार्क थाने में मामला दर्ज किया गया था। इंस्पेक्टर सतेंद्र पूनिया के नेतृत्व में आईएससी क्राइम ब्रांच को फरार अपराधियों आकाश उर्फ गौरव उर्फ गोरी और अखिल उर्फ नोनू को पकड़ने के लिए लगाया गया था। इसके बाद हेड कांस्टेबल रविंदर राणा को आरोपियों के बारे में सूचना मिली। आकाश को नंगली सकरावती से गिरफ्तार किया गया, जबकि अखिल को सूर्या एन्क्लेव, रोहिणी से दबोचा गया।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **राजू पुत्रः** सुभाष **पताः** मकान नंबर 21, गली नंबर 4 शिव विहार, विकास नगर उत्तम नगर दिल्ली, ने **FIR No. 613/2021, U/s 33/38/58 Delhi Ex. Act थानाः विकास पुरी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजू,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 613/2021, U/s 33/38/58 Delhi Ex. Act थानाः विकास पुरी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राजू,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री ऋषभ कपूर
जेएमएफसी–05, कमरा नं. 09
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/8676/WD/2025
(Court Matter)


# युवक की हत्या और लूटपाट केस में चार नाबालिग दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बवाना इलाके में एक युवक की हत्या और लूटपाट के मामले में चार नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है। आरोपियों तक पहुंचने के लिये पुलिस को सैंकड़ों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने पड़े। इनके पास से मृतक का मोबाइल फोन, पर्स और अन्य दस्तावेज बरामद किये गये हैं। मामले की जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार 26 जून को पीसीआर को सूचना मिली थी कि बवाना औद्योगिक क्षेत्र के सी-ब्लॉक स्थित डीएसआईआईडीसी पार्क में एक अज्ञात व्यक्ति बेहोश और घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची और 30 से 35 साल की उम्र के गंभीर रूप से घायल शख्स को महर्षि बाल्मीकि अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में मृतक की पहचान अवधेश यादव के रूप में उसके भाई द्वारा की गई। मृतक उत्तर प्रदेश के देवरिया का रहने वाला था। पुलिस ने बताया कि इलाके के सैंकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बावजूद शुरुआत में कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया। पुलिस ने कहा कि बाद में जब इलाके में जांच की गई तो पता चला कि घटना के समय इलाके में कुछ लोगों की गतिविधियां संदिग्ध थी, जिसके बाद टीमों ने चार नाबालिगों पर ध्यान केंद्रित किया और सभी को पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान एक किशोर ने अपराध स्वीकार करते हुये बताया कि वारदात के समय वे युवक से लूटपाट कर रहे थे। उसी दौरान उन्होंने उसे चाकू मार दिया। इसके बाद उसका मोबाइल और पर्स लूटकर फरार हो गये थे।

### दर्दनाक हत्या पर पूरी दिल्ली सरकार साधे हुए है चुप्पी : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की नाक के नीचे लाजपत नगर में 42 वर्षीय एक महिला और उसके 14 वर्षीय बेटे की दर्दनाक हत्या पर पूरी दिल्ली सरकार चुप्पी साधे हुए है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने गुरूवार को दिल्ली सरकार को घेरते हुए यह बाते कही। उन्होंने कहा कि अनियंत्रित बिगड़ती कानून व्यवस्था के चलते बढ़ते अपराधों के कारण दिल्ली अपराधों की राजधानी बन चुकी है। यादव ने कहा कि रेखा गुप्ता एक महिला मुख्यमंत्री होते हुए दिल्ली में एक महिला हत्या पर कोई कार्यवाही करने की बजाय असंवेदनशीलता दर्शाना दिल्ली की जनता के प्रति उनकी निष्क्रियता को दर्शाता है। दिल्ली में आए दिन बलात्कार और महिला उत्पीड़न के मामले बढ़ते जा रहे है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **विशाल अग्रवाल, पुत्रः** राम सिंह अग्रवाल, **पताः** मकान नंबर 35, सेक्टर–37, फरीदाबाद, हरियाणा एवं ए–294, कालकाजी, **नई दिल्ली–19 FIR No. 80/2007 U/s: 408/419/420/468 IPC पुलिस थानाः कृष्णा नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल अग्रवाल,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल अग्रवाल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **विशाल अग्रवाल, FIR No. 80/2007 U/s: 408/419/420/468 IPC पुलिस थानाः कृष्णा नगर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
पी. भार्गव राव
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05,
कोर्ट नं. 3, पूर्वी जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट दिल्ली

DP/8693/SHD/2025
(Court Matter)


### कांग्रेस ने सीएम के सरकारी आवास को बताया 'फूलकुमारी निवास'

**नई दिल्ली।** दिल्ली की जनता जब बिजली कटौती, जल संकट और जल भराव से त्रस्त है, उस वक्त मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास 'फूलकुमारी निवास' को राजमहल में बदलने पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही हैं। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने गुरूवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर उक्त आरोप लगाते हुए यह बाते कही। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक चरण में ही बंगला संख्या-1 (राज निवास मार्ग) के नवीनीकरण पर करीब साढ़े 59 लाख रुपये की लागत आंकी गई है, जिसमें 11 लाख रुपये का एयर कंडीशनिंग और 6 लाख रुपये लाइट्स व झूमरों पर खर्च किए जा रहे हैं। इसके अलावा 2 लाख रुपये का विशेष गैर बाधित बिजली सिस्टम भी लगाया जा रहा है। यादव ने आशंका जताई कि मुख्यमंत्री आवास का यह खर्च भविष्य में कई गुना बढ़ सकता है, जैसा कि केजरीवाल सरकार के 'शीशमहल' प्रकरण में देखा गया था, तब आम आदमी पार्टी ने 110 करोड़ रुपये खर्च कर विलासिता का प्रतीक खड़ा किया था।

# एम्स ट्रॉमा सेंटर के निकट ट्रांसफार्मर में हुआ धमाका

**दमकल सेवा के कर्मचारियों ने पाया आग पर काबू, कोई हताहत नहीं**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर के निकट बृहस्पतिवार दोपहर एक ट्रांसफार्मर में धमाके के बाद आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि आग लगने की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। कुछ ही समय बाद आग पर काबू पा लिया गया था।

डीएफएस अधिकारी ने कहा कि हमें अपराह्न 3:34 बजे एम्स ट्रॉमा सेंटर के नजदीक एक ट्रांसफार्मर में धमाके के बाद आग लगने की सूचना मिली। हमने आठ दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा। ट्रांसफार्मर में लगी आग को 3:55 बजे बुझा दिया गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या ओवरलोड हो सकता है।

### जल वितरण नेटवर्क की दक्षता में सुधार के लिए चार माह की अवधि बढ़ाई

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड ने मालवीय नगर यूजीआर कमांड क्षेत्र के तहत जल वितरण नेटवर्क की दक्षता में सुधार के लिए चल रहे पीपीपी कार्य की संचालन एवं रखरखाव (ओएंडएम) अवधि 4 माह के लिए बढ़ाई गई। जल बोर्ड प्रशास ने गुरूवार को हुई बोर्ड बैठक के बाद यह जानकारी दी। प्रशासन ने बताया कि उपरोक्त चल रहे कार्य की संचालन एवं रखरखाव अवधि को बोर्ड बैठक में 4 माह तक बढ़ाने की स्वीकृति दी गई जिससे मालवीय नगर, ग्रेटर कैलाश, छतरपुर विधानसभा, अंबेडकर नगर और महरौली विधानसभा के कुछ भाग के निवासियों को निरन्तर सेवा मिलती रहे। इस दौरान जल की गुणवत्ता में सुधार, शिकायतों के समाधान, कुशल राजस्व संग्रहण और गैर-राजस्व जल में कमी देखी गई है। बताया गया कि बोर्ड ने वजीराबाद जल उपचार संयंत्र के कमांड क्षेत्र में एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) की वित्तीय सहायता से दिल्ली जल आपूर्ति सुधार परियोजनाओं को पुनः प्रारंभ करने की अनुमति दी। बोर्ड बैठक में सोनिया विहार समूह के तहत दो कॉलोनियों सोनिया विहार और श्रीराम कॉलोनी-में सीवरेज नेटवर्क प्रदान करने के कार्य को स्वीकृति दी गई। बोर्ड ने नजफगढ़ ड्रेनेज जोन के तहत गांवों खरखरी नाहर, खरखरी जाटमल, खरखरी रोड, पांडवाला कलां, पांडवाला खुर्द, हसनपुर, असलतपुर और दौलतपुर एवं अनधिकृत कॉलोनियों श्रीहंसनगर और हंसनगर में सीवरेज नेटवर्क प्रदान करने के कार्य को भी स्वीकृति दी है।


## विज्ञापन

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29क के प्रावधानों के अनुसार कोई भी राजनैतिक दल भारत निर्वाचन आयोग के साथ पंजीकृत होता है। संज्ञान में यह आया है कि निम्नलिखित पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों (RUPPs) द्वारा पिछले 06 वर्षों (वर्ष 2019 से) में कोई भी लोक सभा/विधान सभा आम चुनाव व उप चुनाव नहीं लड़ा गया है तथा राजनैतिक दल दिए गए पता पर वर्तमान में नही पाए गए हैं। इसलिए आयोग की हिदायतानुसार निम्न पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को आवश्यक कागजात / लिखित अभिवेदन जमा करवाने बारे तथा सुनवाई का मौका दिया जाता है।

| क्र. सं. | राजनैतिक दल का नाम | जिला | पता | आवश्यक कागजात/ लिखित अभिवेदन जमा करवाने की तिथि | सुनवाई की तिथि व समय | सुनावाई का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अपना राज फंट | झज्जर | म॰ नं0 1096, सैक्टर-7, बहादुरगढ़, हरियाणा | 20.07.2025 | 22.07.2025 प्रातः 10:30 बजे | कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा, 30 बेज बिल्डिंग, तृतीय तल. सैक्टर 17-बी. चण्डीगढ़ -160017 |
| 2 | बेरोजगार आदमी अधिकार पार्टी | फरीदाबाद | डी-2/329, शिव दुर्गा विहार, लक्कड़पुर, फरीदाबाद, हरियाणा | 20.07.2025 | 22.07.2025 प्रातः 11:00 बजे | |
| 3 | भारत (ईन्टीग्रेटीड) रक्षक दल | गुडगाव | नं॰ नं॰ 8-98, मेयफिल्ड गार्डन, सैक्टर-50, गुरुग्राम, हरियाणा-122018 | 20.07.2025 | 22.07.2025 प्रातः 11:30 बजे | |
| 4 | भारतीय जन हित विकास पार्टी | गुडगांव | 220, इन्द्रापूरी, जाकोबपूरा रोड़, गुडगांव, हरियाणा-122001 | 20.07.2025 | 22.07.2025 दोपहर 12:00 बजे | |
| 5 | गुड़गांव रेजिडेन्ट पार्टी | गुडगांव | सी-1927, सुशांत लोक-1, गुड़गांव-122002, हरियाणा | 20.07.2025 | 22.07.2025 दोपहर 12:30 बजे | |
| 6 | हरियाणा जनरक्षक दल | सोनीपत | 249/3, पार्क रोड़, आदर्श नगर, गोहाना, जिला सोनीपत, हरियाणा | 20.07.2025 | 22.07.2025 दोपहर 01:00 बजे | |
| 7 | हरियाणा कान्ति दल | कुरूक्षेत्र | बबैन रोड, लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा | 20.07.2025 | 22.07.2025 दोपहर 01:30 बजे | |
| 8 | हरियाणा स्वतन्त्र पार्टी | झज्जर | म॰नं॰ 154, गांव व पोस्ट जखौदा, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा | 20.07.2025 | 22.07.2025 दोपहर 02:00 बजे | |
| 9 | हिन्द समदर्शी पार्टी | गुड़गांव | एफ-64. ग्लैक्सी अपार्टमेन्ट, सैक्टर-43, गुड़गावं, हरियाणा-122002 | 20.07.2025 | 22.07.2025 दोपहर 02:30 बजे | |
| 10 | जनता उदय पार्टी | फरीदाबाद | 860, गली नं0 4, संजय इन्क्लेव, चाचा चौक, पर्वतीय कालोनी, एन॰आई॰टी॰, फरीदाबाद, हरियाणा | 20.07.2025 | 22.07.2025 दोपहर 03:00 बजे | |
| 11 | कर्मा पार्टी | गुड़गांव | दुकान नं॰ 1. हुड्डा मार्किट, लेजर वैली पार्क, किंगडम ऑफ ड्रीम्स के विपरीत, सैक्टर-29, गुड़गांव, हरियाणा-122002 | 20.07.2025 | 23.07.2025 प्रातः 10:30 बजे | |
| 12 | लोक परिवर्तन पार्टी (डीसी) | पानीपत | भापरा रोड़, विपरीत पुलिस चौकी, जी॰टी॰ रोड़, समालखा, जिला पानीपत, हरियाणा | 20.07.2025 | 23.07.2025 प्रातः 11:00 बजे | |
| 13 | मेरा गांव मेरा देश पार्टी | गुड़गांव | मं॰ नं0 142, गांव इस्लेगपुर, पोस्ट ऑफ साउथ सीटीना, गुड़गांव, हरियाणा-122018 | 20.07.2025 | 23.07.2025 प्रातः 11:30 बजे | |
| 14 | नेशनल जनहित कांग्रेस (एबी) | गुड़गांव | 043/5 प्यारे लाल बिल्डिंग, नजदीक सरकारी कॉलेज, महरौली रोड, गुड़गांव, हरियाणा | 20.07.2025 दोपहर 12:00 बजे | 23.07.2025 | |
| 15 | राष्ट्रीय आर्य राज सभा | रोहतक | 769/2. विजय पार्क, झंग कालोनी, रोहतक-124001, हरियाणा | 20.07.2025 | 23.07.2025 दोपहर 12:30 बजे | |
| 16 | राष्ट्रीय बुजुर्ग शक्ति पार्टी | झज्जर | मं॰नं0-144, गांव मांगावास, पोस्ट ऑफिस-पालरा, तहसील बेरी, जिला झज्जर, हरियाणा | 20.07.2025 | 23.07.2025 दोपहर 01:00 बजे | |
| 17 | राष्ट्रीय कर्मयोग पार्टी | करनाल | गांव व पोस्ट ऑफिस सुल्तानपुर, तहसील नीलोखेडी, जिला करनाल, हरियाणा-132116 | 20.07.2025 | 23.07.2025 दोपहर 01:30 बजे | |
| 18 | समरस समाज पार्टी | गुड़गांव | राजी जराई, मौजा-धमरोज, तहसील सोहना, जिला गुड़गांव, हरियाणा | 20.07.2025 | 23.07.2025 दोपहर 02:00 बजे | |
| 19 | सेवा दल | रोहतक | 532 (ओपीपी-126-आर) सी.आर. कॉलेज रोड़, मॉडल टाउन, रोहतक-124001, हरियाणा | 20.07.2025 | 23.07.2025 दोपहर 02:30 बजे | |
| 20 | सुशासन पार्टी | भिवानी | मं॰ नं0 558. गांव व डाक-बडसी, तहसील-बवानी खेड़ा, जिला भिवानी-127032, हरियाणा | 20.07.2025 | 23.07.2025 दोपहर 03:00 बजे | |
| 21 | टोटल विकास पार्टी | गुड़गांव | सी-95, दुसरी मंजिल, अर्दी सीटी, सैक्टर-52, गुड़गांव, हरियाणा-122011 | 20.07.2025 | 23.07.2025 दोपहर 03:30 बजे | |

अतः उपरोक्त सभी राजनैतिक दलों के अध्यक्ष / सचिव से अनुरोध है कि उक्त तालिका में दशार्ये गई तिथि अनुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें। यदि उक्त तिथियों तक राजनैतिक दल का कोई भी जवाब प्राप्त नही होता है तो यह मान लिया जाएगा कि राजनैतिक दल कुछ नहीं कहना चहता है तथा आयोग राजनैतिक दल को बिना सूचित किए आवश्यक आदेश पारित कर देगा।

संवाद-2270/11/1/2026/36208/सी/88/7 दि. 03.07.25

हस्ताक्षर, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा।


### दिल्ली की कॉलोनी और हर परिसर में होगा हरियाली का विस्तार : रेखा

# सीएम ने भारत मंडपम में 'वन महोत्सव 2025' का किया शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की हर कॉलोनी, हर स्कूल और हर परिसर में हरियाली का विस्तार होगा। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को भारत मंडपम में आयोजित वन महोत्सव 2025 का शुभारंभ अवसर के दौरान कही। रेखा गुप्ता ने वन महोत्सव के अवसर पर दिल्ली को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि अब यह अभियान केवल एक प्रतीकात्मक पहल नहीं, बल्कि एक समर्पित जनआंदोलन होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि दिल्ली को प्रदूषण के अंधकार से बाहर निकालने और एक स्वच्छ, सुरक्षित व हरित राजधानी के रूप




में विकसित करने के लिए सरकार पूरी ताकत से काम करेगी। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि दिल्ली को 'गैस चेंबर' से 'ग्रीन कैपिटल' में बदलने के लिए सरकार, समाज और प्रत्येक नागरिक को मिलकर काम करना होगा। इस अवसर पर सीएम रेखा गुप्ता के साथ पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, सांसद बांसुरी स्वराज, मुख्य सचिव धर्मेंद्र एवं स्कूलों के छात्र सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने स्कूल के ईको क्लब, आरडब्ल्यूए और वन विभाग के अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

### ऐसे वृक्ष लगाए जाएं जो जीवन को भी लाभ पहुंचाएं

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि पेड़ लगाना और बीज बोना केवल एक पर्यावरणीय कार्य नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र के प्रति एक प्रकार की सच्ची देशभक्ति है। यह भावना हम सभी के भीतर निरंतर बनी रहनी चाहिए ताकि हम पेड़ों की देखभाल करें और उनकी सुरक्षा और संरक्षण को भी अपनी जिम्मेदारी समझें। यही प्रकृति और देश के प्रति हमारी वास्तविक सेवा है। पिछली सरकारों की नीतियों की आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में पहले कभी इस दिशा में गंभीरता से नहीं सोचा गया कि ऐसे वृक्ष लगाए जाएं जो पर्यावरणीय संतुलन के साथ-साथ जीवन को भी लाभ पहुंचाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 27 वर्षों में किसी सरकार ने यह नहीं सोचा कि दिल्लीवासियों को स्वच्छ वायु कैसे उपलब्ध कराई जा सकती है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की कि दिल्ली में छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी लोग प्रदूषण की समस्या से जूझ रहे हैं।

## ज्ञापन देने के एक महीने बाद भी नहीं उठाया गया कूड़ा

# ‘आप’ पार्षदों ने महापौर कार्यालय के बाहर फेंका कूड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली में बदहाल सफाई व्यवस्था के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों ने गुरुवार को निगम मुख्यालय सिविक सेंटर स्थित महापौर कार्यालय के बाहर पहले जोरदार प्रदर्शन किया और फिर यहां कूड़ा फेंक दिया। इस दौरान निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग के नेतृत्व में आप पार्षदों ने भाजपा और महापौर के विरोध में नारेबाजी भी की। नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने विरोध प्रदर्शन के दौरान तख्तियां दिखाते हुए कहा कि निगम पार्षद महापौर से मुलाक़ात कर सेंट्रल ज़ोन समेत पूरी दिल्ली की बदहाल सफ़ाई व्यवस्था पर जवाब मांगने पहुंचे थे, लेकिन वह कार्यालय से ग़ायब मिले। इसलिए मजबूर होकर दिल्ली की जनता के हितों के लिए ‘आप’ पार्षदों ने महापौर कार्यालय के बाहर कचरा फेंक कर नारेबाजी की। नारंग ने कहा कि हमने महापौर राजा इकबाल सिंह को 4 जून 2025 को सेंट्रल जोन में सफाई व्यवस्था को लेकर ज्ञापन दिया था 3 जुलाई को एक महीना हो गया लेकिन अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया। अंकुश नारंग ने कहा कि राजा इकबाल सिंह को शर्म आनी चाहिए। उन्हें तुरंत प्रभाव से इस्तीफा दे देना चाहिए। उनका इस सीट पर बैठने का कोई अधिकार नहीं है। एक पार्षद की मूल जिम्मेदारी है कि इलाके में सफाई करवाएं। अब साउथ, वेस्ट, सिविल लाइंस जोन समेत महापौर के इलाके मजलिस पार्क में भी कूड़े का पहाड़ बनने लगा है। अगर महापौ कूड़ा निपटारा नहीं कर सकते, तो बड़े-बड़े वादे करके दिल्ली की सत्ता में क्यों काबिज हुए? चार इंजन की सरकार होने के बावजूद यह सरकार पूरी तरह फेल है।

### समाधान होने तक संघर्ष करेगी आप

एमसीडी में ‘आप’ के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि सेंट्रल ज़ोन की हालत बदतर है। हर गली, हर सड़क पर कूड़े का अंबार है। जनता परेशान है, लेकिन भाजपा सिर्फ कुर्सी की राजनीति में व्यस्त है और ज़मीन पर काम शून्य है। ‘आप’ दिल्लीवालों की आवाज़ बनकर हर गली का मुद्दा उठाएगी और समाधान होने तक संघर्ष करेगी।

### जनता के मिलने के समय बाहर पार्टी कर रहे थे महापौर : अंकुश

अंकुश नारंग ने कहा कि सोमवार और गुरूवार को दोपहर दो से चार बजे तक महापौर का जनता से मिलने का समय होता है। ‘आप’ ने गुरूवार को दोपहर 2.15 बजे आंदोलन किया और 3 बजे तक वहां रहे। यह महापौर से मिलने का समय था, लेकिन महापौर राजा इकबाल सिंह अपने कार्यालय में उपलब्ध नहीं थे। क्योंकि वह गुड़गांव के मानेसर में पार्टी कर रहे थे, जबकि सिविक सेंटर खुला था, कर्मचारी और पूरा स्टाफ ड्यूटी पर था। फिर भी महापौर दिल्ली में मौजूद नहीं थे।

### निगम मुख्यालय को भी कूड़ादान समझ बैठे हैं आप नेता : महापौर



नई दिल्ली। दिल्ली को कूड़ेदान बनाने वाले अब निगम मुख्यालय को भी कूड़ादान समझ बैठे हैं। दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह ने गुरूवार को आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए यह आरोप लगाए। उन्होंने ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता जनता द्वारा ठुकराए जाने पर हताश और निराश हैं। इसी बौखलाहट में वे निम्न स्तर की राजनीति करने पर उतर आए हैं। महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा है कि आम आदमी पार्टी के पार्षदों का दिल्ली नगर निगम मुख्यालय स्थित महापौर कार्यालय के बाहर कूड़ा फेंकना उनकी पार्टी की अराजक सोच को दर्शाता है। आम आदमी पार्टी दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम, दोनों जगहों पर असफल साबित हुई है। इसी के फलस्वरूप दिल्ली की जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। आम आदमी पार्टी ने देश की राजधानी दिल्ली को अपने शासनकाल में कूड़ेदान में परिवर्तित कर दिया था। महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी के पास कोई राजनीतिक विजन नहीं है। दिल्ली को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए आम आदमी पार्टी के पास कोई रचनात्मक दृष्टिकोण नहीं है। परिणामस्वरूप वे शोर-शराबे और गुंडागर्दी की राजनीति करने पर मजबूर हैं। आम आदमी पार्टी के विपरीत भारतीय जनता पार्टी की सरकार एक-एक करके दिल्ली के नागरिकों के हित में अहम फैसले ले रही है।

### शेल्टर होम्स में की जाए बेहतर देखभाल : इंद्राज

**नई दिल्ली।** शेल्टर होम में रहने वाली सभी महिलाओं को बेहतर



देखभाल, स्वास्थ्य सुविधाएं, पोषणयुक्त आहार और समुचित मानसिक परामर्श सुनिश्चित किया जाए। इस बात के निर्देश दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने गुरुवार को रोहिणी सेक्टर-3 स्थित मानसिक रूप से दिव्यांग महिलाओं के शेल्टर होम नव किरण का औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए। इस दौरे के दौरान उपायुक्त नगर निगम और समाज कल्याण अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री इंद्राज ने इस दौरान कहा कि दिव्यांगजनों की गरिमा और सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने परिसर में जरूरी आधारभूत सुविधाओं में सुधार के लिए शीघ्र कार्य योजना तैयार कर क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए। मंत्री इंद्राज ने आवासीय परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सुविधाओं को लेकर संवाद किया।

## जल मंत्री की अध्यक्षता में हुई दिल्ली जल बोर्ड की बैठक

### कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को दी गई मंजूरी




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और भूमि विकास एजेंसियों की जल और सीवरेज योजनाओं को अब दिल्ली जल बोर्ड मंजूरी भी देगा और योजनाओं को क्रियान्वयन भी करेगा। इस फैसले सहित कई अन्य महत्वपूर्ण फैसले जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह अध्यक्षता में हुई जल बोर्ड की बैठक में लिए गए। बोर्ड में लिए गए फैसलों की जानकारी गुरुवार को जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने प्रैसवार्ता में दी है। जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि डीडीए और भूमि विकास एजेंसियों की जल/सीवरेज योजनाओं को मंजूरी देने व क्रियान्वयन की पूरी जिम्मेदारी अब दिल्ली जल बोर्ड की होगी। वहीं मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि इसके अलावा इंजीनियरों की भर्ती और अनुभवी सलाहकारों की नियुक्ति करने की मंजूरी दी गई। मंत्री ने बताया कि जीएजीई (गेट)के माध्यम से युवा इंजीनियरों की भर्ती, पूरी तरह मेरिट के आधार पर की जाएगी। वहीं अनुभवी सेवानिवृत्त पीएसयू अधिकारियों को सलाहकार के रूप में नियुक्त किया जा रहा है। ये सलाहकार केवल सलाहकार भूमिका में रहेंगे, इन्हें कोई वित्तीय अधिकार नहीं होंगे। मंत्री प्रवेश ने कहा कि पिछली सरकार की नाकामी के चलते शादीपुर डिपो के पास कठपुतली कॉलोनी पुनर्वास परियोजना के लिए जल आपूर्ति और डीडीए द्वारा नरेला सेक्टर जी7/जी8, पॉकेट-11 में एलआईजी और ईडब्ल्यूएस हाउसिंग प्रोजेक्ट हेतु जल योजना अटग गई। लेकिन अब बोर्ड की नई मंजूरी के साथ, डीजेबी इन सभी योजनाओं को सीधे संभालेगा और आगे बढ़ाएगा, जिससे समयबद्ध क्रियान्वयन, सेवा गुणवत्ता में सुधार और आईएफसी से राजस्व की शीघ्र प्राप्ति सुनिश्चित होगी। जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि जल बोर्ड की बैठक में मंजूर योजनाएं न केवल लाखों लोगों को सीधे लाभ पहुंचाएंगी, बल्कि यमुना नदी में प्रदूषण को कम करेंगी, जल वितरण को समान बनाएंगी और वर्षों से लंबित पुनर्वास कार्यों को गति देंगी।

### शिक्षकों के लिए स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन

नई दिल्ली। पीतमपुरा स्थित सीडी ब्लॉक स्थित महाराजा अग्रसेन स्कूल में एक विशेष स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के शिक्षकों को गर्दन दर्द, कंधे के दर्द, सिर दर्द, आंखों में भारीपन जैसे सामान्य किन्तु उपेक्षित लक्षणों का उपचार घर पर करने के सरल उपाय बताए गए। इस कार्यशाला में क्षेत्रीय पार्षद व फिजियोथैरेपी, योग, एक्यूप्रेशर व प्राकृतिक चिकित्सा के विशेषज्ञ डॉ. अमित नागपाल ने बताया कि आज के समय में गलत पोस्चर, मोबाइल का अत्यधिक उपयोग और मानसिक तनाव के कारण गर्दन दर्द एक आम समस्या बनती जा रही है। डॉ. नागपाल ने कहा कि क्षेत्र के पार्षद होने के बाद मुझे यह वर्कशॉप लेने का सौभाग्य मिला। राजनीतिक क्षेत्र में रहते हुए जब इस प्रकार समाज सेवा का कार्य करने का अवसर मिलता है, तो जो आत्मिक शांति और सुखद एहसास होता है, वह एक मां की गोद जैसी शांति देने वाला अनुभव होता है।


### एनडीएमसी अध्यक्ष ने सफाई कर्मियों आदि को बांटे रेनकोट और छाते



नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने गुरूवार को सफाई कर्मियों और मालियों के साथ-साथ उनके सुपरवाइजर को नगर निकाय की ओर से रेनकोट और छाते वितरित किए। पालिका परिषद की इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राजधानी के अग्रिम पंक्ति के सफाई कर्मचारी, बागवानी क्षेत्र के कर्मचारी और उनके सुपरवाइजर मानसून के मौसम में भी सुरक्षित और आराम से अपने आवश्यक कर्तव्यों को जारी रख सकें। यह छाता और रेनकोट वितरण समारोह नई दिल्ली क्षेत्र के रोल कॉल सेंटर में हुआ, जहां केशव चंद्रा ने व्यक्तिगत रूप से सफाई कर्मियों और बागवानी क्षेत्र के कर्मियों - मालियों को 2600 रेनकोट सौंपे। उन्होंने उनके सुपरवाइजरों को 200 छाते भी वितरित किए। ये सुरक्षात्मक साधन उन्हें मौसम की चुनौतियों के बावजूद बिना किसी व्यवधान के अपनी जिम्मेदारी निभाने में सक्षम बनाएगा।

### दिल्ली सरकार ने सीएक्यूएम से एंड ऑफ लाइफ वाहनों को ईंधन ना देने वाले फैसले को वापस लेने का किया अनुरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने एंड ऑफ लाइफ वाहनों को ईंधन ना देने वाले फैसले को वापस लेने के लिए गुरुवार को कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) से अनुरोध किया है। इस बाबत दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरुवार को एक पत्र सीएक्यूएम को लिखा है। मंत्री सिरसा ने अपने पत्र में आग्रह किया है कि लाखों नागरिकों की रोजमर्रा की जिंदगी और आजीविका इन वाहनों पर निर्भर है। अचानक ईंधन आपूर्ति रोके जाने से ट्रांसपोर्ट, व्यापार, और निजी जीवन में गंभीर अव्यवस्था उत्पन्न हो रही है। दिल्ली सरकार मानती है कि वायु गुणवत्ता के संरक्षण के प्रयासों के साथ-साथ आम जनता की कठिनाइयों को भी मानवीय दृष्टिकोण से देखना जरूरी है। इसलिए दिल्ली सरकार सीएक्यूएम के इस निर्णय पर पुनर्विचार करने और जनहित में इसे वापस लेने आग्रह करती है ताकि नागरिकों को राहत मिल सके।

**खबर संक्षेप**

## कुंडल लूटने वाले पिता पुत्र गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना मुरादनगर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान कुंडल छीनने की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों गिरफ्तार किया है। खासबात यह है कि गिरफ्तार आरोपी पिता-पुत्र हैं और मिलकर लूट की वारदातों को अंजाम देते हैं। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। उनके कब्जे से 1 अवैध 315 बोर तमंचा, 01 खोखा कारतूस 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक जोड़ी कान के कुंडल व 01 प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद हुई हैं।



## रुपए निकालने के आरोपी को भेजा जेल

**गुरुग्राम।** सेक्टर-50 थाना एरिया में डेबिट कार्ड बदलकर रुपए निकालने के आरोपी को पुलिस ने पलवल से काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत से एक दिन का पुलिस हिरासत रिमांड लेकर पूछताछ की और छह हजार रुपए की नकदी बरामद की। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दरअसल, सेक्टर-50 थाना में एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी ।



## छात्रा ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

**गुरुग्राम।** शहर के सेक्टर-14 एरिया में मानसिक रूप से बीमार दसवीं कक्षा की छात्रा ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। छात्रा स्कूल से घर आई थी। इस दौरान उसकी मां घर पर नहीं थी और पिता ड्यूटी पर गए थे। मौके पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और कार्रवाई शुरु कर दी। 15 वर्षीय किशोरी एक निजी स्कूल में दसवीं कक्षा की छात्रा थी। परिजनों ने बताया कि वह काफी समय से बीमार चल रही थी। कल पिता ड्यूटी पर गए थे और मां भी किसी काम से गई थी तब उसने यह कदम उठाया।



# मोदीपुरम में कृषि विश्वविद्यालय के नजदीक बन रहा नमो भारत का दूसरा डिपो

### मोदीपुरम में नमो भारत के डिपो पर तीव्र गति से जारी कार्य, मेट्रो स्टेशन भी हो रहा तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

मेरठ के मोदीपुरम में नमो भारत के निर्माणाधीन दूसरे डिपो पर सिविल कार्य तीव्र गति से जारी है।

मोदीपुरम में कृषि विश्वविद्यालय कैंपस के पास नमो भारत के इस दूसरे डिपो का निर्माण हो रहा है। नमो भारत डिपो के पास एनसीआरटीसी मेरठ मेट्रो स्टेशन भी बना रहा है, जिससे आसपास के इलाकों जैसे पावली खास, दौराला, सकौती और पावरसा गांव में रहने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी।



दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का एक डिपो फिलहाल दुहाई गाजियाबाद में संचालित है। वर्तमान में नमो भारत ट्रेनों का संचालन और रखरखाव दुहाई स्थित इसी डिपो से किया जा रहा है। जल्द ही दिल्ली-मेरठ के संपूर्ण कॉरिडोर पर संचालन शुरू होने के बाद दूसरे डिपो की आवश्यकता बढ़ जाएगी। इन्हीं जरूरतों को पूरा करने के लिए मोदीपुरम में दूसरे डिपो को निर्माण हो रहा है। डिपो के साथ-साथ बन रहा मेट्रो स्टेशन अपने आकार में आ चुका है। इसकी छत का काम तेजी से चल रहा है। इसके साथ ही यहां डिपो संचालन केंद्र (डीसीसी) भी तैयार किया जाएगा। डिपो के अंदर ट्रेनों की आवाजाही, संचालन व नियंत्रण आदि कार्यों के लिए डीसीसी बनाया जाता है। मोदीपुरम में इसी डिपो पर ट्रेन वर्कशॉप भी तैयार की जा रही है, जहां पर नमो भारत और मेरठ मेट्रो ट्रेनों का रखरखाव किया जाएगा। डिपो के पास स्टैबलिंग लाइनें भी बिछाई जा रही हैं। इसके साथ ही 1.2 किलोमीटर लंबा टेस्ट ट्रैक भी होगा, जिस पर ट्रेनों की टेस्टिंग होगी। डिपो में स्वदेश में निर्मित मशीनरी और उपकरणों का प्रयोग होगा जो कि पहले से ही नमो भारत के संचालन में होता आ रहा है।

डिपो स्क्रैप यार्ड और अन्य कार्यालय भी तैयार किए जाएंगे जैसे निरीक्षण वर्कशॉप (आईडब्ल्यूएस), परमानेंट-वे ऑफिस (रेल ट्रैक जांच के लिए) आदि। ट्रेन संचालन की जांच के लिए 4 निरीक्षण बे-लाइन (आईबीएल) और 4 वर्कशॉप लाइन होंगी। इसके अलावा मोदीपुरम स्थित डिपो में स्टेबलिंग लाइन का निर्माण भी किया जाएगा, जिनपर नमो भारत और मेरठ मेट्रो की कुल 34 ट्रेन खड़ी हो सकेंगी।

आईबीएल लाइनें ट्रेनों की टेस्टिंग के लिए बनाई जाती हैं जबकि स्टैबलिंग लाइनों का प्रयोग ट्रेनों को खड़ा करने के लिए किया जाता है। वर्कशॉप लाइनों पर ट्रेनों के रखरखाव और तकनीकी खराबियों को दुरुस्त किया जाता है। हैवी इंटरनल क्लीनिंग लाइन पर ट्रेनों के भीतर की सफाई की जाती है। आईबीएल लाइनों पर ट्रेन की स्टैटिक और डायनामिक दो तरह की टेस्टिंग की जाती है। इस टेस्टिंग के बाद ट्रेन को मेन लाइन पर चलाने की प्रक्रिया आरंभ होती है।

### पुलिस अधिकारियों ने कांवड़ यात्रियों की समस्याएं और असुविधाएं बतलाईं

# कांवड़ यात्रा में दुर्घटनाएं रोकने के लिए हर वाहन चालक का एल्कोमीटर टेस्ट हो: कमिश्नर गौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड़ ने गुरुवार को कहा कि पुलिस विभाग व जिला प्रशासन कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सकुशल संपन्न कराने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी वाहन दुर्घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रत्येक वाहन चालक का एल्कोमीटर टेस्ट कराया जाएगा। ताकि कोई भी शराब पीकर वाहन न चला सके। वह पुलिस लाइंस स्थित परमजीत हॉल में गुरुवार को कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सकुशल संपन्न कराने के लिए आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी दीपक मीणा ने की। बैठक में गाजियाबाद क्षेत्र में कांवड़ यात्रा मार्ग पर ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), सहायक पुलिस आयुक्तों (एसीपी) द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में कांवड़ यात्रियों एवं जनता को होने वाली समस्याओं, सुरक्षा एवं असुविधाओं से अवगत कराया गया।

जिसमें कुछ जगह सड़कों को गड्ढामुक्त कराने, जलभराव होने वाल क्षेत्रों में जलनिकासी की व्यवस्था करवाने, कई जगह पर पहले की अपेक्षा अतिरिक्त मोबाईल टॉयलेट लगवाने, अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था बढ़ाने, विशेष जगहों पर सुरक्षा की दृष्टि से ट्रांसफार्मरों की कवरिंग करवाने, लटकी हुई विद्युत तारों को ऊंचा करवाने, आवश्यकतानुसार एवं दुर्घटनाग्रस्थ स्थलों के दृष्टिगत नई जगहों पर एम्बुलेंस की व्यवस्था करवाने, बैरिकेडिंग को मजबूत लगवाने, कांवड़ मार्ग से मदिरा/नशे की दुकाने हटवाने, मीट शॉप हटवाने, सीसीटीवी लगवाने, गुलर आदि के वृक्ष हटवाने जिससे कांवड़ यात्रियों को समस्या ना हो, झाड़ियां साफ करवाने, पब्लिक एड्रेसिंग सिस्टम की गुणवत्ता की जांच करते हुए लगवाने के निर्देश दिए गए।



### व्यवस्था को सही रखने अन्य कई बिंदुओं पर क्षेत्रवार चर्चा हुई

मोदीनगर तहसील के पास बम्बा,छोटा हरिद्वार,गंग नहर में सुरक्षा एवं सावधानी की दृष्टि से मजबूत बैरिकेडिंग करवाना, कांवड़ मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्यों को शीघ्र करवाने या कांवड़ यात्रा की व्यवस्था के अनुरूप करवाना साथ ही कांवड़ यात्रा के दौरान सफाई व्यवस्था को सही रखने सहित अन्य बिन्दुओं पर क्षेत्रवार चर्चा हुई। पीडब्लूडी, जल निगम, विद्युत विभाग, सम्बंधित अधिशासी अभियंताओं, स्वास्थ्य विभाग, जिला पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका अधिकारियों ने कहा कि 11 जुलाई से पूर्व ही सभी कार्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि हम संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए कांवड़ यात्रा के दौरान सफाई-व्यवस्था, पेयजल, मोबाईल टॉयलेट आदि की व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखेंगे। पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए सफाई हेतु समय निर्धारित करते हुए कांवड़ मार्ग को स्वच्छ बनाकर रखेंगे।

### कांवड़ मार्ग को सुंदर बनाएं

बैठक में कहा गया कि इस बात का भी ध्यान रखना है कि जब तक आपका कोई रिपेलेसमेंट नहीं आता तब तक आप अपनी ड्यूटी पर बने रहें। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि कांवड़ यात्रा से संबंधित कार्यों को करने हेतु अंतिम क्षण का इंतजार ना करें, सभी कार्यों और व्यवस्थाओं को पहले से ही पूर्ण कर लें। कांवड़ मार्ग को गड्ढामुक्त बनाते हुए विद्युत व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था का कार्य पूर्ण करते हुए कांवड़ मार्ग को सुंदर बनायें। सुरक्षा की दृष्टि से विद्युत विभाग विद्युत खम्भों पर लगभग 5 फीट तक प्लास्टिक से कवरिंग करें। कांवड़ मार्ग से झाड़ियां आदि की सफाई करते हुए जल निकासी के उचित प्रबंध करें।

### 12 जुलाई को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

## दोनों पक्षों की सहमति से निपटाए जाएंगे मामले: सीजेएम यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 12 जुलाई शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जिला न्यायालय परिसर सेक्टर-12, फरीदाबाद में संपन्न होगा। लोक अदालत का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संदीप गर्ग के कुशल मार्गदर्शन और सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रितु यादव के सक्षम नेतृत्व में किया जा रहा है। इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित अधिक से अधिक मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से सौहार्दपूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है, जिससे आम जनता को त्वरित, सरल, सस्ता और सुलभ न्याय मिल सके। सीजेएम रितु यादव ने आमजन से अपील की है कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं और अपने लंबित मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निपटाने हेतु न्यायालय में संपर्क करें। इस प्रक्रिया में किसी भी पक्ष को कोई भी कोर्ट फीस अदा नहीं करनी पड़ती और यदि पहले से कोर्ट फीस अदा की गई है तो वह राशि नियमानुसार वापिस दी जाती है। लोक अदालत में पारित निर्णय अंतिम होता है तथा उसके विरुद्ध कोई अपील नहीं की जा सकती, जिससे विवाद का स्थायी व त्वरित समाधान संभव हो पाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन से न्यायिक प्रणाली पर भार कम होगा और समाज में आपसी सद्भाव एवं विश्वास को बल मिलेगा।

### बाढ़ एवं जलभराव की आशंका के दृष्टिगत जिला प्रशासन सतर्क: डीसी

**फरीदाबाद।** हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा 2 जुलाई को बाढ़ और जलभराव की स्थिति की समीक्षा हेतु आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में, उपायुक्त विक्रम सिंह ने जिले में संबंधित सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने मुख्यालय, स्टेशन पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या **230-TRS-GZB-2024-25-29-RT** के आधार पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का विवरण | 'Changing of Transformer of WAP5/WAP7 locomotives' for the period of 12 months at Electric Loco Shed Ghaziabad. |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | ₹ 48,82,250.00 |
| 3 | धरोहर राशि | ₹ 97,700.00 |
| 4 | निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समय | 31.07.2025 (11:00 Hrs.) |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 31.07.2025 (After 11:00 Hrs.) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

नोटः (i) निविदाकर्ता को ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं हैं।

संख्याः 230-TRS-GZB-2024-25-29-RT दिनांकः 02.07.2025 2005/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पांच हजार प्राइमरी व जूनियर स्कूलों के विलय के विरोध में भड़की कांग्रेस, कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन

### *कांग्रेसियों ने योगी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

पांच हजार प्राइमरी व जूनियर स्कूलों के विलय के विरोध में जिला व महानगर कांग्रेस ने गुरुवार को कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने प्रदेश की योगी सरकार के नारेबाजी की। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा डासना व महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव के नेतृत्व में अनेक कांग्रेसी कलक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने सरकार की विलय (मर्ज) नीति को युवा, छात्र के लिए बेरोजगार विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि सरकार का यह फैसला पूरी तरह से अव्यावहारिक है और शिक्षा में रुकावट डालने का कृत्य है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा इसके पीछे गरीब लोगों को शिक्षा से वंचित करना है ताकि गरीब लोग शिक्षित ना हो सके और गुमराह होकर उनकी खराब नीतियों पर चलते रहे उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस निर्णय को बर्दाश्त नहीं करेगी और आंदोलन को लगातार जारी रखेगी।



उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि सरकार का यह निर्णय बेहद चौंकाने वाला है। जहां योगी सरकार शिक्षा के लेकर बड़े-बड़े दावे करती है वही यह निर्णय सीधे-सीधे शिक्षा व्यवस्था पर प्रहार है ।

सतीश शर्मा ने कहा कि यह बेहद गंभीर बात है आम आदमी को भी इसके खिलाफ सरकार के खिलाफ आंदोलन करना चाहिए। इस अवसर पर एक ज्ञापन भी जिला प्रशासन को सौंपा गया।

प्रदर्शन करियों में पूर्व एमएलसी हरेंद्र अग्रवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश त्यागी के अलावा त्रिलोक सिंह हाजी खलील,अश्वनी त्यागी, महेंद्र जाटव, सविता गौतम कमलेश कुमारी प्रमुख रूप से शामिल थे।

## युवतियों के सपनों को पंख लगा रहा रोटरी क्लब

**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब आफ फरीदाबाद वन द्वारा आज एसजीएम नगर स्थित वृंदा पब्लिक स्कूल में सिलाई सेंटर की शुभारंभ किया गया। स्कूल में शुरु किए गए इस सिलाई सेंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने किया। इस मौके पर क्लब के नवनियुक्त प्रधान राजीव सूद, रोटेरियन विनय भाटिया, वीरेंद्र मेहता, पुनीता भाटिया, राहुल मखीजा, राजेंद्र गुलाटी, संजय जुनेजा,पंकज पसरीचा, जवाहर गुलाटी, पीएल जुनेजा, निकिता मेहरा ने महिलाओं को प्रोत्साहित किया। वहीं इस प्रोजैक्ट में डा. विजय लक्ष्मी व रोटेरियन बीनू शर्मा आदि।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **जितेन्द्र उर्फ रवि** पुत्र बच्चू सिंह, निवासी- 15/95, द्वितीय तल, गीता कॉलोनी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 240/2018 धारा 356/379 भा.द.स, थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जितेन्द्र उर्फ रवि** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जितेन्द्र उर्फ रवि** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **जितेन्द्र उर्फ रवि, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 240/2018 धारा 356/379 भा.द.स, थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.10.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री पी. भार्गव राव**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05
कमरा नं 03, द्वितीय तल
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/8565/SHD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक, पुत्रः किशन लाल, पताः 52–ए, शिवाजी गली मेन रोड, चंदर नगर, कृष्णा नगर, गांव घोंडली, दिल्ली** ने **FIR No. 401/2022, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दीपक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 401/2022, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. भार्गव राव
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
पूर्वी जिला, कमरा नं. 03
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/8558/SHD/2025

# ननि सफाई कर्मचारी यूनियन के कार्यकर्ताओं की बैठक में 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेने का किया फैसला : बलवीर

### *सरकार सफाई कर्मचारियों का सफाई अभियान के नाम पर शोषण कर रही*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा की इकाई नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के कार्यकर्ताओं की बैठक में 9 जुलाई की राष्ट्रीय व्यापी हड़ताल में भाग लेने का किया फैसला। नगर निगम कॉन्फ्रेंस हॉल में कार्यकर्ताओं की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर ने कहा कि सरकार प्रदेश के सफाई कर्मचारियों का सफाई अभियान के नाम पर शोषण कर रही है, सरकार ने 5 वर्षों में सफाई कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी नहीं की और अब 27000 रुपए की घोषणा कर मुख्यमंत्री अपनी घोषणा से पीछे हट गए हैं। बालगुहेर ने कहा कि सरकार ने प्रदेश में सफाई कर्मचारी और सीवर कर्मचारियों की 11 वर्षों में पक्की भर्ती नहीं करना अन्याय है। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि बिरादरी के लोग अधिकतर सफाई का पेशा करते हैं और सफाई कर्मचारियों की नौकरी पक्की न करना सरकार का घोर दलित विरोधी कृत्य है। इस बैठक में ननि कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान दिलीप सिंह बहोत व जिला सचिव अनिल चिंडालिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प नरवाना | जीन्द जिले में गांव गुरूसर में राजकीय पशु चिकित्सालय (जीवीएच) का निर्माण। | 02.07.2025 08.07.2025 | 33.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में घरौंडा निर्वाचन क्षेत्र में घरौंडा में एनसीसी अकेडमी (मेस ब्लॉक का बकाया कार्य) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 10.07.2025 | 206.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-kamal@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज, कैथल | गांव पाडला में महिला मंडल केन्द्र में बाथरूम और टॉयलेट का निर्माण + 2 कार्य। | 02.07.2025 07.07.2025 | 16.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416775366 kaithalsdopr@gmail.com |
| 4 | बागवानी विभाग हरियाणा, पंचकूला | बागवानी विभाग, हरियाणा द्वारा विभिन्न केन्द्रों/जीजीएनएस में ग्रीनहाउसेज की मरम्मत और ग्रीनहाउस मेटीरियल की आपूर्ति के लिए पैनल तैयार करने हेतु इच्छुक फर्मों से रूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जाती है। | 04.07.2025 21.07.2025 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 5 | लोनिवि भ व प, हिसार | हिसार में एयरपोर्ट स्टाफ के एक्मॉडेशन हेतु सिरसा रोड पर जीएलएफ में स्थित मुख्य अधीक्षक (श्रेणी-I) के लिए एक अदद आवास की विशेष मरम्मत (ई.आई. का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 02.07.2025 09.07.2025 | 6.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज, करनाल | खराब पानी के नाले के निर्माण हेतु विस्तृत आकलन (लोनिवि रोड से पंचायती भूमि तक)। | 02.07.2025 11.07.2025 | 6.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प, पलवल | पलवल जिले में कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा पलवल में होडल निर्वाचन क्षेत्र में आरडी 0.00 से 21.58 तक बामनीखेड़ा से हस्सनपुर रोड पर मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत (आईडी 3457) (हैड-5054-ग्रुप-5 के तहत) (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 14.07.2025 | 592.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प, पलवल | पलवल जिले में कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा पलवल में हथीन निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न 2 अदद रोड के मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत, एचएसएएमबी से लोनिवि को हस्तांतरित आरडी 0.00 से 3.55 कि.मी. तक हथीन से मानपुर (आईडी 12148) और आरडी 0.00 से 3.59 कि.मी. तक होडल कोट नूह रोड से रानियाला खुर्द (आईडी 3380) (हैड 5054-ग्रुप-13 के तहत) (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 10.07.2025 | 413.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2026/160/36227/I/88/7 दि. 03.07.25

नियमावली 1950 में बड़ा संशोधन

# 29 खतरनाक श्रेणी के कारखानों में काम कर सकेंगी महिलाएं

*योगी सरकार ने महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक और कदम उठाया है। अब महिलाओं को कुछ विशेष शर्तों के साथ खतरनाक श्रेणी के सभी 29 प्रकार के कारखानों में काम करने की अनुमति दे दी गई है*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

योगी सरकार ने महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक और कदम उठाया है। अब महिलाओं को कुछ विशेष शर्तों के साथ खतरनाक श्रेणी के सभी 29 प्रकार के कारखानों में काम करने की अनुमति दे दी गई है।

इस संबंध में श्रम विभाग के प्रस्ताव को गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में मंजूरी दे दी गई। इससे महिलाओं के लिए न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि उद्योगों के लिए मैनपावर भी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी।

*महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे*

*उद्योगों के लिए मैनपावर भी आसानी से उपलब्ध होंगे*



**फैसला उद्योगों की मांग के मद्देनजर लिया गया**

*श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि अब तक देश में 29 प्रकार के खतरनाक कारखानों में महिलाओं को कार्य करना प्रतिबंधित था। 12 प्रकार के कम खतरनाक कारखानों में पहले ही उन्हें कार्य की अनुमति दी गई थी। जबकि हाल ही में 4 और श्रेणियों को अनुमोदन प्रदान किया गया है। अब ताजा निर्णय में उन्हें सभी 29 प्रकार के कारखानों में काम की अनुमति दे दी गई है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट का यह फैसला तकनीकी विस्तार और उद्योगों की मांग के मद्देनजर लिया गया है। महिला श्रमिकों की स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही नियमों में संशोधन किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी बहनें उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में सहभागी बनें, यही हमारा लक्ष्य है।*

**अब इन कारखानों में काम कर सकेंगी महिला**

उत्तर प्रदेश कारखाना नियमावली, 1950 के नियम-109 की अनुसूची-2 (क्रोमिक एसिड या अन्य क्रोमियम यौगिकों वाले इलेक्ट्रोलाइट के उपयोग से धातु की वस्तुओं का इलेक्ट्रोलिटिक प्लेटिंग या आक्सीकरण), अनुसूची-3 (विद्युत संचायकों का निर्माण और मरम्मत), अनुसूची-4 (कांच निर्माण), अनुसूची-6 (सीसा और सीसे के कुछ यौगिकों का निर्माण और उपचार), अनुसूची-7 (खतरनाक पेट्रोलियम से गैस का उत्पादन), अनुसूची-8 (संपीडित हवा या भाप के झोंके से रेत, धातु के टुकड़े या ग्रिट या अन्य अपघर्षक के जेट द्वारा वस्तुओं की सफाई या चिकना करना, अनुसूची-10 (प्रिंटिंग प्रेस और टाइप फांउड्री में कुछ सीसा की प्रक्रियायें), अनुसूची-12 (रासायनिक कार्य), अनुसूची-13 (कैंसरकारी डाई इंटरमीडिएट्स का निर्माण या हेरफेर, अनुसूची-14 (बेंजीन और बेंजीनयुक्त पदार्थों का निर्माण, हथलन और उपयोग, अनुसूची-20 (विलायक निष्कर्षण संयंत्रों में वनस्पति और पशु स्रोतों से तेल और वसा निकालने की प्रक्रिया), अनुसूची-21 (मैंगनीज और उसके यौगिकों का निर्माण व हेरफर व अनुसूची-22 (खतरनाक कीटनाशकों का निर्माण या हेरफेर) की कतिपय प्रक्रियाओं/संचालनों में महिला कर्मकारों को सेवायोजित किये जाने पर प्रतिबंध था। अब इस बदलाव से इन सभी श्रेणी के उद्योगों में महिलाएं काम कर सकेंगी।

## खबर संक्षेप

### बेलांव हत्याकांड में पूर्व सांसद धनंजय सिंह बरी



**जौनपुर।** केराकत के बेलांव में हुए संजय निषाद व नंदलाल निषाद हत्याकांड में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। पूर्व सांसद धनंजय सिंह समेत कुल चारों आरोपी बरी हो गए हैं। अपर सत्र न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट में पूर्व में चारों आरोपियों का बयान दर्ज हो गया था। सभी ने खुद को निर्दोष बताया था। धनंजय सिंह ने राजनीतिक विद्वेषवश फंसाए जाने की बात कही थी।

### करंट की चपेट में आई किशोरी की मौत



**कानपुर।** बर्रा आठ में गुरुवार की शाम को घर में उतर आए करंट की चपेट में आकर दस वर्षीय किशोरी की मौत हो गई, जबकि उसके माता, पिता और सात साल का भाई झुलस गए। सभी का उर्सला अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसा घर के बगल से गुजरी एचटी लाइन के छज्जे से छूने की वजह से हुआ, जिससे तीसरी मंजिल की रेलिंग, गैलरी, जीने, दीवार पर करंट फैल गया।

अखिलेश यादव के ड्रीम प्रोजेक्ट को लेकर योगी सरकार का बड़ा फैसला

# जेपीएनआईसी का संचालन करेगा लखनऊ विकास प्राधिकरण, प्रस्ताव को दी गई मंजूरी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ.

उत्तर प्रदेश सरकार ने जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) परियोजना के लिए गठित सोसायटी को भंग करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस फैसले में यह भी शामिल है कि इसकी बागडोर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को सौंपी जाएगी। यह फैसला गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया।

राज्य के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि पूर्व में गठित जेपीएनआईसी सोसायटी को भंग करने और केंद्र को इसके वर्तमान स्वरूप में लखनऊ विकास प्राधिकरण को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है। एलडीए अब परियोजना के पूरा होने, संचालन और रखरखाव के लिए जिम्मेदार होगा। खन्ना ने कहा कि निर्णय के अनुसार, जेपीएनआईसी परियोजना के लिए राज्य द्वारा अब तक वितरित कुल 821.74 करोड़ रुपए को एलडीए को ऋण के रूप में माना जाएगा, जिसे वह 30 वर्षों की अवधि में चुकाएगा।



**निजी कंपनियां करेंगी संचालन और रखरखाव**

*कैबिनेट ने एलडीए को परियोजना को पूरा करने के लिए प्रक्रिया और शर्तें तैयार करने तथा निजी खिलाड़ियों के माध्यम से इसके संचालन और रखरखाव का प्रबंधन करने के लिए भी अधिकृत किया है। प्राधिकरण को सोसायटी को भंग करने और इसकी सदस्यता समाप्त करने जैसी कार्रवाई करने का भी अधिकार दिया गया है। जेपीएनआईसी परियोजना में राज्य स्तरीय ऑडिटोरियम, एक कन्वेंशन सेंटर, एक आधुनिक खेल परिसर, बहुउद्देशीय खेल कोर्ट और लगभग 750 चार पहिया वाहनों के लिए एक बहु-स्तरीय पार्किंग सुविधा का निर्माण शामिल है। गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का यह ड्रीम प्रोजेक्ट 2017 में राज्य में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद ठप हो गया था। परियोजना में कथित भ्रष्टाचार की जांच के भी आदेश दिए गए थे और तब से यह परियोजना अधर में लटकी हुई है। केंद्र की परिकल्पना कांग्रेस नेता और बाद में विद्रोही बने जयप्रकाश नारायण को समर्पित एक विश्व स्तरीय सम्मेलन, संस्कृति, खेल और संग्रहालय परिसर के रूप में की गई थी।*

**सपा की विरासत को बदनाम करने की 'गंदी राजनीति' करार दिया**


अखिलेश को बाहर सड़क पर नारायण की तस्वीर पर माला चढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा और सरकार की कार्रवाई को सपा की विरासत को बदनाम करने की ‘गंदी राजनीति’ की रणनीति करार दिया। 2023 में अखिलेश ने नारायण की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के लिए केंद्र के बंद गेट पर चढ़ गए। जिन्हें लोकनायक के नाम से भी जाना जाता है। वहीं आज लिए कैबिनेट के फैसले पर बोलते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि जेपीएनआईसी को एलडीए को दिया तो वापस लेना आसान होगा, फिर इसे आसानी से बेचा जा सकता है। कुल मिलाकर वो योगी सरकार के फैसले से खुश नहीं नजर आए।

**योगी कैबिनेट ने अयोध्या एनएसजी हब के लिए जमीन दी**

*भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के ब्लैक कैट कमांडो का कैंप बनने जा रहा है। योगी सरकार ने अयोध्या के कैंट एरिया में एनएसजी हब की स्थापना के लिए केंद्रीय गृह मंत्रायल को 8 एकड़ जमीन आवंटित कर दी है। गुरुवार को लखनऊ में योगी कैबिनेट की बैठक में आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। आतंकी वारदातों के समय हालात को काबू में करने के लिए एनएसजी भारत का सबसे अहम फोर्स है। योगी कैबिनेट ने अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बने राम मंदिर समेत आस-पास के प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के मद्देनजर अयोध्या कैंट इलाके में एनएसजी को हब बनाने के लिए 8 एकड़ जमीन देने का फैसला लिया है। 99 साल के लिए गृह मंत्रालय को यह जमीन बिना किसी शुल्क के दी गई है।*

2027 के चुनाव को लेकर अखिलेश का ऐलान

# फ्री बिजली, युवाओं को आईपैड व महिलाओं को पेंशन देने का वादा



एजेंसी ▶▶ आजमगढ़

आजमगढ़ नगर से सटे अनवरगंज में अपने नए आवासीय भवन और पार्टी कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यदि 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार बनती है तो हर परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी, युवाओं को आईपैड मिलेगा और महिलाओं को 3000 रुपये मासिक समाजवादी पेंशन दी जाएगी। उन्होंने केंद्र की अग्निवीर योजना को समाप्त करने और सीमा की सुरक्षा को मजबूत करने की बात कही।

**बुनियादी सुविधाओं को लेकर भाजपा को कठघरे में किया खड़ा**

*अखिलेश यादव ने शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं की दुर्दशा को लेकर भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा उन बूथों को चिन्हित कर बंद करा रही है, जहां उसे हार मिली थी। हजारों विद्यालय बंद किए जा रहे हैं, जबकि शराब की दुकानें धड़ल्ले से खोली जा रही हैं। जल जीवन मिशन के तहत गांवों में बनाई गई पानी की टंकियां भ्रष्टाचार का भार नहीं सह पा रही हैं। हर महीने किसी न किसी जिले में टंकी फटने की घटनाएं सामने आ रही हैं।*

**अपने शासन में बनी सड़कों को बेहतर बताया**

उन्होंने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे की तुलना करते हुए अपने शासन में बनी छह लेन की सड़कों को बेहतर बताया। साथ ही भाजपा पर आरक्षण और धर्मनिरपेक्षता के मुद्दे पर दोगली नीति अपनाने का आरोप भी लगाया। कार्यक्रम में उन्होंने स्पष्ट किया कि 2027 में सत्ता में लौटने पर गाजीपुर में मंडी का निर्माण करेंगे और गाजियाबाद से सोनभद्र तक सभी सीटें पीडीए को दिलाने का लक्ष्य है।

## पेज एक का शेष

### भारत के लिए लोकतंत्र...

बढ़ावा देता है। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री के इस संबोधन के लिए घाना की संसद के अध्यक्ष अल्बान किंग्सफोर्ड सुमाना बागबिन द्वारा यह विशेष सत्र बुलाया गया था। जिसमें दोनों देशों के संसद सदस्य, सरकारी अधिकारी और विशिष्ट अतिथिगण शामिल हुए। पीएम ने अपने संबोधन के बाद घाना के सांसदों से मुलाकात की। इस दौरान दो सांसद भारतीय वेशभूषा (लाल साड़ी में महिला सांसद और पगड़ी पहने पुरुष सांसद) में भी नजर आए। जिन्हें प्रधानमंत्री ने भारत की यात्रा के दौरान स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया।

**आतंकवाद, साइबर सुरक्षा जटिल चुनौतियां :** प्रधानमंत्री ने आतंकवाद, साइबर सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और महामारी को दुनिया के सामने मौजूद नई और दबावपूर्ण वैश्विक चुनौतियों के रूप में बताते हुए कहा कि बीती शताब्दी में स्थापित किए गए संस्थान मौजूदा समय में प्रतिक्रिया देने में संघर्ष कर रहे हैं। बदलती हुई परिस्थितियों ने वैश्विक प्रशासन या व्यवस्था में एक भरोसेमंद और प्रभावी सुधारों की मांग की आवश्यकता को काफी बढ़ा दिया है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनी व्यवस्था तेजी से बदल रही है। जो प्रौद्योगिकी में क्रांति, विकासशील देशों खासकर ग्लोबल साउथ का उदय, बदलती हुई जनसांख्यिकी इसकी गति और परिणाम में योगदान दे रही हैं। वैश्विक शासन में विकासशील देशों की सामूहिक आवाज का आह्वान भी प्रधानमंत्री ने किया।

**डॉ.नक्रूमा के योगदान को किया याद :** उन्होंने घाना के महान नेता डॉ. नक्रूमा के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एकता, शांति और न्याय के आदर्श मजबूत और स्थायी साझेदारी की नींव हैं। इसके अलावा वह मानते थे कि हमें एकजुट करने वाली ताकतें अंतर्निहित हैं और उन आरोपित प्रभावों से कहीं अधिक हैं जो हमें अलग रखते हैं। डॉ.नक्रूमा लोकतांत्रिक संस्थाओं के निर्माण के दीर्घकालिक प्रभावों पर बल देते थे। पीएम ने भारत में लोकतंत्र की गहरी और जीवंत जड़ों पर भी प्रकाश डाला। भारत की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ को मिली जी-20 की स्थायी सदस्यता का जिक्र भी प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में किया।

**घाना के साथ हमेशा खड़ा रहेगा भारत :** पीएम ने कहा कि दोनों देशों के इतिहास में हालांकि औपनिवेशिक शासन के दाग हैं। लेकिन हमारी आत्माएं हमेशा स्वतंत्र और निडर रही हैं। उन्होंने घाना की जीवंत संसदीय प्रणाली की सराहना की और दोनों देशों की विधायिकाओं के बीच बढ़ते आदान-प्रदान पर संतोष जाहिर किया। इस परिप्रेक्ष्य में घाना-भारत संसदीय मैत्री सोसायटी की स्थापना का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों ने वर्ष 2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प रखा है। जबकि हमारा देश घाना की प्रगति और समृद्धि की दिशा में उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को भी भारतीय पीएम ने अपने संबोधन में रेखांकित किया। जो स्वतंत्रता के लिए साझा संघर्षों, लोकतंत्र तथा समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्धता के माध्यम से बना है।

**लोकतांत्रिक ताकत, एकता में शक्ति का प्रमाण :** उन्होंने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। इसी रूप में हमने अपनी संस्कृति के भाग के रूप में लोकतांत्रिक लोकाचार को अपनाया है। भारत की विविधता और लोकतांत्रिक ताकत को पीएम ने विविधता में एकता की शक्ति का प्रमाण बताते हुए कहा कि ये एक ऐसा मूल्य है जो घाना की अपनी लोकतांत्रिक यात्रा में प्रतिध्वनित होता है। भारत अफ्रीका की विकास यात्रा में एक प्रतिबद्ध भागीदार बना हुआ है और एक उज्जवल भविष्य को सुरक्षित करने के लिए विकास ढांचे और एजेंडा 2063 का समर्थन करता है।

### घाना के राष्ट्रीय सम्मान...

**द्विपक्षीय संबंधों को मिलेगी नई गति :** पीएम ने ये भी कहा, भारत और घाना के साझा लोकतांत्रिक मूल्य और परंपराएं हमारी साझेदारी को आगे बढ़ाती रहेंगी। द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना पुरस्कार दोनों देशों के बीच मित्रता को और गहरा करता है। इसके अलावा यह द्विपक्षीय संबंधों को आगे ले जाने की नई जिम्मेदारी उन पर डालता है। प्रधानमंत्री ने पूर्ण विश्वास जताते हुए कहा कि घाना की उनकी यह ऐतिहासिक राजकीय यात्रा दोनों देशों के संबंधों को नई गति प्रदान करेगी।

**पीएम को 24 देशों ने किया सम्मानित :** यहां बता दें कि पीएम मोदी को घाना को मिलाकर अब तक दुनिया के कुल दो दर्जन (24) देशों ने 2014 से लेकर 2025 तक अपने सर्वोच्च सम्मान (नागरिक और राष्ट्रीय सम्मान शामिल) से सम्मानित किया है। जिसमें पिछले जून महीने में उन्हें साइप्रस द्वारा दिया गया सर्वोच्च सम्मान ‘गैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय’ शामिल है। प्रधानमंत्री को सम्मानित करने वाले दुनिया के बाकी देशों में संयुक्त राष्ट्र (यूएन), अमेरिका, रूस, फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, श्रीलंका, कुवैत, मिस्र, मॉरीशस, मालदीव, डोमिनिका, बारबाडोस, नाइजीरिया, गयाना, भूटान, अफगानिस्तान, बहरीन, फिजी, यूनान, पलाऊ, पापुआ न्यू गिनी जैसे देश मुख्य रूप से शामिल हैं।

**मेमोरियल पार्क में दी श्रद्धांजलि :** मंत्रालय ने कहा कि पीएम ने घाना की राजधानी एक्रा में न्क्रूम्हा मेमोरियल पार्क का दौरा किया और वहां पर घाना के संस्थापक राष्ट्रपति, अफ्रीकी स्वतंत्रता आंदोलन के एक प्रतिष्ठित अग्रणी डॉ. के.न्क्रूम्हा को श्रद्धांजलि अर्पित की, एक क्षण का मौन भी रखा। इस अवसर पर उनके साथ घाना की उप राष्ट्रपति महामहिम प्रो.नाना जेन ओपोकू अग्यमंग भी मौजूद रही। पीएम द्वारा अर्पित की गई यह पुष्पांजलि घाना के समृद्ध इतिहास के प्रति भारत के प्रगाढ़ सम्मान को दर्शाती है। इसके अलावा दोनों देशों के बीच मित्रता और सहयोग के मजबूत बंधन की भी पुष्टि करती है।

**त्रिनिदाद-टोबैगो रवाना हुए पीएम :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पांच दिवसीय विदेश यात्रा के पहले पड़ाव के रूप में बीते बुधवार रात घाना पहुंचे थे। जहां हवाईअड्डे पर खुद राष्ट्रपति महामा ने उनका रेड कार्पेट वेलकम किया था। इसके बाद प्रवासी भारतीयों ने पीएम का जोरदार अंदाज में स्वागत किया। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। प्रधानमंत्री ने घाना की संसद को भी संबोधित किया। इन तमाम गतिविधियों के साथ भारत के प्रधानमंत्री की घाना यात्रा संपन्न हुई और वह अपनी विदेश यात्रा के दूसरे पड़ाव त्रिनिदाद और टोबैगो की ओर रवाना हो गए।

### संघ प्रमुख मोहन भागवत...

स्तर पर सामाजिक सद्भाव बैठकों का आयोजन होगा। इसमें विभिन्न वर्गों के प्रमुख लोग एकत्रित आकर समाज से कुरीतियों को दूर करने, सद्भाव व समरसता को बढ़ाने के लिए चर्चा करेंगे। साथ ही जिला केंद्रों पर प्रमुख नागरिक गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। गोष्ठियों में हिन्दुत्व, राष्ट्रहित, भविष्य के भारत के संकल्प को लेकर चर्चा होगी। शताब्दी के निमित्त युवाओं की सहभागिता की दृष्टि से विशेष कार्यक्रमों का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष के दृष्टिगत पूजनीय सरसंघचालक जी के प्रवास योजना पर भी चर्चा होगी। शताब्दी वर्ष के निमित्त सरसंघचालक जी के साथ विशेष संवाद कार्यक्रम देश के चार प्रमुख शहरों दिल्ली, मुंबई, कोलकता, बैंगलुरु में आयोजित होंगे। जिसमें समाज के प्रमुख लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज में संघ को जानने व संघ से जुड़ने के लिए विशेष उत्साह देखा जा रहा है। युवा वर्ग भी बड़ी संख्या में संघ से जुड़ने का इच्छुक है। इस वर्ष आयोजित प्रशिक्षण वर्गों में युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया है। साथ ही, अप्रैल से जून के बीच ज्वाइन आरएसएस के माध्यम से 28,571 लोगों ने संघ से जुड़ने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाया है। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष के निमित्त संघ ने समाज के समक्ष पंच परिवर्तन का विचार रखा है, इसके अंतर्गत संपूर्ण समाज की सहभागिता से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना लक्ष्य है। सामाजिक समरसता के तहत समाज में सद्भाव बढ़े, परिवारों की पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली बने, स्व-बोध का गौरव, कुटुंब में आत्मीयता व संस्कारों का वर्धन, नागरिक कर्तव्यों के पालन के प्रति जागरूकता बढ़े। इसके लिए संघ के स्वयंसेवक समाज की सहभागिता से आगे बढ़ेंगे।

**संघ हर वर्ग को साथ लेकर चलता हैं, राजनीति से अलग ही रखें: आंबेकर :** पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में सुनील आंबेकर ने संघ पर संगठन में पिछड़ों को जगह ना देने के विपक्ष के आरोपों पर कहा, “संघ एक देशव्यापी सामाजिक संगठन है। संघ राजनीतिक दल की तरह काम नहीं करता। अपने कार्यकर्ताओं से संपर्क करते हुए जाता है, यही कारण है संघ देशव्यापी है। हर वर्ग को साथ लेकर चलते हैं। इसको राजनीति से अलग ही रखें।” जातीय जनगणना और संघ को बैन करने सवाल पर संघ के प्रचार प्रमुख ने की कहा कि, “संघ की प्राथमिकता सामाजिक सद्भाव की है। जो भी लोगों के कल्याण के लिए काम करना है, उसके लिए जिस भी जानकारी की जरूरत है वो सरकार ले सकती है। सामाजिक सद्भाव जरूरी है।” कांग्रेस नेताओं की ओर से संघ को बैन करने के सवाल पर उन्होंने कहा, “संघ एक सामाजिक संगठन है। हम सब टीका टिप्पणी के साथ ही चलते हैं। सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के संविधान में से धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद शब्द को लेकर समीक्षा के बयान पर उन्होंने कहा, “सरकार्यवाह ने जो टिप्पणी की है, वो स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि आपातकाल में जो अत्याचार हुए उनका स्मरण हुआ है। उस समय जो अमानवीय काम किया गया, उसका उन्होंने जिक्र किया। उसमें उस समय के कौन-कौन सी बातों और कामों पर चर्चा होनी चाहिए, उसको लेकर उन्होंने कहा था।”

### डीएसी ने दी 1.5 लाख...

मेजर वेसल्स, सुपर रैपिड गन माउंट और सबमर्सिबल ऑटोनॉमस वेसल्स की खरीद के लिए भी मंजूरी प्रदान की गई है। जिससे नौसेना और मालवाहक जहाजों के लिए संभावित खतरों को कम करने में आसानी होगी। यह प्रस्ताव स्वदेशी डिजाइन और विकास को बढ़ावा देने के लिए एओएन खरीद (भारतीय स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित) श्रेणी के तहत स्वीकृत किए गए हैं।

### 150 नागरिक संगठनों ने...

कि पर्यावरण मंत्रालय की नीतियां और संशोधन इस कानून की मूल भावना को कमजोर कर रहे हैं, जिससे लाखों लोग प्रभावित हो रहे हैं। संगठनों ने आरोप लगाया है कि सरकार उन समुदायों से संवाद करने में विफल रही है, जो इन नीतियों के कारण सीधे प्रभावित हो रहे हैं। इसके अलावा, पर्यावरण और वन संरक्षण के लिए आवश्यक सामुदायिक भागीदारी को नजरअंदाज किया जा रहा है, जो जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता संरक्षण के वैश्विक लक्ष्यों के विपरीत है।विरोध और जन आंदोलनदेश भर में पर्यावरणविदों, आदिवासी संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इन नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई है। पहले भी वन (संरक्षण) अधिनियम संशोधन 2023 के खिलाफ दिल्ली और 16 राज्यों में शांतिपूर्ण प्रदर्शन हुए थे। पत्र में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के उन बयानों की आलोचना की गई है, जिनमें उन्होंने वन अधिकार अधिनियम, 2006 को देश के प्रमुख वन क्षेत्रों के क्षरण और नुकसान का कारण बताया। संगठनों का कहना है कि यह बयान तथ्यों पर आधारित नहीं है और आदिवासी समुदायों के खिलाफ भ्रामक प्रचार को बढ़ावा देता है। पर्यावरण मंत्रालय द्वारा वन अतिक्रमण को लेकर अपुष्ट और गलत आंकड़ों को बार-बार संसद और नेशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल के समक्ष प्रस्तुत करने की बात पत्र में कही गई है। यह कदम न केवल पारदर्शिता की कमी को दर्शाता है, बल्कि नीतिगत निर्णयों को गलत दिशा में ले जाता है। जून 2024 में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा देशभर के टाइगर रिजर्व से लगभग 65,000 परिवारों को बेदखल करने का आदेश दिया गया। यह कदम वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करता है, जो वनवासियों को उनके पारंपरिक निवास और आजीविका के अधिकार की गारंटी देता है। संगठनों ने इसे आदिवासी समुदायों के खिलाफ एक बड़ा अन्याय करार दिया है।

### श्रीनगर में एमआईडीएच योजना...

विकास मिशन (एमआईडीएच) योजना के तहत 150 करोड़ रुपये लागत का सेंट्रल इंस्टीट्यूट-क्लीन प्लांट सेंटर बनाया जाएगा। इसमें सेब, बादाम, अखरोट, बेरी पर काम होगा, जब क्लीन प्लांट सेंटर आएगा, उसके साथ-साथ प्राइवेट नर्सरी भी विकसित की जाएगी और उन्हें भी सहायता देंगे ताकि अच्छी नर्सरियां बनें, प्लांट में क्लीन प्लांट बनाए जाएंगे, जो बैक्टीरिया, वायरस रहित रहेंगे और किसानों को अच्छे पौधे मिल पाएंगे। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित उन किसानों, जिन्हें अधिकृत रूप से सरकार ने पट्टे दिए हैं, लेकिन उनके पास वैधानिक कागजात नहीं है, उनके बारे में भी हम चर्चा करके, जो सरकार की अनुमति से खेती कर रहे हैं, उन्हें पीएम-किसान सम्मान निधि का लाभ मिले, इस दिशा में हम काम करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) में बागवानी फसलों के कवरेज के लिए भी हम पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस) योजना को जल्दी शुरू करेंगे, ताकि बागवानी की फसलों की मैपिंग ठीक ढंग से हो सके और किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जम्मू क्षेत्र में ‘क्षेत्रीय बागवानी केंद्र’ की स्थापना की मांग हुई है। उसके लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) यहां की एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी जम्मू को इंफ्रास्ट्रक्चर का सहयोग प्रदान करेगा। शिवराज सिंह ने कहा कि केसर यहां की विशेषता है, पहचान है, इसलिए टिश्यू कल्चर लैब, नर्सरी की स्थापना केंद्र सरकार यहां करेगी, जिससे उत्पादन बढ़ेगा। ‘राष्ट्रीय केसर मिशन’ में जम्मू कश्मीर की विशिष्टताओं को देखते हुए संशोधन की आवश्यकता है। उत्पादकता बढ़ाने और नुकसान कम करने के लिए हम वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों की टीम का गठन करेंगे। उन्होंने कहा कि मिट्टी के स्वास्थ्य और उर्वरता के इनपुट विनियमन के लिए क्वालिटी कंट्रोल लैब जरूरी है, इसलिए कठुआ, बारामूला, अनंतनाग में क्वालिटी कंट्रोल लैब स्थापित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि आरकेवीवाई के अंतर्गत डेडीकेटेड इरिगेशन प्रोजेक्ट कमांड एरिया पर भी हम काम करेंगे। केनल से खेत तक पानी पहुंचाने के अंतर को कम करने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **किशन उर्फ सोनू पुत्र शम्मी कुमार निवासी ए–48, बलबीर विहार, अमन विहार, दिल्ली** ने **FIR No. 18/2010, U/S 356/379/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना बेगमपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **किशन उर्फ सोनू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **किशन उर्फ सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 18/2010, U/S 356/379/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना बेगमपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **किशन उर्फ सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री दीपक वत्स**
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
उत्तर–पश्चिम, कोर्ट नंबर 101, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/8534/RD/2025(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मृत्युंजय अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता सह स्वामी मेसर्स एएच क्रिएशंस, बी–4, एलजी फ्लोर, गली नंबर 15, मधु विहार, आईपी एक्सटेंशन, दिल्ली–110092** ने **CC No. 538379/16, U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना पहाड़ गंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मृत्युंजय** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मृत्युंजय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **CC No. 538379/16, U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना पहाड़ गंज, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मृत्युंजय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री देशना गोलेच्छा**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)–07 (केंद्रीय)
कमरा संख्या 507, एक्सटेंशन ब्लॉक
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8622/CD/2025(Court Matter)

रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चो, ब्रिज या फ्लाईओवर्स का निर्माण हमारे यातायात को सुगम बनाने के लिए किया जाता है। सड़क या रेलवे लाइन को पार करने के लिए भी फुटओवर ब्रिज बनाए जाते हैं। सिर्फ इंसान के लिए ही नहीं, कई देशों में इस तरह के ब्रिज वन्य जीवों के लिए भी बनाए गए हैं ताकि वे वाहनों से टकरा कर चोटिल ना हों, सुरक्षित रहें। जानो, इन अनूठे ब्रिजेस के बारे में।



# वन्य जीवों के लिए अनूठे ग्रीन ब्रिज

### क्रैब ब्रिज, क्रिसमस आइलैंड नेशनल पार्क ऑस्ट्रेलिया

**ऑस्ट्रेलिया के** क्रिसमस आइलैंड में हर साल बहुत बड़ी संख्या में रेड क्रैब समुद्र की तरफ माइग्रेशन के लिए निकल पड़ते हैं। रास्ते में कई बार वाहनों द्वारा कुचल कर सैकड़ों क्रैब्स यानी केकड़े अपनी जान गंवा देते हैं। इस स्थिति को ध्यान में रखकर वहां एक 16 फीट ऊंचा पुल बना दिया गया। अब व्यस्त सड़क के ऊपर से बिना किसी जोखिम के आसानी से ये क्रैब्स निकल जाते हैं। इतना ही नहीं, यहां 31 स्पेशल क्रैब अंडरपास और 65 मील लंबाई के प्लास्टिक बैरियर भी लगा दिए गए हैं। ताकि केकड़े इधर-उधर ना भटक कर पैसेज की तरफ से ही आगे बढ़ें और सुरक्षित रहें। *

### नेचरबर्ग जैंडरीज क्रैलू नीदरलैंड



**नीदरलैंड का** नेचरबर्ग जैंडरीज क्रैलू दुनिया में सबसे लंबी वन्य जीव क्रॉसिंग है। बालू से बना हुआ यह कुदरती पुल, 2625 फीट लंबा और 164 फुट चौड़ा है। यह ब्रिज कई सड़कों, रेलवे लाइनों और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के ऊपर से गुजरता है। रोजाना इस ब्रिज का उपयोग हिरण, जंगली सुअरों सहित कई अन्य जीव-जंतु करते हैं। इस ब्रिज की सहायता से ये जंगलों तक बड़े आराम से पहुंच जाते हैं। नीदरलैंड में 600 से ज्यादा ऐसे ईकोडक्ट बनाए गए हैं। *

### वाइल्डलाइफ ओवरपास बैनफ नेशनल पार्क कनाडा

**कनाडा के** अल्बर्टा में स्थित बैनफ नेशनल पार्क में हिरणों की कई प्रजातियां, बारासिंघा, भूरे भालू और अन्य कई छोटे-बड़े वन्य जंतु पाए जाते हैं। जब ये वन्य जंतु वहां के हाईवे को पार करके दूसरी तरफ जाते हैं, तब तेज गति से गुजरते वाहनों से इनके टकरा कर घायल होने का खतरा रहता है। इस खतरे को ध्यान में रखकर वहां के जागरूक नागरिकों और वन्यजीव अधिकारियों ने 1996 में ट्रांस कनाडा हाईवे पर 6 वन्य जीव फ्लाईओवर ब्रिज और 38 अंडर पासेस का निर्माण करवाया। इन पुलों के निर्माण के बाद सड़क दुर्घटना में मरने वाले जानवरों की संख्या में काफी कमी आई है। *



### नट्टी नैरो ब्रिज, लॉन्ग व्यू अमेरिका




**अमेरिका के** वाशिंगटन के लॉन्ग व्यू में ओलंपिया वे पर बना यह एक पतला-सा एनिमल क्रॉसिंग ब्रिज है, जो मुख्य रूप से गिलहरियों के लिए बनाया गया है। इसकी चौड़ाई इतनी ही है कि गिलहरी जैसे छोटे जंतु इस पर मजे से चल सकें। अकसर गिलहरियां रोड क्रॉस करते हुए गाड़ियों के नीचे दब जाती थीं। 1963 में एक स्थानीय बिल्डर एमोस पीटर्स ने गिलहरियों को ट्रैफिक भरी सड़क से दूर रखने के उद्देश्य से इस नट्टी नैरो ब्रिज को बनवाया था। इसके बाद वाशिंगटन में जगह-जगह इस तरह के कई पुल बनाए गए। *




### ए 556 ग्रीन ब्रिज यूके

**यूनाइटेड किंगडम** (यूके) में वन्य जीवों के सुरक्षित आवागमन के लिए बनाए गए पुलों को ग्रीन ब्रिज कहते हैं। इंग्लैंड के चेशायर में कई छोटे-बड़े जंतु रहते हैं। यहां 2018 में नूट्सफोर्ड से बाऊडॉन बाईपास तक एक ग्रीन ब्रिज बनाया गया। इस ग्रीन ब्रिज का उपयोग वन्य जीवों के साथ यहां निवास करने वाले किसान और मजदूर भी करते हैं। *

### ईकोलिंक सिंगापुर

**सिंगापुर में** बड़ी संख्या में वन्य जीव पाए जाते हैं। यहां सिटी सेंटर के बाहर स्थित रेनफॉरेस्ट नेचर रिजर्व, सड़क निर्माण के कारण दो हिस्सों में बंट गया था। इससे वन्य जीवों को विचरण करने में बहुत परेशानी होती थी। 2013 में इन्हें ईकोलिंक ओवरपास के माध्यम से जोड़ दिया गया। यह ईकोलिंक 8 लेन का है। दक्षिण पूर्वी एशिया में अपनी तरह का यह पहला ओवर पास है। *



ऐतिहासिक धरोहर / रजनी अरोड़ा

# दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार



बच्चो, अगर तुमसे पूछा जाए कि दुनिया की सबसे लंबी दीवार कौन-सी है, कहां है? तो झट से तुम्हारा जवाब होगा-द ग्रेट वाल ऑफ चाइना। लेकिन क्या तुम्हें पता है चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार कहां स्थित है, कौन-सी है? यह दीवार अपने देश भारत में है। राजस्थान राज्य में स्थित कुंभलगढ़ किले की दीवारों को दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार का दर्जा प्राप्त है।

**यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में है शामिल:** राजस्थान के कुंभलगढ़ किले की दीवार 36 किलोमीटर लंबी है। इस दीवार को यूनेस्को ने दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार घोषित किया है। इसके अलावा यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज की लिस्ट में भी इस दीवार को शामिल किया गया है।

**ऐतिहासिक महत्व:** कुंभलगढ़ किले का निर्माण महाराणा कुंभा ने 15वीं शताब्दी में करवाया था। तुमने इतिहास की किताबों में शूरवीर नायक महाराणा प्रताप के बारे में पढ़ा होगा। महाराणा उदय सिंह के पुत्र महाराणा प्रताप का जन्म इसी कुंभलगढ़ के किले में हुआ था। यह किला कुंभलगढ़ की संकटकालीन राजधानी रहा है। मेवाड़ पर जब भी कोई बाहरी आक्रमण होता था, मेवाड़ का राज परिवार इसी किले में सुरक्षित रहता था। पन्ना धाय ने इसी किले में छिप कर महाराणा प्रताप के पिता उदय सिंह का पालन-पोषण किया था। हल्दी घाटी के युद्ध के बाद महाराणा प्रताप भी काफी समय तक इसी किले में रहे थे।



**किले की विशेषताएं:** उत्तर-पश्चिमी भारत की अरावली माउंटेन रेंज पर बना कुंभलगढ़ किला समुद्र तल से करीब 1,100 मीटर (3,600 फुट) ऊंचाई पर बना है। इसमें करीब 350 से ज्यादा प्राचीन जैन और हिंदू मंदिर हैं। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि ही नहीं, अपने वास्तुशिल्प के लिहाज से भी यह किला बेजोड़ है। कई पहाड़ियों और घाटियों को मिलाकर बना यह किला बहुत ही अनोखा और मजबूत है। इस किले के ऊंचे स्थानों पर महल, मंदिर और घर बनाए गए हैं। समतल भूमि का उपयोग खेती के लिए और ढलान वाली जगहों पर जलाशय बनाए गए हैं। खुद महाराणा कुंभा ने इस किले का डिजाइन तैयार किया था। माना जाता है कि महाराणा कुंभा मजदूरों को प्रतिदिन करीब 50 किलो घी और 100 किलो रुई देते थे ताकि रोशनी जलाकर किले का काम रात को भी किया जा सके। इस किले के निर्माण में लगभग 15 वर्ष का समय लगा।

कुंभलगढ़ किले की दीवार अरावली की 13 पहाड़ियों तक फैली है, जो 36 किलोमीटर लंबी और 15 फुट चौड़ी है। इसमें 7 विशाल दरवाजे और वॉच-टॉवर हैं। यह दीवार इतनी चौड़ी है कि इस पर एक साथ दस घोड़े आसानी से दौड़ सकते हैं, मजबूत इतनी है कि कई आक्रमणकारी इसे तोड़ कर लांघ नहीं पाए। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

# रोमांचक बाल-उपन्यास

पंजाबी भाषा में लिखे और पुरस्कृत 'पताल दे गिठमुठिए' उपन्यास का हिंदी अनुवाद 'पाताल के बौने' हाल में छपकर आया है। इसकी कहानी 'रसूलपुर' गांव से शुरू होती है। जहां पानी की कमी है और गांव वाले पानी की कमी दूर करने के लिए कुआं खोदते हैं। बच्चों के लिए भी यह काम कौतूहल जगाने वाला है। तभी गांव का एक आदमी गांव वालों को जमीन के नीचे रहने वाले बौनों को देखे जाने का एक मनगढ़ंत किस्सा सुनाता है। इसे सुनकर गांव का एक बच्चा निक्कू एक शाम उस नए बनते कुएं में लगी हुई सीढ़ी से बौनों को देखने नीचे उतर जाता है। तभी अचानक उसकी भेंट सचमुच एक छोटे से जीव से हो जाती है। अब निक्कू हैरान भी है और भौंचक भी कि वह अब क्या करे? लेकिन वह हिम्मत से उस नए जीव के साथ आगे बढ़ता जाता है। जमीन के नीचे एक अलग दुनिया दिखती है। अब निक्कू वहां किन मुसीबतों में पड़ता है? और उनसे फिर कैसे किसी जांबाज की तरह बच निकलता है? यह पूरी कहानी तुम इस बौनों के रोमांचकारी दुनिया में ले जाने वाली किताब में पढ़ सकते हो। *




**किताब :** पाताल के बौने (पंजाबी बाल-उपन्यास), **लेखक :** जसबीर भुल्लर, **अनुवाद :** जसबीर कौर, **मूल्य :** 150 रुपए, **प्रकाशक :** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले



**रिया:** आंखों के भाई को क्या कहते हैं?
**सिया:** मुझे नहीं पता, तुम बता दो।
**रिया:** आई'ब्रो'। -कोमल, हिसार

**मोनू (समोसे वाले से):** भैयाजी, 10 समोसे देना।
**समोसे वाला:** पैक करके देना है?
**मोनू:** नहीं, मैं पेन ड्राइव लाया हूं। उसमें समोसे नाम का फोल्डर बनाओ और डाल दो। -अनिकेत, सरगुजा

## जीके क्विज-160

1. हाल ही में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले पहले भारतीय कौन बने हैं?
2. वूमेंस वन-डे वर्ल्ड कप चैंपियनशिप 2025 किन दो देशों में आयोजित किया जाएगा?
3. दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश कौन-सा है?
4. सत्यशोधक समाज की स्थापना किसने की थी?
5. इडुक्की वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है?
6. पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
7. भारत के किस प्रदेश को पहले 'नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी' के नाम से जाना जाता था?
8. भारत रत्न से सम्मानित बिस्मिल्लाह खान का संबंध किस वाद्य यंत्र से था?
9. किस भारतीय खिलाड़ी को 'हॉकी का जादूगर' के नाम से भी जाना जाता है?
10. आंवला में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-160 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-159 का उत्तर :** 1.स्मृति मंधाना, 2.साइप्रस, 3.बंडारू दत्तात्रेय, 4.मध्य प्रदेश, 5.लैक्टोमीटर, 6.साहित्य, 7. 11 जुलाई, 8.महात्मा गांधी, 9.जगन्नाथ मंदिर, 10.हिंद महासागर


**जीके क्विज-159 का सही उत्तर देने वाले :** सौम्या-जांजगीर, स्वप्निल-जांजगीर, सौरभ-बिलासपुर, कबीर-हिसार, नीटू-रायगढ़, राम-सीतापुर, गोविंद-रायपुर, तान्या-भोपाल, कमल-महासमुंद, राम-राजनांदगांव, हर्ष-बालोद



कहानी
क्षमा शर्मा

अजीब बच्चा था अंतरिक्ष, जहां बच्चे विशालकाय डायनासोर, सांप-बिच्छू और छिपकलियों से डरते हैं, वहीं अंतरिक्ष मजे से इनके खिलौनों से खेलता था। लेकिन नन्हा अंतरिक्ष जब स्कूल जाने लगा तो उसके दादा जी ने खतरनाक जंतुओं वाले खिलौने से दूर रहने को कहा। ऐसा उन्होंने क्यों कहा...?

# अंतरिक्ष का स्कूल



अंतरिक्ष ने स्कूल जाना शुरू किया था। जब भी उसकी मम्मी उठातीं, वह खूब-रोता, 'नहीं जाना स्कूल, नहीं जाना है..', कहकर बिस्तर में लेटे रहने की कोशिश करता। मम्मी उसे गोद में उठाकर लातीं, मुंह धुलवातीं, ब्रश करातीं, नहलातीं। स्कूल ड्रेस पहनातीं। थोड़ी ही देर में वह उसका नाश्ता टेबल पर लगा देतीं। कहतीं, 'मेरा राजा बेटा तो बहुत अच्छा है। वह तो बिल्कुल भी जिद नहीं करता।' तभी उसकी देखभाल करने वाली डेल्सी आंटी उसके लिए गरम दूध ले आतीं। अंतरिक्ष दूध पीने में भी बहुत मान-मनौव्वल कराता। जब डेल्सी उसे दूध पिलाने की कोशिश करतीं, तो वह जिद करता, 'नहीं मम्मी से..।' और जब मम्मी उसे दूध पिलाने की कोशिश करतीं तो वह डेल्सी को बुलाता। कभी-कभी मम्मी नाराज होतीं, कहतीं, 'अंतरिक्ष, क्यों सबेरे-सबेरे परेशान करके टाइम खराब करते हो।' लेकिन अंतरिक्ष वही करता, जो उसके मन में होता। दूध भी ऐसे पीता कि मुंह पर दोनों तरफ दूध की सफेद मूंछें बन जातीं। यह देख पापा कहते, 'अरे, हमारा बेटू तो दादा जी जैसा बन गया।'

अंतरिक्ष की दादा जी जैसी सफेद मूंछें! वह दौड़ कर शीशे में जाकर देखता और हंसता। इस तरह उसका रोना रुक जाता। मम्मी उसके बस्ते में लंच बॉक्स और जरूरी चीजें रखतीं। पापा उसके जूते पॉलिश करते, मम्मी उसे पहनातीं। फिर पापा बाहर जाकर गाड़ी निकालते और हॉर्न बजाते। इसका मतलब होता-अंतरिक्ष, जल्दी से बाहर आ जाओ। टाइम हो गया। वह दौड़ने को होता कि मम्मी बाहर तक उसे नाश्ता खिलाती जातीं। उन्हें पता था कि वह नाश्ता करने में भी, दूध पीने की तरह कितने नखरे दिखाता है, मौका मिलते ही छोड़कर भाग जाता है।

अंतरिक्ष को डायनासोर, सांप, बिच्छू और छिपकलियां बहुत पसंद थीं। उसके बर्थ-डे पर उसके दोस्तों ने चिड़िया से लेकर रियल डॉगी के साइज के बराबर तक के डायनासोर वाले खिलौने दिए थे। हालत यह थी कि अंतरिक्ष की मम्मी छिपकली को देखकर डर से कांपने लगती थीं, और अंतरिक्ष था कि इन खिलौनों को अपने साथ लेकर सोता। स्कूल भी अपने इन्हीं खिलौनों में से किसी एक को साथ ले जाता। पूरे स्कूल में वह डायनासोर वाले अंतरिक्ष के नाम से मशहूर था। उसकी टीचर्स और प्रिंसिपल भी इस बारे में जानती थीं।

आज सवेरे जब अंतरिक्ष पापा के साथ स्कूल पहुंचा, तो उसकी सभी टीचर्स बाहर ही खड़ी थीं। हर रोज ऐसा ही होता था। टीचर्स सवेरे बाहर आकर बच्चों का स्वागत करतीं, हाल-चाल पूछतीं। उनसे हंसी-मजाक करतीं। अंतरिक्ष पापा के साथ आगे बढ़ा था कि प्रिंसिपल मैम ने उसे पुकारा, 'अंतरिक्ष, जरा रुको।' अंतरिक्ष और पापा रुक गए। प्रिंसिपल मैम उसके पास आईं और बोलीं, 'अंतरिक्ष, जरा मेरे साथ तो आओ।' कहती हुई वह अपने कमरे की तरफ बढ़ीं। अंतरिक्ष भी पापा के साथ उनके पीछे आया। वह कुर्सी पर बैठ गईं। फिर अंतरिक्ष को गोद में लेकर अपने मोबाइल पर कुछ पिक्चर्स दिखाने लगीं। पेड़ों की, फूलों की, झरने की, नाव की। साथ में बताती भी जा रही थीं, 'पता है कल मैं अपनी साइकिल से दूर जंगल में सैर करने गई थी। यह देखो सारे पेड़ों, फूलों और तितलियों के पिक्चर्स वहीं के हैं। और तुम्हारा बर्थ-डे गिफ्ट भी है।' कहते हुए मैम ने एक पिक्चर को एनलार्ज कर दिया। हरे रंग का बड़ा-सा पेड़ और उसके नीचे फन उठाए एक काला नाग दिखा। मैम ने बताया, 'कल जब मैं जा रही थी, तो अचानक मुझे यह सांप दिखा। मैंने फौरन तुम्हारे लिए इसका फोटो खींच लिया। पसंद आया बर्थ-डे गिफ्ट।'

यह सुनकर अंतरिक्ष और पापा दोनों मुस्कराए तो मैम आगे बोलीं, 'मैं तुम्हारे बर्थ-डे पर नहीं आ पाई थी न, अब इस फोटो को मैं तुम्हारी मम्मी को व्हाट्सएप मैसेज कर दूंगी।' फिर प्रिंसिपल मैम पापा से बोलीं, 'ऐसा बच्चा मैंने पहली बार देखा है, जो सांप, छिपकलियों और अन्य रेप्टाइल्स को इतना पसंद करता है। वरना तो बच्चे इनसे बहुत डरते हैं।'

पापा ने कहा, 'हां मैम, लेकिन अब हम ऐसे खिलौनों से इसे दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। मेरे पापा मतलब इसके दादा जी, कहते हैं कि कहीं ऐसा न हो कि कभी रियल सांप या छिपकली को खिलौना समझकर पकड़ने दौड़े। इसलिए इन चीजों से इसका ध्यान हटाना जरूरी है।'

'अरे हां, यह बात तो मैंने सोची ही नहीं। चलिए, मैं भी इस सांप की पिक्चर इसकी मम्मी को व्हाट्सएप नहीं करूंगी। ओके थैंक्स।' मैम तुरंत बोलीं।

अंतरिक्ष, पापा को देखकर मुस्कराया और जोर से बोला, 'थैंक्यू मैम।' फिर वह पापा के साथ अपनी क्लास की ओर बढ़ गया। रास्ते में ढेर सारी तितलियां उसके पास से गुजरीं। उसने उन्हें पकड़ने की कोशिश नहीं की। उसे याद आया, दादी मना करती हैं न। कहती हैं, 'मर जाएंगी बेचारी!' *

कविता
शादाब आलम




## बढ़िया आम

पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
हंसते-हंसते करे चकोरी
ये तो बीस किलो की बोरी
दफ्तर से निबटा कर अपने सारे काम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
मुस्काके केक नहीं है खाना
चॉकलेट बिल्कुल मत लाना
मत लाना बर्फी, रसगुल्ला, कालाजाम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
एक गाय अकसर आती है
आम शौक से वो खाती है
मैंने जोड़ा हिस्से में उसका भी नाम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
आमों का मौसम है जब तक
कम खाऊंगी खाना तब तक
पेट भरूंगी आमों से ही सुबहो-शाम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां पेपर-क्राफ्ट बना रहे बच्चे के एक जैसे दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें ये सारे अंतर खोजने हैं, तो देर किस बात की, फटाफट तीन मिनट में सारे अंतर खोजकर बताओ।



उत्तर : [illegible]

## रास्ता खोजो

बच्चो, इस चित्र में एक खरगोश है, जिसे गाजर खाना है। लेकिन उसे गाजर के साथ और भी चीजें रखी दिखाई दे रही हैं। खरगोश को समझ में नहीं आ रहा है वह किस रास्ते से जाए कि उसे गाजर खाने को मिल जाए। खरगोश को गाजर तक पहुंचने में मदद तो करो।



डॉ. यादव ने की ऊर्जा विभाग की समीक्षा

# मुख्यमंत्री ने कहा, स्मार्ट मीटर लगवाएं और 20 प्रतिशत सस्ती बिजली पाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बिजली सबकी आवश्यकता है। सभी को जरूरत के अनुसार बिजली उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिजली सस्ती दरों पर मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर मॉडल सबसे अच्छा है, इसलिए विद्युत उपभोक्ताओं के हित में सबके घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएं। इससे उपभोक्ताओं को 20 प्रतिशत सस्ती दर पर बिजली मिलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में ऊर्जा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्मार्ट मीटर लगाने से उपभोक्ताओं को मिलने वाले लाभों का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें उपभोक्ता को खुद की खपत का आंकलन कर ऊर्जा का अपनी सुविधानुसार उपयोग कर अपने बिजली बिल की राशि को कम से कम करने की सुविधा भी मिलती है। उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को स्मार्ट मीटर लगाने की गति को और तेज करने के निर्देश दिए।

**बिजली की निरंतर सप्लाई के लिए साल भर चलेंगी मेंटेनेंस गतिविधियां**



### प्रदेश में 1.34 करोड़ घरेलू स्मार्ट मीटर में से अब तक 21 लाख लगाए

बताया गया कि प्रदेश में 1.34 करोड़ घरेलू स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 21 लाख से भी अधिक घरेलू स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मई-जून में विभिन्न स्थानों पर हुए विद्युत अवरोधों पर चर्चा करते हुए कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए साल भर मेंटेनेंस गतिविधियां चलाई जाएं, ताकि आंधी, पानी या अन्य किसी घटना के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित न हो। उन्होंने कहा कि मेंटेनेंस गतिविधियों में नई एप्रोच के साथ नए उपाय किए जाएं। नए उपकरण क्रय किए जाएं। जहां घने पेड़ हैं, उनके नीचे से गुजरने वाले बिजली के तारों में कोटिंग कराएं। पॉवर/लाईन लॉसेस कम से कम करें।

### सोलर ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रेरित करें

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि घरेलू हो या औद्योगिक सभी जगह विद्युत का उपयोग बढ़ रहा है। इसलिए घरेलू और औद्योगिक संस्थानों को सोलर पॉवर के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इससे उपभोक्ता अपनी बिजली स्वयं पैदा कर अतिरिक्त बिजली बेच भी सकेगा। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में विद्युत उपयोग को भी सोलर पॉवर से चलित पम्पों पर शिफ्ट किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी जरूरत वाले जिलों में ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग यूनिट की स्थापना के लिए विभागीय नीति तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को सर्वाधिक लाभ उपलब्ध कराने के लिए ऊर्जा और नवकरणीय ऊर्जा विभाग मिलकर प्रयास करें।*

### वन टाइम सेटलमेंट स्कीम

*ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि बिजली बिल की बकाया राशि के समाधान के लिए विभाग द्वारा वन टाइम सेटलमेंट स्कीम प्रारंभ की जा रही है। घरेलू, औद्योगिक एवं वाणिज्यिक सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को उनकी मूल बिजली बिल राशि में अधिभार की छूट देकर बकाया राशि जमा करने की सुविधा दी गई है। यह स्कीम छह माह की अवधि के लिए लागू की जाएगी। इस अवधि के बाद भी बिजली बिल भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन विच्छेदित कर दिया जाएगा। उन्होंने विद्युत वितरण कम्पनियों के नए सेटअप के संबंध में भी चर्चा की।*

### बिजली कंपनियों को दो वर्ष में लाएं लाभ की स्थिति में

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अगले दो साल में तीनों विद्युत वितरण कंपनियां लाभ की स्थिति में आ जाएं इसके लिए विद्युत कंपनियां अपनी आय के साधन बढ़ाने के प्रयास करें। नई तकनीक इस्तेमाल करें, नवाचार करें, ताकि कंपनी के साथ-साथ उपभोक्ताओं को फायदा मिले। रबी सीजन में पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रबी 2025-26 के लिये पर्याप्त बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

### पीएम जन-मन में शत प्रतिशत विद्युतिकृत करने का दिया लक्ष्य

बैठक में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा ने बताया कि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) में विशेष पिछड़े जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के 29 हजार 290 परिवारों के घरों को शत प्रतिशत विद्युतीकरण कर देने का लक्ष्य लिया गया है। वर्तमान वित्त वर्ष में अब तक 21 हजार से अधिक पीवीटीजी परिवारों के घरों को विद्युतीकृत कर दिया गया है।

### प्रदेश के छह महानगरों में खोले जाएंगे एक-एक विद्युत पुलिस थाने

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश में ऊर्जा पुलिस संरचना स्थापित की जाएगी। पहले चरण में प्रदेश के छह महानगरों में एक-एक (कुल छह) विशेष विद्युत पुलिस थाने स्थापित किए जाएंगे। आगामी वर्षों में सभी जिला मुख्यालयों में यह पुलिस थाने स्थापित किए जाएंगे। ये पुलिस थाने चेकिंग अभियान के दौरान चेकिंग दस्तों को सुरक्षा उपलब्ध कराएंगे।

केंद्रीय मंत्री चौहान, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष शर्मा, राज्य निर्वाचन अधिकारी शेजवलकर ने किया संबोधित

# प्रधानमंत्री मोदी के मूल मंत्रों के साथ संगठन को आगे ले जाएंगे नए प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ष 2014 में भारतीय राजनीति में एक नया उदय हुआ, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की कमान संभाली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत के संकल्प के साथ देश को वैभवशाली और गौरवशाली बनाकर दुनिया में भारत का डंका बजा रहे हैं। मोदी का सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का मूल मंत्र देश के सभी वर्गों और क्षेत्रों के विकास के साथ रोज नया इतिहास लिख रहा है। हेमंत खंडेलवाल भी प्रधानमंत्री के इस मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ेंगे। आने वाले चुनावों में पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनावों से ज्यादा मत भाजपा को मिलेगा और प्रदेश की जनता का साथ पार्टी को मिलता रहेगा। यह बात केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान अभूतपूर्व काम किया है। निकाय चुनावों से लेकर विधानसभा-लोकसभा चुनावों में बड़ी सफलता अर्जित करने में बड़ी भूमिका अदा की। नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने हमेशा पार्टी के कार्यकर्ता के तौर पर पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया और पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा लगे रहे। उन्हें जो कार्य दिया गया, उन्होंने उसे सही ढंग से संपादित किया। अब आने वाले समय में चुनौतियां बढ़ी हैं, लेकिन हेमंत खंडेलवाल चुनौतियों का सामना कर सफलता प्राप्त करने के लिए जाने जाते हैं, आगे भी उनका यह सिलसिला जारी रहेगा।

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण, शिवराज ने कहा, आने वाले चुनावों में पिछले विस और लोस चुनावों से ज्यादा मत भाजपा को मिलेगा और प्रदेश की जनता का साथ पार्टी को मिलता रहेगा।*

**खास बातें**

- खंडेलवाल ने पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया और पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा लगे रहे: शर्मा
- पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के कार्यों की हुई प्रशंसा





### आप सभी के सहयोग से मैंने अपने दायित्व का निर्वाहन किया: शेजवलकर

भाजपा के राज्य निर्वाचन अधिकारी विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर 2 सितम्बर, 2024 को जिस संगठन पर्व की शुरुआत की थी, वह पर्व आज नए प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन के साथ संपन्न हो रहा है। मुझे बहुत खुशी है कि इस अभियान के दौरान हमने प्रदेश में 1.73 करोड़ से अधिक नए सदस्य बनाए। आप सभी के सहयोग से 65014 बूथों में से 64468 बूथ समितियों का गठन हुआ। 1313 मंडलों में से 1101 मंडलों का गठन हुआ और सभी 62 संगठनात्मक जिलों में जिला अध्यक्ष के चुनाव हुए। नए प्रदेश अध्यक्ष एवं 44 राष्ट्रीय परिषद सदस्यों का चुनाव किया है। उन्होंने कहा कि जब मुझे प्रदेश चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था, तब मैंने कहा था कि यह जिम्मेदारी मेरी योग्यता देखकर नहीं, अपितु आप सभी कार्यकर्ताओं की योग्यता पर विश्वास के चलते सौंपी गई है। आप सभी के सहयोग से इस दायित्व का निर्वाह संभव हुआ है, जिसके लिए आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद और नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं।

### विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने खंडेलवाल को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर दी बधाई



मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने भाजपा के मप्र संगठन इकाई के निर्वाचन में हेमंत खंडेलवाल के निर्विरोध निर्वाचन पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की है। तोमर ने कहा कि खंडेलवाल का सुदीर्घकालीन संगठनात्मक अनुभव, संगठन के प्रति निष्ठा, प्रतिबद्धता, सहजता, सादगी एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीय लगाव उनके इस पद पर चयन को प्रतिपादित करता है। तोमर ने कहा कि खंडेलवाल बैतूल संसदीय क्षेत्र से सांसद एवं बैतूल विधानसभा से दो बार विधायक निर्वाचित हुए हैं। खंडेलवाल बैतूल जिला संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं कुशाभाऊ ठाकरे भवन निर्माण समिति के प्रमुख एवं प्रदेश संगठन में कोषाध्यक्ष भी रहे हैं। उनका संगठनात्मक अनुभव कार्यकर्ताओं को नई दिशा प्रदान करने में सहायक होगा। तोमर ने कहा कि मुझे विश्वास है कि खंडेलवाल के नेतृत्व में प्रदेश संगठन नई ऊर्जा, नवाचार और समन्वय के साथ और अधिक सशक्त होगा तथा कार्यकर्ताओं को केंद्र में रखकर राष्ट्र प्रथम के हमारे ध्येय की ओर अग्रसर होगा।

### संगठन तंत्र की शक्ति ही वैभव का चित्र सजाती है: शर्मा



*भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मप्र का संगठन आदर्श है। आदर्श राज्य बनने में जनसंघ से लेकर भाजपा की कई पीढ़ियां खपी हैं। इसमें एक-एक कार्यकर्ता का अहम योगदान है। श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे के पदचिन्हों पर चलते हुए सामूहिकता की भावना से कार्यकर्ताओं ने इतिहास बनाया है। मप्र के 62 संगठनात्मक जिलों में 1313 मंडल के 65014 बूथों में से 99.9 प्रतिशत बूथ समितियों का गठन कर डिजिटली बूथ एनरोल्ड कर पार्टी ने देश में इतिहास बनाने का कार्य किया है। आज मैं सभी कार्यकर्ताओं से अपील करता हूं कि वे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में मध्यप्रदेश को और आगे ले जाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि आज मध्यप्रदेश में संगठन पर्व संपन्न हो गया है। मुझे इस बात का बहुत गर्व है कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ संगठन पर्व को पूरा कराया। यह वह मध्यप्रदेश है जिसे श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे, राजमाता विजयाराजे सिंधिया, स्वर्गीय सुंदरलाल पटवा, स्वर्गीय कैलाश जोशी से लेकर यहां उपस्थित सभी वरिष्ठ नेतृत्व ने मिलकर गढ़ा है। संगठन तंत्र की शक्ति ही वैभव का चित्र सजाती है।*

बगीचा थाना क्षेत्र के ग्राम उबका तेंदूपारा की घटना

## घरेलू विवाद के चलते पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर



जिले के बगीचा थाना क्षेत्र के ग्राम उबका तेंदूपारा में घरेलू विवाद के चलते एक शख्स ने नशे की हालत में अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका पूजा केरकेट्टा का प्रेम विवाह जॉन केरकेट्टा (39) से हुआ था। दोनों पिछले 20 वर्षों से पति-पत्नी के रूप में साथ रह रहे थे और उनके दो बच्चे भी हैं।

घटना का खुलासा मृतका के बेटे ने किया, जो 1 जुलाई को अपने नाना सावन विश्वकर्मा (60) के पास पहुंचा और बताया कि उसके माता-पिता के बीच विवाद और मारपीट हुई थी। पिता जॉन केरकेट्टा ने उसकी मां के सिर पर डंडे से वार किया, जिससे उनकी मौत हो गई। जब सावन विश्वकर्मा अपनी बेटी के घर पहुंचे, तो उन्होंने पूजा को मृत अवस्था में पाया। उसके सिर से खून बह रहा था। बगीचा थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी जॉन केरकेट्टा को उबका तेंदूपारा के जंगल से हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि 30 जून को जब वह घर लौटा तो उसकी पत्नी शराब के नशे में थी और उसके द्वारा बिना पूछे रखे हुए 1000 रुपये में से 500 रुपये खर्च कर दिए थे। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ। आरोपी ने बताया कि विवाद के दौरान उसकी पत्नी ने डंडे से हमला करने की कोशिश की, जिसके बाद उसने डंडा छीनकर सिर पर वार कर दिया। बाद में गुस्से में आकर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **विमल उर्फ हन्नी पुत्रः सन्नी, पताः** मकान नं. 1/749/13, आरआर ब्लॉक, रहमान बिल्डिंग, नवीन, शाहदरा, दिल्ली, **FIR No. 010097/2020, U/s 379/411/34 IPC,** थानाः कृष्णा नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विमल उर्फ हन्नी** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विमल उर्फ हन्नी** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 010097/2020, U/s 379/411/34 IPC,** थानाः कृष्णा नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **विमल उर्फ हन्नी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. भार्गव राव
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी—05,
कोर्ट नं 3, पूर्व कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/8577/SHD/2025
(Court Matter)

राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर सीएम रेखा गुप्ता ने डॉ. अश्विनी मेहता को सम्मानित किया




**नई दिल्ली।** सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट व सर गंगाराम अस्पताल के धर्मबीरा हार्ट सेंटर के अध्यक्ष, डा. अश्विनी मेहता को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस' पर सम्मानित किया। वे 30 वर्षों से अधिक मरीजों, मानवता, स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रमों, अथक 24×7 सेवा, स्वस्थ समाज व राष्ट्र के प्रति समर्पित हैं। सीएम रेखा गुप्ता ने डॉ. अश्विनी मेहता के सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में, उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम में मनजिंदर सिंह सिरसा, दिल्ली के पर्यावरण, वन मंत्री भी उपस्थित थे। डॉ. अश्विनी मेहता गैर आक्रामक व आक्रामक हृदय रोग विशेषज्ञ हैं। उनकी विशेषज्ञता स्टेम सेल, निवारक कार्डियोलॉजी व हृदय प्रत्यारोपण कार्यक्रमों में है। डॉ. अश्विनी मेहता की पहचान उनकी सकारात्मकता, करुणा और मरीजों के स्वास्थ्य लाभ के प्रति समर्पण से है।

# कलेक्टर का निरीक्षण, दिखाया सख्त रुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गुरुवार सुबह जिला पंचायत, जिला अस्पताल और करपात्री स्कूल में अचानक निरीक्षण कर कर्मचारियों की लापरवाही पर सख्त रुख अपनाया।

निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं मिले, जिसके चलते कलेक्टर ने उन्हें फटकार लगाई और कुछ से सार्वजनिक रूप से कान पकड़कर माफी मंगवाई। साथ ही, दर्जनभर कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

**देर से आने वाले कर्मचारियों को लगाई फटकार, कान पकड़कर मंगवाई माफी**

### उपस्थिति रजिस्टर देखने के बाद शोकॉज नोटिस



सुबह 10 बजे जिला पंचायत कार्यालय में कलेक्टर ने उपस्थिति रजिस्टर की जांच की, जिसमें 42 कर्मचारी देर से आने के दोषी पाए गए। कलेक्टर ने सभी के नाम नोट कर शोकॉज नोटिस जारी करने के आदेश दिए। मौके पर मौजूद कुछ कर्मचारियों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कान पकड़कर माफी मांगी और भविष्य में समय का पालन करने का वादा किया। कलेक्टर स्पष्ट किया कि कार्यदिवस का समय सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक है, और सभी कर्मचारियों को इसका सख्ती से पालन करना होगा। जिला अस्पताल के आकस्मिक निरीक्षण में कई चिकित्सक, तकनीकी स्टाफ और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी समय पर ड्यूटी पर नहीं मिले। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए सभी संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **अकमल, पुत्रः** बुनियाद अली, **पताः** लल्लन का मकान, गली नंबर 05, कांति नगर, दिल्ली **FIR No. 17/2020 U/s: 12/9/55 Gambling Act, पुलिस थानाः कृष्णा नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अकमल,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अकमल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अकमल, FIR No. 17/2020 U/s: 12/9/55 Gambling Act, पुलिस थानाः कृष्णा नगर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.10.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
पी भार्गव राव
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी—05, कोर्ट नं. 3,
पूर्वी जिला कड़कड़डूमा कोर्ट दिल्ली

DP/8583/SHD/2025
(Court Matter)

ईपीएफओ भोपाल ने प्रोत्साहन योजना के बारे दी पूर्ण जानकारी

**योजना का लाभ अगले दो वर्षों तक मिलेगा**

# पहली बार नौकरी ज्वॉइन करने वाले कर्मचारियों को दो किस्तों में एक महीने का वेतन अधिकतम 15,000 रुपए देगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्र सरकार ने अभी एक दिन पहले प्रोत्साहन ईएलआई योजना को मंजूरी दी है। इस योजना से अकेले मप्र में अनुमानित 10 लाख ऐसे बेरोजगारों को लाभ होगा, जो नौकरी की तलाश में निजी कंपनियों में जाएंगे।

इस योजना का लाभ अगले दो वर्षों तक मिलेगा। नौकरी पर रखने वाले नियोक्ता को भी इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सकेगा। यह योजना एक अगस्त 2025 से 31 जुलाई, 2027 के बीच सृजित नौकरियों पर लागू होगा।




### पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन

*पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों को ध्यान में रखते हुए, इस भाग में एक 10 हजार रुपए तक दो किस्तों में दिया जाएगा। एक लाख रुपए तक के वेतन वाले कर्मचारी हीने की सेवा के बाद और दूसरी किस्त 12 महीने की सेवा और कर्मचारी की ओर से वित्तीय साक्षरता पूरा करने के बाद दिया जाएगा। बचत की आदत को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन का एक हिस्सा एक निश्चित अवधि के लिए जमा खाते के बचत साधन में रखा जाएगा। कर्मचारी इसे बाद में निकाल सकेंगे।*

**योजना के दो भाग**

ईपीएफओ के क्षेत्रीय आयुक्त रोशन काश्यप ने हरिभूमि को बताया कि इस योजना के तहत, जहां पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को एक महीने का वेतन (15,000 रुपए तक) मिलेगा, वहीं नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार पैदा करने के लिए दो साल के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा, साथ ही विनिर्माण क्षेत्र के लिए दो साल के लिए विस्तारित लाभ दिया जाएगा। ईएलआई योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2024-25 में प्रधानमंत्री की पांच योजनाओं के पैकेज के हिस्से के रूप में की गई थी, जिसका कुल बजट परिव्यय 2 लाख करोड़ रुपए है। इस योजना के दो भाग है, जिसमें भाग ए पहली बार आवेदन करने वालों पर केंद्रित है। जबकि भाग बी नियोक्ताओं पर केंद्रित है।

### इस नियम का करना होगा पालन

ईपीएफओ के साथ पंजीकृत प्रतिष्ठानों को कम से कम छह महीने के लिए निरंतर आधार पर कम से कम दो अतिरिक्त कर्मचारी (50 से कम कर्मचारियों वाले नियोक्ताओं के लिए) या पांच अतिरिक्त कर्मचारी (50 या अधिक कर्मचारियों वाले नियोक्ताओं के लिए) नियुक्त करने की आवश्यकता होगी।

### प्रोत्साहन संरचना इस तरह होगी

| अतिरिक्त कर्मचारी का ईपीएफ वेतन स्लैब | नियोक्ता को लाभ (प्रति माह प्रति अतिरिक्त रोजगार) |
|---|---|
| 10,000 रुपए तक | 1,000 रुपए तक |
| 10.000 रुपए से अधिक और 20,000 रुपए तक | 2,000 रुपए |
| 20,000 रुपए से अधिक | 3,000 रुपए |

**ईपीएफ वेतन 10,000 तक है तो मिलेगा आनुपातिक लाभ**

जिन कर्मचारियों का ईपीएफ वेतन 10,000 रुपए तक है. उन्हें आनुपातिक प्रोत्साहन मिलेगा। योजना का परिणाम युवाओं, पुरुषों और महिलाओं के लिए सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करना है।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 477 दिनांक 24.06.2025 धारा 1140 (3) बी.एन.एस. थाना कुण्डली जिला सोनीपत ।**



गुमशुदा की पहचान
नाम- रिषिका ।
पिता का नाम- सोनू ।
पता - बली कुतुबपुर गन्नौर सोनीपत ।
उम्र- 13 वर्ष
कद- 5 फुट ।
हुलिया- रंग सावंला, लम्बुतरा चेहरा काले बाल, काली आँखे, गोल नाक, पतला शरीर हैं।
पहनावा जीन्स पेन्ट और टी-शर्ट पहने हुए और बाएं हाथ पर रिषिका लिखा हुआ है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 24-06-2025 को रिषिका पुत्री सोनू वासी बली कुतुबपुर गन्नौर सोनीपत हरियाणा जो कम्पनी न. 60,61 सेक्टर 57 कुण्डली से बिना किसी को बताए अपनी झुग्गी से कही चली गयी है। जो अब तक वापिस नही आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना - 7419410537
अनुसंधानकर्ता मो0 न0 9416479970
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त ।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/3598/2026/36214/88/7 दि. 03.07.2025

चिंतन

# किसान आत्महत्या रोकने की हो ईमानदार पहल

किसानों की दशा सुधारने पर खास ध्यान देने की जरूरत है। महाराष्ट्र सरकार ने माना है कि चालू वर्ष में जनवरी से मार्च के बीच तीन महीनों में 767 किसानों ने आत्महत्या की है। देश में सबसे अधिक किसान आत्महत्या वाले राज्यों में महाराष्ट्र शुमार है। केंद्र से लेकर राज्य सरकार अपने स्तर पर किसानों व कृषि के लिए अनेक योजनाएं शामिल हैं, जिनमें वार्षिक छह हजार रुपये किसान सम्मान निधि से लेकर उर्वरक सब्सिडी तक शामिल हैं। कृषि उपज की बिक्री के लिए भी पर्याप्त उपाय किए गए हैं। सरकार ने किसानों को कृषि के लिए सस्ते कर्ज उपलब्ध करवाए हैं। इसके बावजूद अगर किसान आत्महत्या को मजबूर हो रहे हैं, तो निश्चित ही सरकार को किसानों के हित की सभी योजनाओं का सोशल ऑडिट करना चाहिए। या तो योजनाओं के लाभ किसानों तक पहुंच नहीं रहे हैं या या फिर योजनाएं किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए नाकाफी हैं। महाराष्ट्र सरकार ने जब इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान से किसान आत्महत्या के कारणों का अध्ययन करवाया था तो, वजह के रूप में कर्ज, महंगी ब्याज दर, कम आय, फसलों की बर्बादी, पारिवारिक मुद्दे, आय के दूसरे स्रोत की कमी, आय के लिए वैल्यू एडिशन अवसरों की कमी आदि सामने आए थे। महाराष्ट्र में किसान आत्महत्या को लेकर बेशक विपक्ष के नेता राहुल गांधी सरकार पर निशाना साधने के लिए राजनीति करें, लेकिन आंकड़े गवाह हैं कि महाराष्ट्र में कांग्रेस या कांग्रेस गठबंधन की सरकारों के समय भी किसानों की आत्महत्या का सिलसिला कभी थमा नहीं। कांग्रेस शासन में महाराष्ट्र का विदर्भ क्षेत्र किसान आत्महत्या का मुख्य केंद्र रहा। भाजपा भी कभी शिवसेना के साथ, तो अब दूसरे दलों के साथ शासन में है, किसान आत्महत्या की समस्या बनी हुई है। महाराष्ट्र में किसी की भी सरकार रही हो, किसानों की आत्महत्या रोकने में सफलता किसी को नहीं मिली। महाराष्ट्र में करीब 70 हजार करोड़ रुपये के सिंचाई घोटाले की जांच अब तक पूरी नहीं की गई है। राजनीतिक ठीकरा फोड़ने भर से समस्या का समाधान नहीं होगा, किसानों की आत्महत्या रोकने के लिए जमीनी स्तर पर काम करना होगा। कृषि व सिंचाई योजनाओं में गहरे तक व्याप्त भ्रष्टाचार के दोषियों को भी न्याय के कटघरे तक लाना होगा। महाराष्ट्र के वर्तमान मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस खुद विदर्भ से आते हैं, उन्हें इस क्षेत्र की किसान समस्याओं के बारे में जानकारी है, ऐसे में वे किसान आत्महत्या रोकने की दिशा में बेहतर काम कर सकते हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों से पता चलता है कि देश में 1995 से 2014 के बीच 296,438 किसानों ने आत्महत्या की थी। 2014 से 2022 के बीच नौ वर्षों में यह संख्या 100,474 थी। एनसीआरबी के मुताबिक, 2022 में किसान आत्महत्या की सबसे अधिक घटना वाले राज्य महाराष्ट्र (4,248), कर्नाटक (2,392), आंध्र प्रदेश (917), तमिलनाडु (728) और मध्य प्रदेश (641) थे। महाराष्ट्र में वर्ष 2023 में 2851 तो वर्ष 2024 में 2651 किसानों ने आत्महत्या की। आखिर कृषि योजनाएं किसान आत्महत्या रोकने में क्यों सफल नहीं हो पा रही हैं? बजट के स्तर पर सरकार ने कृषि क्षेत्र को लगातार तवज्जो दी है, इसके बाद भी हालात नहीं सुधर रहे हैं, तो नीति परिवर्तन से लेकर योजनाओं के क्रियान्वयन तक सभी बिंदुओं पर ईमानदारी से विचार करने की जरूरत है। सस्ते व आसान कर्ज, डीबीटी स्कीम्स व एमएसपी से आगे सोचने की आवश्यकता है। कृषि व सिंचाई क्षेत्र के घोटाले भी किसानों की दशा सुधारने में बाधक हैं।

पुण्यतिथि

अरविंद जयतिलक



# भविष्य में भी प्रासंगिक रहेंगे स्वामी विवेकानंद के विचार

आज स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि है। उन्होंने अपने विचारों से अतीत के अधिष्ठान पर वर्तमान का और वर्तमान के अधिष्ठान पर भविष्य का बीजारोपण किया। स्वामी जी का उदय ऐसे समय में हुआ जिस समय भारत के सामाजिक पुनरुत्थान के लिए राजाराम मोहन राय और शिक्षा के विकास के लिए ईश्वरचंद विद्यासागर जैसे अनगिनत मनीषी भारतीय समाज में नवचेतना का संचार कर रहे थे। स्वामी जी अपने विचारों के जरिए स्वधर्म और स्वदेश के लिए अप्रतिम प्रेम और स्वाभिमान की ऊर्जा प्रवाहित कर जाग्रत-शक्ति का संचार किया जिससे भारतीय जन के मन में अपनी ज्ञान, परंपरा, संस्कृति और विरासत का गर्वपूर्ण बोध हुआ। उनकी दृष्टि में समाज की बुनियादी इकाई मनुष्य था और उसके उत्थान के बिना वे देश व समाज के उत्थान को अधूरा मानते थे। उनका दृष्टिकोण था कि राष्ट्र का वास्तविक पुनरुद्धार मनुष्य-निर्माण से प्रारंभ होना चाहिए। मनुष्य में शक्ति का संचार होना चाहिए जिससे कि वह मानवीय दुर्बलताओं पर विजय प्राप्त करने में और प्रेम, आत्मसंयम, त्याग, सेवा एवं चरित्र के अपने सद्गुणों के जरिए उठ खड़ा होने का सामर्थ्य जुटा सके। वे सर्वसाधारण जनता की उपेक्षा को एक बड़ा राष्ट्रीय पाप मानते थे। 1893 में शिकागो में धर्म सम्मेलन (पार्लियामेंट आर्फ रिलीजन) के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि 'मेरी यह धारणा वेदान्त के इस सत्य पर आधारित है कि विश्व की आत्मा एक और सर्वव्यापी है। स्वामी जी गरीबी को सारे अनर्थों की जड़ मानते थे। इसलिए उन्होंने दुनिया को सामाजिक-आर्थिक न्याय और समता-समरसता पर आधारित समाज गढ़ने का संदेश दिया। वे ईश्वर-भक्ति और धर्म-साधना से भी बड़ा काम गरीबों की गरीबी दूर करने को मानते थे। एक पत्र में उन्होंने लिखा है कि 'ईश्वर को कहां ढूंढ़ने चले हो। ये सब गरीब, दुखी और दुर्बल मनुष्य क्या ईश्वर नहीं हैं? इन्हीं की पूजा पहले क्यों नहीं करते?' उन्होंने स्पष्ट घोषणा की थी कि 'गरीब मेरे मित्र हैं। मैं दरिद्रता को आदरपूर्वक अपनाता हूं। गरीबों का उपकार करना ही दया है।' स्वामी जी ने भारत के लोगों को संबोधित करते हुए शिकागो से एक पत्र में लिखा कि याद रखो कि देश झोपड़ियों में बसा हुआ है, परंतु शोक! उन लोगों के लिए कभी किसी ने कुछ नहीं किया।' स्वामी जी ने गुरु रामकृष्ण परमहंस के स्वर्गारोहण के बाद उनकी स्मृति में 'रामकृष्ण मिशन' की स्थापना की। मिशन का उद्देश्य गरीबों, अनाथों, बेबसों और रोगियों की सेवा करना था। जब उन्होंने मठ के संन्यासियों के समक्ष यह प्रस्ताव रखा तो उनका भारी विरोध हुआ। संन्यासियों ने तर्क दिया कि हम सन्यासियों को ईश्वर की आराधना करना चाहिए न कि दुनियादारी में पड़ना चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि 'आप अपना शरीर, मन, वचन सब कुछ परोपकार में लगा दो। तुमको पता है 'मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, अर्थात माता में ईश्वर का दर्शन करो। पिता में ईश्वर का दर्शन करो' लेकिन मैं कहता हूं 'दरिद्र देवो भव, मूर्ख देवो भव। अनपढ़, नादान और पीड़ित को अपना भगवान मानो और जानो कि इन सबकी सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है।' उनका मानना था कि मानवता के सत्य को पहचानना ही वास्तव में वेदांत है। वेदांत का संदेश है कि यदि आप अपने बांधवों अर्थात साक्षात ईश्वर की पूजा नहीं कर सकते तो उस ईश्वर की पूजा कैसे करोगे जो निराकार है। एक व्याख्यान में स्वामी जी ने कहा कि जब तक लाखों लोग भूखे और अज्ञानी हैं तब तक मैं उस प्रत्येक व्यक्ति को कृतघ्न समझता हूं, जो उनके बल पर शिक्षित बना और उनकी ओर ध्यान नहीं देता है। स्वामी जी आम आदमी के उत्थान के लिए धन का समान वितरण आवश्यक मानते थे। वे इस बात के विरुद्ध थे कि धन कुछ लोगों के हाथों में केंद्रीत हो। स्वामी जी अंग्रेजों द्वारा भारत के संसाधनों के शोषण से चिंतित थे और भारत की दुर्दशा का इसे एक बड़ा कारण मानते थे। वे देश की तरक्की के लिए कृषि और उद्योग का विकास चाहते थे। वे अक्सर परामर्श देते थे कि रामकृष्ण मिशन जैसी संस्थाओं को निःस्वार्थ भाव से गरीबी से जूझ रहे किसानों की दशा में सुधार लाने वाले कार्यक्रम एवं परियोजनाएं हाथ में लेनी चाहिए। स्वामी जी इस मत के प्रबल हिमायती थे कि भारत का औद्योगिक विकास जापान की तरह विशेषताओं को सुरक्षित रखते हुए होना चाहिए। वे चाहते थे कि देश में स्वदेशी उद्योगों की स्थापना हो। स्वामी जी का मातृभूमि से तादातम्य संपूर्ण था। स्वामी जी की शिष्या भगिनी निवेदिता ने कहा है कि 'भारत स्वामी जी का गहनतम अनुराग रहा है, भारत उनके वक्ष पर धड़कता है, भारत उनकी नसों में स्पंदन करता है, भारत उनका दिवास्वप्न है, भारत उनका निशाकल्प है, वे भारत का रक्त-मज्जा से निर्मित साक्षात शरीर रूप हैं, वे स्वयं ही भारत हैं।'

(लेखक प्रसिद्ध स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



सियासत

योगेश कुमार सोनी

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चुनाव के समय मोदी जी ने आपको गारंटी दी थी 'जहां झुग्गी-वहां मकान।' उनका मतलब था- 'जहां झुग्गी-वहां मैदान।' वो ये कहना चाहते थे मुझे वोट दे दो, मैं सारी झुग्गियां तोड़ दूंगा और मैदान बना दूंगा। इस पर पलटवार करते हुए बीजेपी का कहना है कि केवल अवैध झुग्गियों पर ही कार्रवाई हो रही है। जिन लोगों ने रेलवे लाइन से बिल्कुल सटाकर व ऐसी जगह जहां उनकी जान को खतरा है, वहां निर्माण किया हुआ है, केवल उन झुग्गियों पर ही डेमोलेशन होगा। दिल्ली के गृहमंत्री आशीष सूद ने कहा है कि सरकार किसी भी गरीब का आवास नहीं उजाड़ेगी। समाज के सबसे गरीब व्यक्ति का कल्याण करना भाजपा का लक्ष्य है।

# दिल्ली : झुग्गियों में उलझा पक्ष-विपक्ष

हाल ही में दिल्ली में झुग्गियों को लेकर सियासत गरमाई हुई है। जहां विपक्ष इस बात लेकर सरकार को घेर रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकार अपना पक्ष रखकर जनता को समझाने में लगी हुई है। बीते रविवार को आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर बैक किया व आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में झुग्गियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के विरोध में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि मोदी की गारंटी झूठी, फर्जी और नकली है। आगे कभी जिंदगी में मोदी की गारंटी पर भरोसा मत करना। केजरीवाल ने यह भी कहा कि चुनाव के समय मोदी जी ने आपको गारंटी दी थी 'जहां झुग्गी-वहां मकान।' उनका मतलब था- 'जहां झुग्गी-वहां मैदान।' वो ये कहना चाहते थे मुझे वोट दे दो, मैं सारी झुग्गियां तोड़ दूंगा और मैदान बना दूंगा।

इस पर पलटवार करते हुए बीजेपी का कहना है कि केवल अवैध झुग्गियों पर ही कार्रवाई हो रही है। जिन लोगों ने रेलवे लाइन से बिल्कुल सटाकर व ऐसी जगह जहां उनकी जान को खतरा है, वहां निर्माण किया हुआ है, केवल उन झुग्गियों पर ही डेमोलेशन होगा, वो भी कोर्ट के आदेश के अनुसार। इस मामले को लेकर दिल्ली के गृहमंत्री आशीष सूद ने कहा है कि सरकार किसी भी गरीब का आवास नहीं उजाड़ेगी। उन्होंने कहा कि समाज के सबसे गरीब व्यक्ति का कल्याण करना भाजपा का लक्ष्य है। यह केवल नारा नहीं, बल्कि भाजपा का देश-समाज के परिवर्तन का मार्ग है। गृहमंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने 2500 मकानों को रहने लायक बनाने की दिशा में काम किया गया। पूर्ववर्ती सरकार ने इन मकानों पर 'मुख्यमंत्री' नहीं लिखा होने के कारण इन्हें गरीबों को नहीं सौंपा था। इस कारण वर्षों से यह मकान खाली पड़े थे और गरीबों को घर का लाभ नहीं मिल पा रहा था। लेकिन अब 43 करोड़ रुपये की लागत से इन मकानों को फिर से तैयार किया जा रहा है। सूद ने कहा कि आवास उन्हीं गरीबों को दिए जाएंगे जिनके पास अपने छत की सुविधा उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि सच यह है कि मदरासी कैंप को अर्बन फ्लडिंग परियोजना के तहत खाली कराया गया, और सरकार ने वहां के निवासियों को पुनर्वास प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि उनके आवासों को तोड़ा नहीं गया है। कुल 370 में से 215 परिवार पात्र पाए गए, और उन्हें सम्मानपूर्वक पुनर्वासित किया गया है। लेकिन अब सवाल यही है कि क्या पक्ष-विपक्ष केवल झुग्गियों में उलझ कर अपनी राजनीति करेंगे या अन्य योजनाओं पर बात व काम भी होगा। जैसे कि केजरीवाल सरकार की मोहल्ला क्लीनिक योजना अब आगे नही बढ़ रही। बीजेपी ने मोहल्ला क्लीनिक को आयुष्मान आरोग्य मंदिर रखा लेकिन अब तक वह कहीं भी शुरू होते नहीं दिखी, हालांकि बीते लगभग 2 वर्षों से अधिकतर मोहल्ला क्लिनिक बेहाल अवस्था में ही थे, जिसको लेकर दिल्ली की जनता बहुत नाराज थी। बीजेपी ने इसमें परिवर्तन करके आगे संचालित करने की बात कही थी और इस पर शुरुआत से काम करने को लेकर कहा गया था लेकिन यह विफल होती दिख रही है। इसके भी तमाम अहम



कारण व महत्वपूर्ण योजनाएं हैं जिस पर काम होना था लेकिन अभी सब शून्य है।


राजधानी दिल्ली में बीजेपी की सरकार बने लगभग पांच महीने हो चुके हैं और सरकार का हनीमून पीरियड भी खत्म हो गया है। अब सरकार को अपने वादों के अनुसार काम करना चाहिए चूंकि दिल्ली एकमात्र ऐसा राज्य है जहां बीजेपी को ढाई दशक से भी अधिक समय बाद अपनी सत्ता काबिज करने का मौका मिला है। बीजेपी के अनुसार 2500 रुपये हर महीने मिलने वाली योजना उन महिलाओं के लिए है जिनको सालाना 3 लाख से कम सैलरी मिलती है और वो टैक्स स्लैब में नहीं आती हैं। ऐसी महिलाएं जो सरकारी नौकरी नहीं करती और उनकी उम्र 18 से 60 साल के बीच है। जिन महिलाओं को सरकार से कोई भी वित्तीय सहायता नहीं मिलती है। इसके अलावा जिनके 3 या उससे अधिक बच्चे हैं, उनको हर महीने 2500 रुपये वाली योजना का फायदा नहीं होगा। इस पर भाजपा सरकार ने कड़े नियम लाने की बात भी कही थी। हालांकि इस योजना को लेकर बीजेपी ने 5100 करोड़ रुपये का बजट पारित किया भी किया हुआ है। इसको लेकर विपक्ष ने तंज मारते हुए कहा कि एक तरफ संघ के कुछ नेता मुसलमानों की तर्ज पर हिंदुओं को दस बच्चे पैदा करने के लिए प्रेरित करते हैं तो यह योजना किसी के काम नहीं आने वाली। ज्ञात हो कि बीजेपी सरकार ने शपथ भी नहीं ली थी और सबसे पहले यमुना की सफाई शुरू करते ही वहां आरती भी शुरू कर दी थी जिसको लेकर जनता बहुत प्रभावित हुई लेकिन उसके बाद कुछ खास काम होता नहीं दिखाई दिया। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बीजेपी की रेखा गुप्ता सरकार को काउंटर करते हुए कहा कि यमुना की सफाई को लेकर किए गए दावे पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। यादव ने कहा कि यमुना के 7 मुख्य स्टेशनों से लिए गए पानी के नमूनों की जांच रिपोर्ट में यह पाया गया कि यमुना का पानी न तो पीने योग्य है और न ही नहाने के लायक। यादव ने यह भी कहा कि बीजेपी सरकार ने यमुना सफाई को अपनी प्राथमिकता बताया था परंतु अब केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा कराई गई पानी की गुणवत्ता जांच ने सच्चाई बता दी है।

रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली के सातों स्थानों पर जल गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई है। यादव ने इस बीजेपी सरकार की नाकामी बताई। बहरहाल समय के रहते बीजेपी को धरातल पर काम करना होगा। चूंकि एक लंबे अरसे बाद सत्ता में वापसी हुई है तो इस बात का ख्याल रखना होगा कि 'सबका साथ सबका विकास' वाली तर्ज पर काम हो। गुणवत्ता व भरोसे के आधार पर जनता ने वोट दिया है तो उसके विश्वास को बनाए रखने के लिए योजनाओं व विकास पर काम होना चाहिए। अब सावन का मौसम आने को है। इस मौसम में दिल्ली में जल भराव से पूरा शहर ठप पड़ जाता है और मानव जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त सा होने लगता है। इसको लेकर अभी तक कोई रणनीति नहीं दिख रही, वहीं अभी भी कई इलाकों में पानी की आपूर्ति को लेकर परेशानी जस की तस बनी हुई है। इसके अलावा तो सबसे बड़ी चुनौती सर्दियां आते ही शुरू होगी, जिससे दिल्ली की सबसे बड़ी परीक्षा से गुजरना पड़ेगा और वो है प्रदूषण। चूंकि जैसे ही दिल्ली में सर्दियां शुरू होती हैं, वैसे ही प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ जाता है कि लोगों का जीना मुहाल होता जाता है। दिल्ली में कंस्ट्रक्शन बंद, डीजल वाहन बंद व इसके अलावा कई गतिविधियों पर रोक सी लग जाती है जिससे कई करोड़ों का नुकसान होता है व लोगों की सेहत भी प्रभावित होती है। इसलिए बीजेपी के सामने कांटे भरी राह है तो वह समय के साथ अपने आपको अपडेट व अपग्रेड कर ले जिससे जनता विश्वास व साथ बना रहे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## जीवन में अधिक प्रदूषण निरर्थक प्रवृत्तियों से है



संकलित

दर्शन

यदि व्यक्ति अपनी सारी प्रवृतियों का सूक्ष्म निरीक्षण करे तो उसे यह समझ में आएगा कि उसकी प्रवृतियों में निरर्थक प्रवृतियों का जमघट सबसे अधिक है। अनावश्यक बोलना, अनावश्यक कार्य करना, व्यर्थ समय खोना, अनावश्यक विषयों में सोचते रहना। मनोरंजन के नाम पर अनावश्यक अश्लील हंसी मजाक करना, हानिकारक और व्यर्थ की प्रथाओं परिपाटियों का पालन करना, तास पत्ती और अंकों के खेल खेलकर धन नष्ट करना आदि अनेक ऐसी प्रवृतियां है जो न केवल निरर्थक है अपितु अनेक आपदाओं को भी जन्म दे देती है। ऐसी प्रवृतियां लोक जीवन में घर किए हुए हैं। लाखों करोड़ों व्यक्ति आंख मूंद कर ऐसे अनावश्यक कार्यों में अपना तन मन और धन नष्ट कर रहे हैं। अनेक संघर्ष और तनाव जो मानव जीवन में व्याप्त है। उनमें से अधिकांश तो ऐसी निरर्थक बातों के कारण ही है। व्यक्ति अपने तनाव और चिन्ता से मुक्त होने के अनेक उपाय करता है। किन्तु अन्य कोई उपाय करने के पहले उसे अपने जीवन से उन निरर्थक कार्यों को अलविदा कहना चाहिए जो उसके जीवन में व्यर्थ ही डेरा डाले हुए है और उसके तन मन को प्रदुषित कर रहे हैं। यदि जीवन में प्रवृतियों का निरर्थक अंश समाप्त हो जाता है और जीवन में सार स्वरुप आवश्यक कार्य विधियां ही शेष रहती है तो व्यक्ति के अधिकांश तनाव प्रकरण तो ऐसे ही समाप्त हो जाएंगे। भगवान महावीर प्रभु ने मानव मात्र के लिए एक महत्व पूर्ण व्रत दिया है 'अनर्थ दणण्ड विरमणव्रत' इस व्रत का विधान है जीवन में निरर्थक प्रवृतियों का त्याग करना। - *कांतिलाल मांडोत*

## हनुमान जी ने सूर्य देव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित

प्रेरणा

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हिंदी हर नजर से सर्वश्रेष्ठ

हमें अंग्रेजी बोलने में शर्म इसलिए आनी चाहिए क्योंकि जिन अंग्रेजों ने हमारे देश पर वर्षों राज कर देश को आर्थिक रूप से बर्बाद कर दिया, हम हिंदुस्तानियों पर ज़ुल्म ढाहे, आज आजाद देश में हम उनकी भाषा को मान-सम्मान देते हैं, इसे प्रयोग करने में गर्व महसूस करते हैं। आज हम भारतीयों में से बहुत से लोग अपनी हिंदी भाषा को बोलने में शर्म महसूस करते हैं, जबकि हमारे देश को आजाद करवाने वाले देशभक्तों और महापुरुषों ने हिंदी बोलने में अपनी शान समझी। उन्होंने इसके विस्तार के लिए काम भी किया। महात्मा गांधी ने हिंदी के लिए कहा था कि, परस्पर व्यवहार के लिए ऐसी भाषा की आवश्यकता है जिसे जनता का अधिकतम भाग पहले से ही जानता-समझता हो। हिंदी इस नजर से सर्वश्रेष्ठ है। - *विजय नायडू, भाटापारा*

## ट्रेंड

### भारत और घाना में संबंध



मुझे मिला 'ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' सम्मान हमारे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, उनकी आकांक्षाओं, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और भारत और घाना के बीच ऐतिहासिक संबंधों को समर्पित है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**


### अमरनाथ यात्रा आरंभ



श्रद्धा, साधना और शिवभक्ति से ओत-प्रोत, सनातन परंपरा की जीवंत प्रतीक श्री अमरनाथ यात्रा आरंभ हो गई है। बाबा बर्फानी के दिव्य दर्शन का सौभाग्य श्रद्धालुओं के जीवन को मंगलमय बनाए।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### कलाकारों को पेंशन



बिहार राज्य के वरिष्ठ एवं आर्थिक रूप से कमजोर कलाकारों को मासिक पेंशन प्रदान के लिए मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना को कैबिनेट से मंजूरी प्रदान कर राशि स्वीकृत कर दी गई है। वरिष्ठ व उत्कृष्ट कलाकारों को प्रतिमाह 3 हजार रुपए की पेंशन राशि प्रदान की जाएगी।

**-नीतीश कुमार, सीएम, बिहार**

### स्टेट टाइगर फोर्स



मप्र वन विभाग की स्टेट टाइगर फोर्स ने अंतरराष्ट्रीय बाघ तस्कर ताशी शेरपा को सजा दिलाने की उत्कृष्ट कार्रवाई की है, जिसके लिए इंटरपोल मुख्यालय ल्योन, फ्रांस ने बधाई पत्र प्रेषित कर प्रशंसा की है। वन अधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

**- डा. मोहन यादव, सीएम, मप्र**

## करंट अफेयर


### गुलामी से बेहतर है जेल की अंधेरी कोठरी: इमरान खान



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि वह गुलामी स्वीकार करने के बजाय जेल की अंधेरी कोठरी में रहना पसंद करेंगे। खान ने अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आशूरा के बाद वर्तमान शासन के खिलाफ विद्रोह करें। आशूरा, पैगंबर साहब के पोते इमाम हुसैन की शहादत के शोक में मोहर्रम का 10वां दिन है। इस साल यह दिन छह जुलाई को है। खान ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैं पूरे देश, विशेषकर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के कार्यकर्ताओं और समर्थकों से आग्रह करता हूं कि वे आशूरा के बाद इस अत्याचारी व्यवस्था के खिलाफ उठ खड़े हों। खान ने कहा, मैं गुलामी को स्वीकार करने के बजाय जेल की एक अंधेरी कोठरी में रहना पसंद करूंगा। खान कई मामलों में लगभग दो वर्षों से जेल में हैं। खान ने कहा कि उनकी आवाज़ को हर तरीके से दबाने की कोशिश की जा रही है। सेना प्रमुख आसिम मुनीर पर टिप्पणी करते हुए खान ने कहा, जब कोई तानाशाह सत्ता में आता है, तो उसे लोगों के मतों की ज़रूरत नहीं होती वह क्रूर बल के ज़रिए शासन करता है।

## ऑफ बीट

### खटमल एक वैश्विक समस्या इसके बारे में जानकारी कम



खटमल छोटे, उड़ने से लाचार कीड़े होते हैं जो मानव रक्त पर जीते हैं। कई प्रजातियां हैं, लेकिन सबसे अधिक लोगों को जिस प्रजाति का पता है वह साइमेक्स लेक्टुलरियस है। रोमनों ने उन्हें साइमेक्स कहा, जिसका अर्थ है बग। 1758 में बहुत बाद में प्राकृतिक इतिहासकार कार्ल लिनिअस ने इनके नाम के साथ 'लेक्ट्युलरियस' को जोड़ा, जिसका अर्थ है बिस्तर या सोफा। हमारा रक्त उनके पोषण का मुख्य स्रोत है, लेकिन वह जीने के लिए अन्य जानवरों का खून भी पीते हैं, जैसे पक्षियों, पालतू जानवरों और चमगादड़ों आदि का। खटमल में एक जटिल आंत माइक्रोबायोटा होता है, जो उन्हें हमारे रक्त से आवश्यक सभी पोषक तत्वों को निकालने में मदद करता है। किशोरों को एक जीवन चरण से दूसरे में विकसित होने के लिए रक्त भोजन की आवश्यकता होती है - इसलिए, वयस्क बनने के लिए, प्रत्येक खटमल को कम से कम पांच रक्त भोजन की आवश्यकता होगी। वयस्क खटमल, हालांकि, भोजन के बिना पूरे वर्ष जीवित रह सकते हैं। वे उड़ नहीं सकते। जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं, चलने से वह बहुत दूर नहीं जा सकते, लेकिन यह घर में हर तरफ फैल जाते हैं। और खटमल ज्यादा दूर तक जाने के लिए इनसानों का इस्तेमाल करते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## झारखंड दौरे पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने गढ़वा को दी सौगात

# 2400 सौ करोड़ की योजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

### सांसदों, मंत्रियों और विधायकों ने किया स्वागत, देखने के लिए उमड़ पड़ी भीड़

एजेंसी ▶▶ गढ़वा

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी गुरुवार को बिरसा मुंडा हेलीपैड पहुंचे। यहां डीसी और एसपी ने उनका पुष्प



गुच्छ देकर स्वागत किया। हूर में उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान 2 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण रिमोट का बटन दबाकर किया। गढ़वा में 1129 करोड़ की लागत से गढ़वा फोर लेन बाइपास सड़क का उद्घाटन किया जबकि 1330 करोड़ की लागत से गुमला से छत्तीसगढ़ फोरलेन सड़क का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इस मौके पर कई नेता मौजूद थे।

**दोनों हाइवे की लागत 2455.28 करोड़**

गढ़वा में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 43 पथ जिसकी कुल लंबाई 32.370 किलोमीटर है और इसमें 1325.80 करोड़ की लागत लगी है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 39 पथ की लंबाई 22.730 किलोमीटर है और इसकी लागत 1129.48 करोड़ की है। इन सड़कों की कुल 55.100 किमी है जिसकी कुल लागत लागत 2455.28 करोड़ की है।




**कई योजनाओं को दी मंजूरी**

गढ़वा से अंबिकापुर तक सड़क बनाने की मांग मंजूर करता हूं। आपके सांसद की वजह से यह सड़क बनी है उन्होंने एक मांग की सड़क की इसकी भी मंजूरी देता हूं। मुख्यमंत्री हेमंत आने वाले थे लेकिन उनके पिता जी की तबीयत खराब है। इसलिए नहीं आए हम उनके स्वास्थ लाभ की कामना करता हूं। आप लैंड इक्वडिशन का काम पूरा करिए आपको सड़क मैं दूंगा, मैं दो लाख करोड़ रुपय की काम झारखंड में करना चाहता हूं।

**गढ़वा शहर को जाम से मुक्ति मिलेगी**

भारत माला प्रोजेक्ट के तहत गढ़वा शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए एनएच 75 फोरलेन सड़क की स्वीकृति मिली थी जो रांची से वाराणसी कॉरीडोर के रूप में विस्तार किया जा रहा है। यह सड़क 22 किमी लंबी है जो पलामू से गढ़वा के खजुरी तक बनी है। इससे जाम से मुक्ति मिलेगी।

**इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा तो उद्योग के साथ व्यवसाय, व्यापार बढ़ेगा**

गडकरी ने कहा कि इस क्षेत्र के लिए फोरलेन सड़क के लिए आपको बधाई देता हूं। हमारे इस क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगी तो उद्योग, व्यवसाय, व्यापार बढ़ेगा। झारखंड की भूमि ऐतिहासिक भूमि है वीरों की भूमि है यहां की जमीन का कृषि क्षेत्र में अच्छी तरह कार्य हो रहा है।

**चावल की भूसी से इथेनॉल बनाएं**

गडकरी ने कहा कि चावल की भूसी से इथेनॉल बनाएं। 20 प्रतिशत पेट्रोल में हमारे यहां इथेनॉल खपत होती है। झारखंड की प्रगति हो झारखंड का विकास हो इसके लिए भारत सरकार आपकी मदद करेगी। राज्य सरकार सड़क निर्माण को लेकर जो योजना भेजगी वो भी स्वीकृत होगी।

**मैं जो वादा करता हूं... उसे पूरा भी करता हूं**

देश का किसान विकसित होगा तो देश समृद्ध होगा। जो वादा करता हूं पूरा करता हूं। कई उद्योग की भी संभावनाएं हैं उस दिशा में भी काम करने की जरूरत है। एलपीजी गैस के क्षेत्र में इंडस्ट्री लगाई जाएगी। जल जंगल जमीन से जुड़ी इकोनॉमी झारखंड में है। राजनीति में जातिवाद सांप्रदायिकता को खत्म करें।

---

## खबर संक्षेप

### टीकों पर सिद्धारमैया की टिप्पणी गलतः शॉ

**बेंगलुरु।** बायोकॉन की संस्थापक किरण मजूमदार-शॉ ने गुरुवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया



की उस टिप्पणी का विरोध किया जिसमें उन्होंने कहा था कि कोविड-19 रोधी टीके राज्य के हासन जिले में दिल के दौरे से हुई मौतों का कारण हो सकते हैं। शॉ ने कहा कि इस तरह की बातें 'तथ्यात्मक रूप से गलत' हैं। इस तरह के बयान अनुचित हैं।

### जैकलीन को झटका प्राथमिकी रद्द नहीं होगी

**नई दिल्ली।** फिल्म अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को दिल्ली हाई कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने



मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने से इनकार कर दिया है। सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले में फर्नांडीज भी आरोपी हैं। वह ईडी के समक्ष पेश हो चुकी हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने जैकलीन फर्नांडीज की याचिका को खारिज कर दिया।

### यार्ड में मालगाड़ी के कई डिब्बे पटरी से उतरे

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज जिले में गुरुवार को एक रेलवे यार्ड में पत्थर से लदी मालगाड़ी के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। यह घटना झारखंड के साहिबगंज जिले में पूर्वी रेलवे के अंतर्गत आने वाले बड़हरवा रेलवे यार्ड में घटी। इससे लोगों में दहशत फैल गई। मालगाड़ी के कुछ डिब्बे पलट गए। घटना से कोई परिचालन प्रभावित नहीं हुआ। हम इस संबंध में अधिक जानकारी जुटा रहे हैं।

### छत्रपति संभाजीनगर जिले में इमारत ढही

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले के कन्नड़ कस्बे में गुरुवार को एक



स्थानीय नगर निकाय की इमारत ढह गई, जिसमें कई दुकानें थीं। पइस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। कन्नड़ नगर परिषद की पुरानी इमारत में कई दुकानें थीं जो अपराह्न करीब तीन बजे ढह गईं। यह छत्रपति संभाजीनगर से 60 किमी दूर है।

### पलभर में छिन गई खुशियां, 5 की मौत

**हापुड़।** यहां के हाफिजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 334 पर बुधवार रात करीब साढ़े 10.30 बजे



गलत साइड जा रहे कैंटर ने बाइक सवार दानिश, उसकी बेटी मायरा, सुमायर, दानिश का भतीजा समर, पड़ोसी वकील का इकलौता बेटा माहिम को कुचल दिया था। जिसमें पांचों की मौत हो गई थी। गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद 4 शव दिए गए।

---

### बिरला ने शहरी स्थानीय निकायों से अपनी कार्यवाहियों में प्रश्नकाल और शून्यकाल को शामिल करने का आह्वान किया

# लोकतंत्र संवाद, धैर्य और गहन चर्चा से फलता-फूलता हैः लोकसभा अध्यक्ष

### स्पीकर ने मानेसर, गुरुग्राम में शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि संसद में बार-बार होने वाले व्यवधानों में काफी कमी आई है, जिसके परिणामस्वरूप कार्य उत्पादकता और सार्थक चर्चा में वृद्धि हुई है। मानेसर, गुरुग्राम में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए बिरला ने कहा कि लोक सभा में सत्र देर रात तक चलते हैं और लंबे समय तक वाद-विवाद होता है, जो इस बात को दर्शाता है कि लोकतांत्रिक संस्कृति परिपक्व और जिम्मेदार हो रही है।

उन्होंने शहरी स्थानीय निकायों से जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को और मजबूत करने के लिए नियमित बैठकें करने , सुदृढ़ समिति प्रणालियां विकसित करने और लोगों की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं को अपनाने का आह्वान किया।

3-4 जुलाई को गुरुग्राम में इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी, मानेसर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन पूरे भारत के शहरों में भागीदारीपूर्ण शासन संरचनाओं के माध्यम से संवैधानिक लोकतंत्र को मजबूत करने और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका पर चर्चा करने की ऐतिहासिक पहल है। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह और हरियाणा विधान सभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण सहित अन्य लोग मौजूद थे। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नगरपालिका अध्यक्ष, निर्वाचित प्रतिनिधि और वरिष्ठ प्रशासक साझी लोकतांत्रिक भावना के साथ इस सम्मेलन में शामिल हुए हैं।



**बिरला ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई**

बिरला ने शहरी स्थानीय निकायों में प्रश्न काल और शून्य काल जैसी सुस्थापित लोकतांत्रिक प्रथाओं को शामिल करने के महत्व पर जोर देते हुए प्रतिनिधियों को बताया कि संसद में ऐसे प्रावधानों ने कार्यपालिका को जवाबदेह बनाए रखने और जनता के सरोकारों को व्यवस्थित रूप से मुखरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस बात का उल्लेख करते हुए कि नगरपालिका की कम अवधि की, अनियमित या तदर्थ बैठकें स्थानीय शासन को कमजोर करती हैं। उन्होंने नियमित, संरचित सत्रों, स्थायी समितियों के गठन और व्यापक जन परामर्श का समर्थन किया । संसद की तरह, शहरी स्थानीय निकायों को भी व्यवधानों से बचना चाहिए तथा रचनात्मक और समावेशी चर्चाएं करणी चाहिए।

**कामकाज में निरंतर सुधार सुनिश्चित करें**

बिरला ने शहरी स्थानीय निकायों को जनता के सबसे नजदीक बताते हुए कहा कि इन निकायों के प्रतिनिधि लोगों को पेश आने वाली चुनौतियों और जरूरतों के बारे में गहराई से जानते हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जैसे शहरों में शहरी परिवर्तन आर्थिक जीवंतता और लोकतांत्रिक भागीदारी दोनों को दर्शाता है। भारत की सभ्यतागत विरासत का प्रतीक होने से लेकर नवाचार और उद्यम का केंद्र बनने की यात्रा में गुरुग्राम यह दर्शाता है कि सरकारों और सशक्त स्थानीय संस्थाओं के समन्वित प्रयासों से क्या कुछ हासिल किया जा सकता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से नागरिकों के साथ प्रभावी संवाद करने , दीर्घकालिक नीति नियोजन और नगरपालिका के कामकाज में निरंतर सुधार सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने शहरी स्थानीय निकायों को शहरी माँगों का पूर्वानुमान लगाने, क्षमता निर्माण में निवेश करने और जानकारी साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि भारत के शहर समावेशी और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनें।

---

### कर्नाटक में घमासान, फिर भी 'शान'

## 'सिद्धारमैया' ने एएसपी को थप्पड़ मारने की कोशिश की

### अफसर हो गया नाराज मांगा रिटायरमेंट



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में इन दिनों सियासी भूचाल है। मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर घमासान मचा है। इस बीच, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की एक पुरानी घटना को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल, कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मंच पर उन्हें एक पुलिस अफसर को थप्पड़ मारने के लिए हाथ उठाते हुए देखा गया था। अब उसी पुलिस अधिकारी ने सरकार से रिटायरमेंट की मांग की है। इस घटना के बाद एएसपी नारायण बरमणि आहत हुए। उन्होंने खुद को अपमानित महसूस किया और फैसला लिया कि अब वो पुलिस की नौकरी नहीं करना चाहते। नारायण बरमणि पिछले 31 सालों से पुलिस विभाग में सेवा दे रहे हैं और अभी रिटायरमेंट में 4 साल बाकी है, लेकिन उन्होंने सरकार को पत्र भेज दिया और स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) की मांग की।

**सरकार मनाने में जुटी**

एएसपी नारायण बरमणि के स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस ) की मांग ने अब सियासी और प्रशासनिक गलियारों में हलचल मचा दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी ) नारायण बरमणि के वीआरएस के फैसले के बाद कर्नाटक सरकार ने उन्हें मनाने की कवायद शुरू कर दी है। सूत्रों की मानें तो मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के निर्देश पर गृह मंत्री जी. परमेश्वर और संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल ने नारायण बारमणि से बात की है। उन्हें उनके गृह जिले बेलगावी में डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (डीसीपी) की पोस्ट ऑफर की गई है। हालांकि, नारायण अभी भी वीआरएस लेने के अपने फैसले पर अड़े हुए हैं।

**घटना को लेकर सरकार ने दी सफाई**

गृह मंत्री जी. परमेश्वर और संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल ने नारायण से बातचीत कर उन्हें मनाने की कोशिश की। गृह मंत्री परमेश्वर ने कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है। हमने नारायण से बात की है। हम उन्हें उपयुक्त पोस्टिंग देंगे। हमें उनके इरादे को समझना होगा। माननीय मुख्यमंत्री का कोई गलत इरादा नहीं था। मैंने और पाटिल ने उन्हें यह बात समझाया है। हमें यकीन है कि उन्हें मना लिया जाएगा और जल्द ही पोस्टिंग दी जाएगी। सूत्रों के मुताबिक सरकार ने उन्हें गृह जिले बेलगावी में डीसीपी की जिम्मेदारी सौंपने का प्रस्ताव दिया है, ताकि उनकी नाराजगी दूर हो।

---

### बंगाल भाजपा को मिला नया अध्यक्ष

## सांसद भट्टाचार्य को कमान रविशंकर ने किया ऐलान

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

वरिष्ठ भाजपा नेता और राज्यसभा सांसद समिक भट्टाचार्य को आधिकारिक तौर पर



पश्चिम बंगाल इकाई का नया अध्यक्ष घोषित किया गया। वह 2026 के विधानसभा चुनावों में पार्टी का नेतृत्व करेंगे। कोलकाता में साइंस सिटी में आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भट्टाचार्य को निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा।

**भट्टाचार्य ने कसा टीएमसी पर तंज**

नए नवेले अध्यक्ष भट्टाचार्य ने टीएमसी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि टीएमसी शासन में बंगाल की संस्कृति, बहुलवाद, विरासत खतरे में है। आगामी चुनाव इनके अस्तित्व की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता ने आगामी विधानसभा चुनावों में भ्रष्ट टीएमसी सरकार के कुशासन को समाप्त करने का मन बना लिया है।

---

### 'सिस्टम किसानों को मार रहा, आमदनी दोगुनी तो नहीं हुई जिंदगी आधी हो गई' महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्याओं पर राहुल का हमला

## भाजपा ने याद दिलाया कांग्रेस शासनकाल में 55 हजार 928 किसानों ने की थी आत्महत्या

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को महाराष्ट्र में बढ़ती किसान आत्महत्याओं को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने केंद्र सरकार पर किसानों की अनदेखी करने और उनकी मांगों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया।

राहुल गांधी ने कहा, महाराष्ट्र में केवल तीन महीनों (जनवरी-मार्च 2025) में 767 किसानों ने आत्महत्या कर ली, जो न केवल एक आंकड़ा है, बल्कि 767 उजड़े हुए परिवारों की त्रासदी है। उन्होंने सरकार की बेरुखी और चुप्पी की कड़ी आलोचना की, साथ ही किसानों की बदहाली के लिए केंद्र की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। राहुल गांधी के एक्स पर लिखे पोस्ट के जवाब में भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने एक चार्ट साझा किया, जिसमें दावा किया गया कि 15 साल के कांग्रेस-एनसीपी शासन (2004-2019) के दौरान महाराष्ट्र में 55 हजार 928 किसानों ने आत्महत्या की। मालवीय ने कहा, मृतकों की गिनती की राजनीति घृणित है, लेकिन राहुल गांधी जैसे लोगों को आईना दिखाना जरूरी है।

राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में लिखा, सोचिए... सिर्फ 3 महीनों में महाराष्ट्र में 767 किसानों ने आत्महत्या कर ली। क्या ये सिर्फ एक आंकड़ा है? नहीं। ये 767 उजड़े हुए घर हैं। 767 परिवार जो कभी नहीं संभल पाएंगे। उन्होंने एक समाचार रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि ये आंकड़े महाराष्ट्र विधानसभा में कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार द्वारा उठाए गए, जिन्होंने दावा किया कि इनमें से 200 मामलों को सहायता के लिए अयोग्य घोषित किया गया, जबकि 194 मामलों की जांच अभी लंबित है।

राहुल ने इस त्रासदी को सिस्टम की हत्या करार दिया, जिसमें किसानों को हर दिन कर्ज के दलदल में धकेला जा रहा है। उन्होंने कहा, किसान हर दिन कर्ज में और गहराई तक डूब रहा है, बीज महंगे हैं, खाद महंगी है, डीज़ल महंगा है... लेकिन न्यूनतम समर्थन मूल्य की कोई गारंटी नहीं। जब वो कर्ज़ माफ़ी की मांग करते हैं, तो उन्हें नजरअंदाज़ कर दिया जाता है। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर बड़े उद्योगपतियों के प्रति पक्षपात का आरोप लगाया। राहुल ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार बड़े उद्योगपतियों के कर्ज माफ करने में तत्परता दिखाती है, लेकिन किसानों की कर्ज माफी की मांग को लगातार अनसुना करती है।

राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 में किए गए उस वादे की भी याद दिलाई, जिसमें उन्होंने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का दावा किया था। उन्होंने कहा, मोदी जी ने कहा था, किसान की आमदनी दोगुनी करेंगे-आज हाल ये है कि अन्नदाता की ज़िंदगी ही आधी हो रही है। विदर्भ और मराठवाड़ा जैसे क्षेत्रों में किसान आत्महत्याओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। 2023 में राज्य में 2,851 किसानों ने आत्महत्या की थी, जिसमें विदर्भ में 1,439 और मराठवाड़ा में 1,088 मामले दर्ज किए गए। 2025 के शुरुआती तीन महीनों में 767 आत्महत्याओं का आंकड़ा इस संकट की गंभीरता को और उजागर करता है।

---

### हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदा का कहर कर रहा 'बेघर'

# शिमला में फोरलेन किनारे फिर गिरा डंगा, 5 घर खतरे में

### दहशत में लोगों ने छोड़े मकान, सरकार के खिलाफ प्रदर्शन का ऐलान

एजेंसी ▶▶ कुल्लू

फोरलेन के चल रहे काम पर वीरवार को भी डंगा गिरने से लोगों को घरों को खतरा पैदा हो गया है। 5भवनों को खतरा मंडरा रहा है। 4 दिन पहले ही इस डंगे का पहला हिस्सा गिरा था, अब डंगे का दूसरा हिस्सा भी गिरने से लोगों को घरों में रहने से भी डर लगने लगा है। स्थानीय लोगों ने इसे रोकने के लिए कदम न उठाने पर चक्का जाम करने की चेतावनी दी थी। लोगों ने कहा कि कदम नहीं उठाए तो सड़कों पर उतरना होगा।

**बादल फटने के बाद 56 लोग अभी लापता**

### मरने वालों की संख्या 19 तक पहुंची, 370 को बचाया

हिमाचल में बादल फटने से हुई तबाही में मरने वालों की संख्या 19 हो गई है। मंडी जिले में लापता लोग 34 से बढ़कर



56 हो गए हैं। इनमें सर्वाधिक 46 लोग सराज क्षेत्र के हैं। थुनाग में 8, गोहर में 6 , करसोग में 1, कांगड़ा में 2, नादौन और जोगिंद्रनगर में 1-1जान गई है। 370 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। सराज के थुनाग में 16, पखरैर में 18, जरोल में 7, चिऊणी में 4 और पांडवशीला में 1 व्यक्ति लापता है। स्यांज और बाड़ा परवाड़ा में 6लोगों की मौत हुई हैं व 8 लापता हैं।

**मानसून सीजन में अब तक 63 लोगों की मौत**

मंडी में 154 घर, 106 गोशालाएं, 14 पुल ध्वस्त हो गए हैं। 31 गाड़ियां क्षतिग्रस्त हैं। 164 मवेशियों की मौत हुई है। सैकड़ों बिजली ट्रांसफार्मर व पेयजल योजनाएं ठप हैं। बंजार घाटी में करीब 250 सैलानी सुरिक्षत निकाले हैं। 2 जुलाई तक प्रदेश में आपदा से 63 लोगों की मौत हो चुकी है।

**भारी बारिश से केदारनाथ यात्रा प्रभावित**



**मुनकटिया में भूस्खलन से मार्ग बंद**

**केदारनाथ।** उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते बड़े पैमाने पर मलबा और पत्थर गिरने से केदारनाथ यात्रा एक बार फिर बाधित हो गई है। प्रशासन ने सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम यात्रा को फिलहाल अस्थाई रूप से रोक दिया है। रुद्रप्रयाग के मुनकटिया स्लाइडिंग जोन में भूस्खलन के बाद मलबा और पत्थर पूरी सड़क पर आ गया है।

---

### कलकत्ता उच्च न्यायालय की टिप्पणी

## उन छात्रसंघ कार्यालयों पर ताला जड़ें, जहां चुनाव नहीं

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने आदेश दिया कि पश्चिम बंगाल के जिन महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव लंबित हैं वहां बन छात्र निकाय कार्यालय को बंद रखा जाए। अदालत ने छात्रसंघ कक्षों के अंदर सभी प्रकार की मनोरंजक गतिविधियों पर रोक लगाते हुए निर्देश दिया कि इन कमरों का उपयोग आधिकारिक उद्देश्यों के लिए यदि अत्यंत आवश्यक हो, तो रजिस्ट्रार या संबंधित संस्थान के प्रधानाचार्य से लिखित अनुमति के बाद ही किया जा सकता है।



न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली पीठ ने 25 जून की शाम को साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के परिसर में प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म के संबंध में दायर जनहित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। हालांकि साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज को छूट दी।

## सीआईआई ने अर्थव्यवस्था की वृद्धि की संभावना जताई

# वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 6.4-6.7 फीसदी रहेगी, जीएसटी को त्रिस्तरीय बनाया जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में मजबूत घरेलू मांग के सहारे 6.4-6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष राजीव मेमानी ने बृहस्पतिवार को यह संभावना जताई।

- परिसंघ ने जीएसटी के त्रिस्तरीय कर संरचना की वकालत की

सीआईआई के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद मेमानी ने अपने पहले सम्मेलन में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की एक सरल त्रिस्तरीय कर संरचना की वकालत की। उन्होंने कहा कि जरूरी वस्तुओं को पांच प्रतिशत कर के दायरे में रखा जा सकता है जबकि विलासिता एवं नुकसानदेह उत्पादों पर 28 प्रतिशत कर लगाया जाए और शेष वस्तुओं को 12-18 प्रतिशत कर दायरे में रखा जाए। फिलहाल जीएसटी एक चार-स्तरीय कर व्यवस्था है जिसमें पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दर से कर लगाया जाता है। मेमानी ने भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में कहा कि अच्छे मानसून का अनुमान और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) एवं रेपो दर में कटौती से बढ़ी हुई तरलता जैसे कारक देश की आर्थिक वृद्धि का समर्थन करेंगे।



- जरूरी वस्तुओं को पांच प्रतिशत कर के दायरे में रखा जा सकता है
- विलासिता एवं नुकसानदेह उत्पादों पर 28 प्रतिशत कर लगाया जाए

### सीआरआर में एक फीसदी की कटौती की गई

पिछले महीने, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सीआरआर में एक प्रतिशत कटौती की घोषणा करने के साथ मानक ब्याज दर रेपो में भी 0.50 प्रतिशत की कमी कर इसे 5.50 प्रतिशत कर दिया था। वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के बारे में सीआईआई के पूर्वानुमान पर पूछे गए सवाल पर मेमानी ने कहा, ''हमें भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.4 से 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है।''

### सीमेंट पर जीएसटी दर कम करने का सुझाव

मेमानी ने सीमेंट पर जीएसटी दर को भी 28 प्रतिशत से कम करने का सुझाव दिया। उन्होंने पेट्रोलियम, बिजली, अचल संपत्ति और शराब को जीएसटी के दायरे में लाए जाने पर एक राष्ट्रीय सहमति बनाने की वकालत की।

### रोजगार पैदा करने वाले विनिर्माण को बढ़ावा मिले

मेमानी ने कहा कि अगर भारत को उपलब्ध अवसरों का फायदा उठाना है तो उसे अधिक आर्थिक सुधार करने होंगे और कृत्रिम मेधा (एआई) की दौड़ जीतने के अलावा रोजगार पर उसके संभावित प्रभाव से भी निपटना होगा। परिसंघ अध्यक्ष ने कहा कि भारत को अधिक रोजगार पैदा करने वाले विनिर्माण को बढावा देने और कारोबारी सुगमता पर लगातार ध्यान देना होगा।

### वृद्धि की राह में कुछ जोखिम है

हालांकि, मेमानी ने कहा कि इस वृद्धि की राह में कुछ स्पष्ट जोखिम हैं जिनमें से कुछ बाहरी व्यापार जोखिमों से संबंधित हैं। मेमानी ने कहा, ''मुझे लगता है कि उनमें से बहुत से कारकों को अपने आकलन में शामिल किया गया है और कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं। इसलिए उम्मीद है कि वे संतुलित हो जाएंगे... सीआईआई के नजरिये से देखें तो हम 6.4 से 6.7 प्रतिशत की वृद्धि देख रहे हैं।''

### दर को युक्तिसंगत बनाने की जरूरत

अध्यक्ष ने एक प्रस्तुति में कहा कि आर्थिक वृद्धि से जुड़े जोखिम समान रूप से संतुलित हैं। सीआईआई अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि के लिए 'भू-राजनीतिक अनिश्चितता' नकारात्मक जोखिम पैदा करती है जबकि 'मजबूत घरेलू मांग' इसका सकारात्मक पहलू है। उन्होंने जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाए जाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि कम आय वाले तबके के इस्तेमाल वाली वस्तुओं पर कर की दर घटाई जानी चाहिए।

## श्रावणी मेला के अवसर पर 17 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**हाजीपुर।** श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा कई श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा । साथ ही मेला अवधि के दौरान जसीडीह स्टेशन पर कुछ ट्रेनों को छोड़कर अन्य सभी का न्यूनतम ठहराव बढ़ाकर 05 मिनट किया गया तथा सुलतानगंज स्टेशन पर 04 जोड़ी टेªन का 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार हैः- **श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन -** 1.गाड़ी सं. 05597/05598 जयनगर-आसनसोल-जयनगर श्रावणी मेला स्पेशल (समस्तीपुर-बरौनी-मुंगेर-जमालपुर-किउल-झाझा-जसीडीह के रास्ते ) (सप्ताह में तीन दिन): - गाड़ी सं. 05597 जयनगर-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल 11.07.2025 से 08.08.2025 तक सप्ताह में तीन दिन - मंगलवार, शुक्रवार एवं रविवार को जयनगर से 22.00 बजे खुलकर अगले दिन 09.05 बजे जसीडीह सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 11.30 बजे आसनसोल पहुंचेगी ।

## सोना 450 रुपये चढ़ा और चांदी 1,000 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टॉकिस्ट की सतत लिवाली के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 450 रुपये बढ़कर 99,620 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 99,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 9.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 400 रुपये बढ़कर 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी बृहस्पतिवार को 1,000 रुपये बढ़कर 1,05,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले सत्र में चांदी 1,04,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। मेहता इक्विटीज के उपाध्यक्ष-जिंस राहुल कलंत्री ने कहा, ''डॉलर इंडेक्स के 3.5 साल के नए निचले स्तर पर आने तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल के दो महीने के निचले स्तर पर आने के बाद सोने और चांदी में तेजी जारी रही।''

## महिला कांस्टेवल पूनम ने दिखाई बहादुरी, चलती ट्रेन में गिरती महिला की बचाई जान

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और इस दिशा में कार्यरत रेलवे सुरक्षा बल के कर्मियों द्वारा समय-समय पर किए गए अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा के उदाहरण सामने आते रहते हैं। ऐसी ही एक सराहनीय घटना दिनांक 02 जुलाई, 2025 को दिल्ली के शाहदरा रेलवे स्टेशन पर घटित हुई, जिसने सभी को गर्षित कर दिया। रात्रि लगभग 23:19 बजे, गाड़ी संख्या 14118 कालिंदी एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म संख्या 3 पर आई। निर्धारित ठहराव के पश्चात, ट्रेन जैसे ही 23:21 बजे प्रस्थान करने लगी, एक महिला यात्री ट्रेन के 5-4 कोच में चढ़ते समय संतुलन खो बैठी और उसका पैर फिसलने के कारण वह प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच की गिरने लगी। घटना के समय प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी पर तैनात महिला कांस्टेबल पूनम कुमारी ने बिना एक पल गंवाए अदम्य साहस और सतर्कता का परिचय दिया। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए महिला यात्री को गिरने से पहले ही मजबूती से पकड़ लिया और अपनी जान की परवाह किए बिना उसे चलती ट्रेन के नीचे जाने से बचा लिया। इस साहसी कार्रवाई के कारण एक बड़ा हादसा टल गया और महिला यात्री सुरक्षित बब गई। महिला कांस्टेबल पूनम कुमारी का यह कृत्य न केवल उनके कर्तव्यबोध और त्वरित निर्णय क्षमता की दर्शाता है, बल्कि रेलवे सुरक्षा बल की सतर्कता, प्रतिबद्धता और मानवता के मूल्यों का भी उत्कृष्ट उदाहरण है। ऐसे कर्मठ और समर्पित सुरक्षाकर्मी भारतीय रेलवे की साख और यात्रियों के विश्वास को और भी मजबूत बनाते हैं।


**निविदा आमंत्रण सूचना**
**(खाद्य सामग्री / मैश सुविधा)**

जिला रेवाड़ी में आवासीय तलवारबाजी खेल अकादमी, राव तुलाराम स्टेडियम, रेवाड़ी के खिलाडियों को खाना देने के लिए रेट्स निर्धारित करने के लिए संबंधित फर्मों से दिनांक 03.07.2025 को 15:00 बजे से 11.07.2025 को 10.00 बजे तक etenders.hry.nic.in पर खाद्य सामग्री / मैश सुविधा के लिए निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्म उक्त तिथि अनुसार निविदाएं भर सकती हैं व दिनांक 11.07.2025 को 11.00 बजे निविदाएं खोली जायेंगी, जिसके लिए डॉकोमेंट फीस 1000/- रूपये तथा प्रोसैशिंग फीस 1180/- रूपये होगी। टैण्डर की ई०एम०डी० 5000/- रूपये होगी।

**हस्ता/- जिला खेल अधिकारी, रेवाड़ी।**



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **दीपू पुत्रः** लाल बहादुर **पताः** वेगाबॉन्ड, भारती पब्लिक स्कूल के पास, गाज़ीपुर ईस्ट, दिल्ली, ने **FIR No. 478/2022, U/s 457/380/511 IPC थानाः गाज़ीपुर, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपू,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 478/2022, U/s 457/380/511 IPC थानाः गाज़ीपुर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **दीपू,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन
जेएमएफसी–03, कमरा नं. 16
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/8740/ED/2025**
**(Court Matter)**


## भारत पर अमेरिकी शुल्क अन्य से कम रहने की उम्मीद : मूडीज

### एशिया प्रशांत के कई देशों पर भारत से ज्यादा हो सकती है शुल्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मूडीज रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि एशिया प्रशांत क्षेत्र के कई देशों की तुलना में भारत पर अमेरिकी शुल्क कम रहने की संभावना है, जिससे अर्थव्यवस्था को और अधिक निवेश आकर्षित करने और वैश्विक विनिर्माण आधार बनने में मदद मिल सकती है। एशिया प्रशांत क्षेत्र के परिदृय अपने दृष्टिकोण में मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि कई निर्यात-निर्भर एशिया प्रशांत अर्थव्यवस्थाएं अप्रैल में बहुत अधिक अमेरिकी शुल्क से प्रभावित हुईं। हालांकि, बातचीत से द्विपक्षीय आधार पर शुल्क और अन्य व्यापार बाधाओं में कुछ कमी आने की संभावना है, लेकिन नीति अनिश्चितता, निवेश निर्णयों को चुनौती दे रही है और व्यापार को बाधित कर रही है। मूडीज ने कहा कि व्यापार नीति के बारे में अनिश्चितता और वैश्विक व्यापार के संभावित बदलाव ने एशिया प्रशांत क्षेत्र में चक्रीय और संभवतः संरचनात्मक ऋण जोखिम बढ़ा दिए हैं। मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि चीन से बाहर निवेश और विनिर्माण के विविधीकरण से लाभान्वित होने वाली वियतनाम और कंबोडिया जैसी अर्थव्यवस्थायें अब उच्च अमेरिकी शुल्क का सामना कर रही हैं।



- भारत को वैश्विक विनिर्माण आधार बनने में मदद मिल सकती है

## शिवराज ने जम्मू-कश्मीर के कृषि व ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा की

**नई दिल्ली ( हरिभूमि न्यूज)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को श्रीनगर स्थित राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ कृषि व ग्रामीण विकास के संबंध में विस्तारपूर्वक समीक्षा बैठक की। इस बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में शिवराज सिंह ने कहा कृषि को हम और कैसे बेहतर बनाएं, किसानों की जिंदगी और कैसे बेहतर हो, इसके लिए विस्तार से समीक्षा की गई है। खुशी है कि मुख्यमंत्री के साथ बैठकर हमने कई मुद्दों पर चर्चा की है। जम्मू-कश्मीर की एक पहल 'किसान खिदमत घर' यह बहुत अच्छी पहल है, जहां एक ही स्थान पर किसानों को कृषि से संबंधित सारी सुविधाएं दी जाती हैं। चौहान ने प्रसन्नता व्यक्त की कि जम्मू-कश्मीर में बागवानी की कई फसलें होती हैं।

## शेयर बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 170 अंक और टूटा

**मुंबई (एजेंसी)।** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन भी गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 170 अंक टूट गया। बाजार में कारोबार के दौरान तेजी थी लेकिन अंतिम घंटे में वित्तीय कंपनियों और धातु शेयरों में बिकवाली से यह गिरावट के साथ बंद हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 170.22 अंक यानी 0.20 प्रतिशत टूटकर 83,239.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 440.4 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी भी 48.10 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,405.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स, ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में मारुति, इन्फोसिस, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों की साप्ताहिक समाप्ति के दिन बाजार में उतार-चढ़ाव रहा और यह मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ...।'' उन्होंने कहा कि क्षेत्रावार देखा जाए तो रुख मिला-जुला रहा। वाहन और औषधि क्षेत्र के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फैज़ल पुत्र** नसीम **निवासी** ए-23/1, चौथा तल, शाहीन बाग, दिल्ली ने **FIR No. 158/25 Dt. 30.05.2025 U/s 311/351(3)3/(5) BNS 25/27-A. Act. थानाः शाहीन बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **फैज़ल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **फैज़ल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 158/25 Dt. 30.05.2025 U/s 311/351(3)3/(5) BNS 25/27-A. Act. थानाः शाहीन बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **फैज़ल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
छवि बंसल
जेएमएफसी-11 (दक्षिण–पूर्वी) जिला
कमरा नं. 09, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/8715/SE/2025**
**(Court Matter)**



**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | | | |
|---|---|---|---|
| एनआईटी क्रसं. | | | 07,08,09,12,13,14,15 2025–26–डब्ल्यू–5 |
| 1 | कार्य का नाम | 07 | 2025–2026 के लिए सहायक मंडल अभियंता/निजामुद्दीन के अंतर्गत विभित्र प्रमुख और छोटे पुलों की वार्षिक मरम्मत का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य।** |
| | | 08 | 2025–26 के लिए सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली सराय रोहिल्ला अंतर्गत विभिन्न प्रमुख और छोटे पुलों की मरम्मत का वार्षिक क्षेत्र का कार्य। **समान कार्य की प्रकृतिः ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य।** |
| | | 09 | वरिष्ठ मंडल अभियंता पंचम/नई दिल्ली के अनुभाग में प्री टैम्पिंग और पोस्ट टैम्पिंग, डिजाइन मोड टैम्पिंग कार्य के लिए ट्रैक का सर्वेक्षण का कार्य। |
| | | 12 | सहायक मंडल अभियंता/हज़रत निज़ामुद्दीन के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एम/ तुगलकाबाद के अनुभाग में तुगलकाबाद में डीजल शेड, वैगन केयर सेंटर, टीएमसी और अन्य विविध कार्यों की मरम्मत और रखरखाव का कार्य। **समान कार्य की प्रकृतिः ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य।** |
| | | 13 | सहायक मंडल अभियंता/तुगलकाबाद के अंतर्गत एसएसई/पी.वे/फरीदाबाद के अनुभाग में कूड़ा बीनना और मलबा हटाने का कार्य। |
| | | 14 | सहयक मंडल अभियंता/दिल्ली सराय रोहिल्ला के अंतर्गत एसएसई/पी.वे/दिल्ली सराय रोहिल्ला के खंड में डीकेजेड–डीईई, डीईई–डीसी.। डीईसी–पीएम के बीच कूड़ा बीनने और मलबा हटाने का कार्य। **समान कार्य की प्रकृतिः ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य।** |
| | | 15 | सहायक मंडल अभियंता/हजरत निजामुद्दीन के अंतर्गत एसएसई/पी वे/एचएनजेडएम खंड में कूड़ा बीनना और मलबा हटाने का कार्य। **समान कार्य की प्रकृतिः ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य** |
| 2 | काम की अनुमानित लागत रूपये | | 07 रूपये 5992590.92; 08 रूपये 5499928.30; 09 रूपये 3998802.50; 12 रूपये 5999959.66; 13 रूपये 3994310.34; 14 रूपये 8999695.37; 15 रूपये 8999720.61 |
| 3 | अग्रिम राशि रूपये | | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोट– रेलवे बोर्डो के पत्र संख्या 2015/सीईआई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) 07 रूपये 119900.00; 08 रूपये 110000.00; 09 रूपये 80000.00; 12 रूपये 120000.00; 13 रूपये 79900.00; 14 रूपये 180000.00; 15 रूपये 180000.00 |
| 4 | काम की समाप्ति अवधि | | 07 09 महीने; 08 09 महीने; 09 09 महीने; 12 09 महीने; 13 09 महीने; 14 09 महीने; 15 09 महीने |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | | 25.07.2025 को 15.00 बजे तक तथा 25.07.2025 को 15.00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। |

No. 128-W/280/OET/2025-26/W-V/NIT-07, 08, 09, 12, 13, 14, 15-2025-26
Date 02.07.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2003/25


## माइक्रोसाफ्ट में 9 हजार कर्मचारियों की एक साथ जाएगी नौकरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनियों में से एक माइक्रोसॉफ्ट एक बार फिर बड़ा फैसला लेते हुए हजारों कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। यह फैसला ऐसे वक्त में आया है जब वैश्विक टेक इंडस्ट्री मंदी और कास्ट कटिंग के दौर से गुजर रही है। माइक्रोसॉफ्ट की यह छंटनी कंपनी के 2023 के बाद की सबसे बड़ी छंटनी मानी जा रही है, जिससे हजारों परिवारों पर असर पड़ेगा। माइक्रोसॉफ्ट ने पुष्टि की है कि उसने अपने कुल 2.28 लाख कर्मचारियों में से 9,100 को नौकरी से निकाल दिया है। यानी कंपनी ने अपने कुल कर्मचारियों का करीब 4 प्रतिशत हिस्सा घटाया है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि इनमें से कितने कर्मचारी अमेरिका के वॉशिंगटन स्थित मुख्यालय से हैं। इससे पहले मई और जून में दो चरणों में 6,000 कर्मचारियों की छंटनी की गई थी, जिनमें से 2,300 वॉशिंगटन के बताए गए थे।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक | एमडीयू रोहतक में सौन्दर्यकरण हेतु गेट नं. 1 से स्वामी दयानंद चौक तक रोड पर मौजूदा जल निकाय का पुनरोद्धार। | 30.06.2025 17.07.2025 | रु. 16.78 लाख | https://mdu.ac.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36198/I/88/7 दि. 03.07.25



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 220 केवी सब स्टेशन भदाना में 2×100 एमवीए, 220/132 केवी टी/एफ जमा 1×16/20 एमवीए, 132/11 केवी टी/एफ से (1×160 एमवीए जमा 1×100 एमवीए) 220/132 केवी टी/एफ प्लिंथ तक 220 केवी सब स्टेशन भदाना का संवर्धन : रेडिएटर फाउंडेशन, ऑयल टैंक और सीटीआर फाउंडेशन का निर्माण (सिविल फाउंडेशन केवल)(ऑनलाइन निविदा आईडी : 2025_HBC_455396_1) (रोहतक) | 30.06.2025 21.07.2025 | रु. 2,93,019/- रु. 5860/– ठेकेदारों हेतु व रु. 2930/– समितियों हेतु | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | 66 केवी सब स्टेशन सोहना, गुरुग्राम में चारदिवारी के पुनर्निर्माण हेतु आकलन। | 01.07.2025 31.07.2025 | रु. 94,51,706/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36202/I/88/7 दि. 03.07.25


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।


**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर–परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन–पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## शब्द पहेली - 5917




**बाएँ से दाए-**
1.सेवक,दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला,जाम-2
11.टोंटी,नलका-2
12.आनंद,जूस-2
13.प्रतिज्ञा,शपथ-3
16.सिमरन,सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन,लेखनी-3
22.कमल,जलज-3
23.क्रोध,गुस्सा-2
24.पाश,फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव,प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.उर्वरक-2
2.विशाल,श्रेष्ठ-3
3.धनवान,संपन्न-3
4.घ्राणेंद्रिय,इज्जत-2
5.दैत्य,असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार,पार लगाना-3
10.शरण,आश्रय-3
14.चूर-चूर,ढहा-5
15.टोंटी,नलका-2
17.युद्ध,संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र,दोस्त.मीत-2
27.हूर,अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर,नैहर-3
34.युक्तिवाद,पैरवी-3
35.टब,परात,तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत,तह-2
41.कदर,सम्मान-2

### शब्द पहेली -5916 का हल





# महिला क्रिकेट टी20: इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज जीतने उतरेगा भारत

एजेंसी ▸▸| लंदन


पहले दो मैच को सहजता से अपने नाम करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार सबसे छोटे प्रारूप में श्रृंखला जीतने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इस समय शानदार फॉर्म में है। उसने पांच मैच की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 97 रन से हराया तथा उसके बाद ब्रिस्टल में 24 रन से जीत दर्ज की जो इंग्लैंड की महिला टीम की इस मैदान पर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में पहली हार थी। इस तरह से भारतीय टीम श्रृंखला में अभी 2-0 से आगे चल रही है। भारतीय महिला टीम ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र मैच में इंग्लैंड को हराया था। तब से भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ हर महिला टी20 श्रृंखला में हारती रही है, चाहे वह घरेलू मैदान पर हो या बाहर।

यह प्रभावशाली प्रदर्शन भारत के लिए उत्साहजनक है, क्योंकि वे यहां की परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने की कोशिश कर रहे हैं, जो अगले वर्ष इंग्लैंड में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप की तैयारी को देखते हुए काफी महत्व रखता है। भारतीय टीम ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

## उपकप्तान स्मृति मंधाना शानदार फार्म में

उपकप्तान स्मृति मंधाना ने पहले मैच में शतक बनाया तो हरलीन देओल ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। दूसरे मैच में अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने अर्धशतक लगाकर टीम को मुश्किल स्थिति से उबारा और उसे मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। अब सभी की निगाहें बड़े शॉट लगाने वाली सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा पर टिकी हैं, जो अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगी। टीम में वापसी करने वाली शेफाली ने पहले दो मैच में कुल मिलाकर 23 रन बनाए हैं। अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में नहीं खेल पानी वाली कप्तान हरमनप्रीत ने दूसरे मैच में केवल दो गेंद का सामना किया और वह भी मैदान पर कुछ समय बिताना चाहेंगी।



## गेंदबाजी में चमकी श्री चरणी

तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की अनुपस्थिति में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी अपनी पहली सीरीज में ही स्टार खिलाड़ी बनकर उभरी हैं। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने छह विकेट चटकाए हैं और उनका इकॉनमी रेट भी सबसे अच्छा रहा है। इंग्लैंड के लिए सबसे बड़ी समस्या सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकले और डैनी व्याट-हॉज का अच्छी शुरुआत नहीं दे पाना है। उसकी गेंदबाजी भी औसत दर्जे की रही है।

# अल्काराज का विजय अभियान जारी शीर्ष खिलाड़ियों में सबालेंका आगे बढ़ी

लंदन (एजेंसी)। दो बार के विजेता कार्लोस अल्काराज ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। महिला वर्ग में उलटफेर का दौर जारी रहा, जहां एरीना सबालेंका शीर्ष पांच खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर डटी हुई हैं। अल्काराज ने सैन डिएगो विश्वविद्यालय के लिए खेलने वाले दुनिया में 733वें नंबर के क्वालीफ़ायर ओलिवर टार्वेट को आसानी से 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर विंबलडन में अपनी जीत का सिलसिला 20 मैचों तक पहुंचा दिया है।



## सबालेंका ने बुजकोवा को हराया



विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने बुधवार को अपने दूसरे दौर के मैच में मैरी बुजकोवा पर 7-6 (4), 6-4 से जीत हासिल की। वह अब 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू का सामना करेंगी। राडुकानू ने 2023 की विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को 6-3, 6-3 से हराया। महिला वर्ग के एक अन्य मैच में छठी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-4, 6-2 से पराजित किया।

**फ्रिट्ज लगातार दूसरी बार जीते:** पुरुष एकल में ही पांचवी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के गेब्रियल डायलो को 3-6, 6-3, 7-6 (0), 4-6, 6-3 से हराकर लगातार दूसरी बार पांच सेट की जीत दर्ज की। लेकिन 12वें नंबर के फ्रांसेस टियाफो भी बाहर होने वाले वरीय खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए।

# नोवाक जोकोविच ने जीत के साथ विंबलडन में एक और रिकॉर्ड बनाया

**लंदन।** नोवाक जोकोविच ने बुधवार को सेंटर कोर्ट पर डैन इवांस पर 6-3, 6-2, 6-0 की जीत के साथ 19वीं बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में पहुंचकर एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। जोकोविच ने विंबलडन में कुल मिलाकर 99वां मैच जीता और तीसरे दौर में 19वीं बार जगह बनाई जो ओपन युग में किसी पुरुष खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। महान खिलाड़ी रोजर फेडरर ने 18 बार तीसरे दौर में प्रवेश किया था। हालांकि यह 38 वर्षीय जोकोविच के लिए शायद ही कोई प्रतिष्ठित रिकॉर्ड है जिनके नाम सात विंबलडन सहित कुल 24 ग्रैंड स्लैम खिताब हैं जो पुरुष खिलाड़ियों के बीच रिकॉर्ड है। जोकोविच ने कहा, ''उन्नीस बार, यह एक शानदार



आंकड़ा है। यह शायद (यानिक) सिनर और (कार्लोस) अल्कारेज की उम्र के बराबर है।'' पिछले दो विंबलडन फाइनल में जोकोविच को हराने वाले अल्कारेज 22 जबकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनर 23 साल के हैं। महिल एकल में सातवीं वरीय मीरा आंद्रीवा और 10वीं वरीय ऐमा नवारो ने सीधे सेट में जीत दर्ज की।

## खबर संक्षेप



### अंपायरों के फैसले भारत के पक्ष में जाने से वोक्स निराश

**बर्मिंघम।** इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने स्वीकार किया कि दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन अंपायरों के कुछ फैसले भारत के पक्ष में जाने के बाद वह निराश हो गए थे। वोक्स अपनी शानदार लाइन और लेंथ के साथ मेजबान टीम के लिए सबसे सफल गेंदबाज साबित हुए और उन्होंने पहले दिन 18 ओवर में 59 रन देकर दो विकेट लिए। उनकी गेंदबाजी पर इंग्लैंड ने दो रिव्यू लिए जिन पर तीसरे अंपायर का फैसला भारत के पक्ष में गया। इस तेज गेंदबाज ने इसे निराशाजनक करार दिया। वोक्स ने बुधवार को पहले दिन खेल समाप्त होने के बाद कहा, 'यह वास्तव में निराशाजनक था।

### क्लासिकल शतरंज खेलना मुश्किल

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा का मानना है कि मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी धीरे धीरे क्लासिकल शतरंज से दूर हो रहे हैं,



जिसका कारण मानसिक और शारीरिक थकावट है, जो लंबे समय तक लंबे प्रारुप में खेलने से आती है।पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन और दुनिया के दूसरे नंबर के अमेरिकी ग्रैंडमास्टर नाकामुरा ने कम क्लासिकल मैच खेले हैं जबकि इनका ध्यान फ्रीस्टाइल, रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूपों पर रहा है। इस साल तीन मुख्य क्लासिकल खिताब जीतने वाले प्रज्ञानानंदा का मानना है कि खिलाड़ियों को क्लासिकल शतरंज के लिए लगने वाली घंटों की तैयारी पसंद नहीं है, जिससे उन्हें रैपिड और ब्लिट्ज इससे अधिक संतोषजनक लगते हैं।

### श्रीकांत कनाडा ओपन सुपर 300 के क्वार्टरफाइनल में

**कालगैरी।** भारतीय शटलर किदाम्बी श्रीकांत ने बृहस्पतिवार को यहां चीनी ताइपे के वांग पो वेई पर सीधे गेम में जीत के साथ कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता और 2022 थॉमस कप विजेता श्रीकांत ने दुनिया के 71वें नंबर के खिलाड़ी वांग को 21-19, 21-12 से शिकस्त दी। इस साल मई में मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचने वाले दुनिया के 49वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत का सामना अब चीनी ताइपे के शीर्ष वरीय चोउ टिएन चेन से हो सकता है।

### ट्रॉट ने कहा- गिल आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं


**मुंबई।** पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट का कहना है कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन भारतीय कप्तान शुभमन गिल की सोची-समझी रणनीति और हाव भाव में विश्व स्तरीय खिलाड़ी के लक्षण हैं, जिनका भविष्य उज्ज्वल नजर आता है। गिल ने पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में दूसरा शतक जड़ा और बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट के पहले दिन स्टंप तक नाबाद 114 रन (216 गेंद, 12 चौके) बनाकर भारत को पांच विकेट पर 310 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

## टेस्ट क्रिकेट: भारत ने बनाए 587 रन, इंग्लिश टीम का स्कोर 77/3

# शुभमन ने जड़ा दोहरा शतक, खेली सबसे बड़ी कप्तानी पारी, बॉलरों पर ढाया कहर

एजेंसी ▸▸| बर्मिंघम

कप्तान शुभमन गिल के रिकॉर्ड दोहरे शतक से पहली पारी में 587 रन बनाने के बाद इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 77 रन करके भारत ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को यहां अपना पलड़ा भारी रखा। गिल ने 387 गेंद में 30 चौकों और तीन छक्कों से 269 रन की पारी खेलने के अलावा रविंद्र जडेजा (89 रन, 137 गेंद, 10 चौके, एक छक्का) के साथ छठे विकेट के लिए 203 और वाशिंगटन सुंदर (42) के साथ सातवें विकेट के लिए 144 रन की साझेदारी की। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भी कल 87 रन की पारी खेली थी। गिल ने इंग्लैंड में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर के मामले में महान सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया। वह इंग्लैंड में दोहरा शतक जड़ने वाले पहले एशियाई कप्तान भी बने।




### गिल ने विराट का रिकॉर्ड तोड़ा

150वां रन बनाते ही शुभमन गिल ने विराट कोहली का बड़ा रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर अभी तक सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम था। 2018 के दौरे पर विराट के बल्ले से यहां 149 रनों की पारी निकली थी। शुभमन गिल इस मैदान पर 269 रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। 387 गेंद पर गिल ने अपने 269 रन पूरे किए थे।

### दिग्गजों कप्तानों की सूची में हुए शामिल

गिल ने अपना दोहरा शतक पूरा करने के लिए 311 गेंदों का सामना किया। वह भारत के लिए दोहरा शतक लगाने वाले कप्तानों की सूची में एमएके पटौदी, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी के साथ शामिल हो गए। विराट कोहली के नाम भारत के लिए कप्तान के रूप में सात दोहरे शतक जड़ने का रिकॉर्ड है। गिल से पहले एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देश में किसी भारतीय कप्तान की ओर से बनाया गया सर्वोच्च स्कोर 192 रन था, जो मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 1990 में ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था। इससे पहले मैनचेस्टर में 1990 में अजहरुद्दीन के बनाए गए 179 रन इंग्लैंड में किसी भारतीय कप्तान की ओर से बनाया गया सर्वोच्च स्कोर था। गिल सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ की महान जोड़ी के बाद यहां दोहरा शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज हैं।

## विश्व मुक्केबाजी कप: हितेश गुलिया और साक्षी पहुंचे सेमीफाइनल में

**अस्ताना (कजाखस्तान)।** हितेश गुलिया और साक्षी ने विश्व मुक्केबाजी कप के सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के लिए दो और पदक पक्के किए।



इस साल के शुरू में ब्राजील चरण के स्वर्ण पदक विजेता हितेश ने पुरुषों के 70 किग्रा क्वार्टरफाइनल में कजाखस्तान के अल्माज ओरोजबेकोव पर 5-0 से जीत दर्ज की। महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग में साक्षी ने ब्राजील की तातियाना रेजिना डि जीसस चागास को सर्वसम्मत फैसले में शिकस्त दी। वहीं बुधवार को मीनाक्षी (48 किग्रा) और पूजा रानी (80 किग्रा) के अलावा संजू (60 किग्रा) ने सेमीफाइनल में पहुंचकर पोडियम में स्थान पक्के किए। अनामिका (51 किग्रा) क्वार्टरफाइनल में पहुंचकर दावेदारी में बनी हुई हैं।

### श्रीनगर में 21 अगस्त से वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल

**नई दिल्ली।** श्रीनगर में 21 से 23 अगस्त तक डल झील पर पहले खेलो इंडिया 'वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल' का आयोजन होगा, जिसमें देश के 400 से अधिक खिलाड़ी कयाकिंग, केनोइंग, वॉटर स्कीइंग और नौकायन जैसे खेलों में भाग लेंगे। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बताया कि खेलो इंडिया मुहिम को विस्तार देने की कवायद में यह फैसला लिया गया है। हाल ही में दीयू में पहले खेलो इंडिया 'बीच गेम्स' का आयोजन किया गया था। यह फेस्टिवल खेलो इंडिया योजना की खेल प्रतिस्पर्धा और प्रतिभा विकास पहल के तहत आयोजित किया जाएगा। मांडविया ने कहा,' यह वॉटर स्पोर्ट्स को बढावा देने और उनकी लोकप्रियता में इजाफा करने की कवायद में आयोजित किया जा रहा है।'इसमें शिकारा और ड्रैगन बोट रेस का भी आयोजन किया जाएगा। मंत्रालय को 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 400 से अधिक खिलाड़ियों के इसमें भाग लेने की उम्मीद है। खिलाड़ियों का नामांकन राष्ट्रीय खेल महासंघों द्वारा उनकी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप या अन्य टूर्नामेंटों के जरिए किया जाएगा।

## निशानेबाजी: लोनाटो विश्व कप में हिस्सा लेंगे भारत के शॉटगन निशानेबाज

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

ओलंपियन अंगद वीर सिंह बाजवा, लक्ष्य श्योराण और मैराज अहमद खान जैसे अनुभवी निशानेबाजों की अगुआई में भारतीय दल रविवार से इटली के लोनाटो में होने वाले आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में हिस्सा लेगा। शनिवार को अभ्यास के दिन के बाद स्कीट निशानेबाज पुरुष और महिला वर्गों में क्वालीफाइंग दौर में सबसे पहले निशाना लगाएंगे। इस स्पर्धा का फाइनल मंगलवार को होगा। बाजवा, अनंतजीत सिंह नरुका और मैराज पुरुष स्कीट स्पर्धा में भाग लेंगे जबकि महिला वर्ग में ओलंपियन माहेश्वरी चौहान और रेजा ढिल्लों के साथ गनीमत सेखों चुनौती पेश करेंगी। एशियाई खेलों के पूर्व रजत पदक विजेता लक्ष्य, जसविंदर सिंह और जोरावर संधू पुरुष ट्रैप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में



नीरू ढांडा, प्रीति रजक और प्रगति दुबे निशाना साधेंगी। मिश्रित टीम ट्रैप में लक्ष्य नीरू के साथ जोड़ी बनाएंगे जबकि संधू और प्रीति की जोड़ी होगी। कोच विक्रम चोपड़ा ने कहा, 'टीम पूरी तरह से तैयार है और कड़ा प्रशिक्षण ले रही है। एथेंस में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले यह आखिरी विश्व कप चरण होगा और यह महत्वपूर्ण है कि चीजें सही समय पर सही दिशा में आगे बढ़ें।' प्रतियोगिता में 73 देशों के 551 निशानेबाज हिस्सा लेंगे।

### भारतीय टीम

▸▸ **स्कीट (पुरुष):** अंगद वीर सिंह बाजवा, अनंतजीत सिंह नरुका, मैराज अहमद खान।
▸▸ **स्कीट (महिला):** माहेश्वरी चौहान, रेजा ढिल्लों, गनीमत सेखों।
▸▸ **ट्रैप (पुरुष):** लक्ष्य श्योराण, जसविंदर सिंह, जोरावर सिंह संधू।
▸▸ **ट्रैप (महिला):** नीरू ढांडा, प्रीति रजक प्रगति दुबे।
▸▸ **ट्रैप मिश्रित:** लक्ष्य श्योराण और नीरू ढांडा तथा जोरावर संधू और प्रीति रजक।

## ग्रैंड शतरंज टूर: क्रिस्तोफ और वेस्ले सो संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर

# कार्लसन और वेस्लो सो के साथ गुकेश ने हासिल की संयुक्त बढ़त

एजेंसी ▸▸| जगरेब (क्रोएशिया)

विश्व चैंपियन डी गुकेश लगातार दो जीत से ग्रैंड शतरंज टूर के अंतर्गत सुपर यूनाईटेड रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के पहले तीन दौर के समाप्त होने के बाद दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन, पोलैंड के डुडा जान-क्रिस्तोफ और अमेरिका के वेस्ले सो के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं।

गुकेश ने दिन की शुरूआत डुडा के खिलाफ हार से की लेकिन फिर उन्होंने फ्रांस



के अलीरेजा फिरौजा को पराजित करके हमवतन आर प्रज्ञानानंदा को भी शिकस्त दी। इससे उनके संभावित छह में से चार अंक हो गए। वहीं कार्लसन ने वेस्ले सो को हराया जबकि स्थानीय स्टार इवान सारिचज और डुडा के खिलाफ दो बाजियां बराबर कीं। गुकेश के अलावा वेस्ले सो एकमात्र खिलाड़ी रहे जिन्होंने निर्णायक बाजियां खेलीं। उन्होंने हमवतन फैबियानो कारूआना और हालैंड के अनीष गिरी को पराजित किया। वहीं फॉर्म में चल रहे प्रज्ञानानंदा के लिए दिन मुश्किलों भरा रहा, उन्होंने फिरौजा और उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव से ड्रॉ खेला जबकि गुकेश से हार से उन्हें काफी नुकसान हुआ। अभी रैपिड वर्ग में छह दौर और बाकी हैं जिसके बाद ब्लिट्ज के 18 दौर खेले जाएंगे। शीर्ष पर चार खिलाड़ियों के बाद गिरी और सारिच तीन तीन अंक से संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं जबकि कारूआना, अब्दुसत्तारोव, फिरौजा और प्रज्ञानानंदा चार खिलाड़ियों के दो दो अंक हैं। रैपिड वर्ग में जीत के लिए दो जबकि ब्लिट्ज में जीत के लिए एक अंक दिया जाता है।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **दिलशाद पुत्रः** इकबाल **पताः** ओ–575/576, सुंदर नगरी, नंद नगरी, दिल्ली, ने **FIR No. 202/2010, U/s 379/411/482/34 IPC थानाः कृष्णा नगर, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिलशाद,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिलशाद,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 202/2010, U/s 379/411/482/34 IPC थानाः कृष्णा नगर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **दिलशाद,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. भार्गव राव
जेएमएफसी–05 कमरा नंबर 03
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/8550/SHD/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित उर्फ रेघू,** पुत्रः **रामशकल शर्मा,** निवासः **मकान नं. 197, गाँव सुल्तानपुर माजरा, दिल्ली** ने **FIR No. 127/2021, U/S 25 Arms. Act., थाना राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **रोहित उर्फ रेघू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रोहित उर्फ रेघू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 127/2021, U/S 25 Arms. Act., थाना राज पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ रेघू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 04.08.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री इब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी – 03
उत्तर पश्चिम, कोर्ट नं. 107, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/8775/OD/2025 (Court Matter)

## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:

**रेलगाड़ी सं. 05317/05318 छपरा जं.-आनंद विहार ट.-छपरा जं. अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05317 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05318 | |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 19:45 | छपरा जं. | 10:00 | ---- |
| 12:30 | ---- | आनंद विहार ट. | ---- | 15:00 |

चलने के दिन : **05317 छपरा जं.** से दिनांक 05.07.2025 एवं 12.07.2025 को और **05318 आनंद विहार ट.** से दिनांक 06.07.2025 एवं 13.07.2025 को।
ठहराव: सीवान जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली जं. एवं मुरादाबाद जं. स्टेशन
स्थान: सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 05062/05061 टनकपुर-मथुरा जं.-टनकपुर विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी का अछनेरा जं. तक विस्तार** — 40 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05062 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05061 | |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 04:35 | टनकपुर | 23:35 | ---- |
| 06:55 | 06:57 | बरेली जं. | 20:35 | 20:37 |
| 12:30 | ---- | अछनेरा जं. | ---- | 15:50 |

चलने के दिन : **05062 टनकपुर एवं 05061 अछनेरा जं.** से दिनांक 31.07.2025 तक (बुधवार एवं रविवार को छोड़कर सप्ताह में 5 दिन ) को।
ठहराव: खटीमा, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., इज्जतनगर, बरेली सिटी, बरेली जं., बदायूं, उझानी, सोरों, कासगंज जं., सिकन्दरा राव, हाथरस सिटी, मथुरा छावनी और मथुरा जं. स्टेशन।
*अन्य विवरण पूर्ववत् रहेंगे।*

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2010/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




48 घंटे में बड़ा ऐलान!

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर लगेगी मुहर, कृषि क्षेत्र को लेकर भारत अपनी शर्तों पर अड़ा

*भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते को अगले 48 घंटों में अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर पहुंचने के लिए वॉशिंगटन में बातचीत चल रही है। भारत के व्यापार प्रतिनिधि समझौते को लेकर दोनों देशों के बीच मतभेदों को दूर करने के लिए अभी कुछ और दिन वॉशिंगटन में रहेंगे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते को अगले 48 घंटों में अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर पहुंचने के लिए वॉशिंगटन में बातचीत चल रही है। भारत के व्यापार प्रतिनिधि समझौते को लेकर दोनों देशों के बीच मतभेदों को दूर करने के लिए अभी कुछ और दिन वॉशिंगटन में रहेंगे।

दोनों देश 9 जुलाई की समय सीमा से पहले एक व्यापार समझौता करना चाहते हैं क्योंकि अगर इस दिन तक डील नहीं हुई तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत से अमेरिका में आने वाले सामानों पर हाई टैरिफ लगाना शुरू कर देंगे। हालांकि, भारत कृषि और डेयरी क्षेत्रों को अमेरिका के लिए पूरी तरह से न खोलने के अपने रुख पर अड़ा हुआ है, इसके साथ ही भारत की ओर से कपड़ा, जेम्स एंड ज्वेलरी, चमड़े के सामान, प्लास्टिक और केमिकल जैसे श्रम प्रधान उद्योगों तक अधिक पहुंच की मांग भी की गई है।

यूएस की ओर से जवाबी शुल्क पर रोक की डेडलाइन 9 जुलाई को खत्म हो रही है

भारत से कृषि उत्पादों पर 100% टैरिफ को खत्म करने की मांग कर रहा अमेरिका



फाइल फोटो

**अमेरिका ने कृषि और डेयरी उत्पादों में छूट मांगी**

*भारत कुछ अमेरिकी कृषि उत्पादों पर 100% टैरिफ लगाता है और अमेरिका इसे खत्म करने की मांग कर रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर ऐसा होता है, तो भारतीय किसानों को नुकसान होगा और उन्हें उपज की सही कीमत नहीं मिल पाएगी। भारत ने कहा कि अमेरिका में उगाए गए आनुवंशिक रूप से संशोधित (जेनेटिकली मॉडिफाइड) मक्का, सोयाबीन, चावल और गेहूं पर भारत के अंदर टैरिफ कम करना अस्वीकार्य है। अमेरिका चाहता है कि भारत अपने कृषि और डेयरी मार्केट को अमेरिका के लिए खोल दे, जिससे कि इस क्षेत्र से जुड़े अमेरिकी उत्पादों को भारत जैसा बड़ा बाजार मिल सके।*

**ट्रंप बोले जल्द होगा समझौता**

*राष्ट्रपति ट्रंप ने भी मंगलवार को कहा कि वह भारत के साथ एक समझौते पर पहुंच सकते हैं जो दोनों देशों के लिए टैरिफ में कटौती करेगा और अमेरिकी कंपनियों को भारत के 1.4 बिलियन उपभोक्ताओं के बाजार में प्रतिस्पर्धा करने में मदद करेगा।*

**रूस से तेल न लेने वाले यूएस बिल पर बोले जयशंकर, बाद में देखेंगे**

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से अमेरिकी सांसद लिंडसे ग्राहम के नए विधेयक को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि भारतीय दूतावास और हमारे राजदूत लिंडसे ग्राहम के संपर्क में हैं, बाकी जब विधेयक पारित होगा तो उस वक्त देखा जाएगा कि क्या करना है। जयशंकर ने कहा कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंतित है और इस बारे में ग्राहम को भी समझाने की कोशिश हो रही है। बता दें, अमेरिका के सीनेटर लिंडसे ग्राहम रूस प्रतिबंध विधेयक ला रहे हैं, जिसमें रूस से तेल, गैस, यूरेनियम और अन्य उत्पाद खरीदने वाले देशों से अमेरिका में आने वाले सामान पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने का प्रावधान है। जब से रूस यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, तब से भारत अपनी जरूरत के तेल का बड़ा हिस्सा रूस से ही खरीद रहा है।

### काश पटेल से जयशंकर ने की मुलाकात

## आतंकवाद-संगठित अपराध से निपटने में सहयोग पर की वार्ता



*वॉशिंगटन। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने वॉशिंगटन डीसी में एफबीआई निदेशक काश पटेल से मुलाकात की। इस दौरान जयशंकर ने संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी और आतंकवाद का मुकाबला करने में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग की सराहना की। इस मुलाकात के बारे में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि एफबीआई निदेशक काश से मिलकर खुशी हुई । संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी और आतंकवाद का मुकाबला करने में हमारे मजबूत सहयोग की सराहना करता हूं। इससे पहले, जयशंकर ने अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड के साथ भी बैठक की। इस दौरान दोनों के बीच वैश्विक स्थिति और द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा हुई।*

## पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत के साथ मजबूती से खड़ा हुआ घाना

पश्चिम-एशिया, रूस-यूक्रेन संघर्ष पर चिंता जताते हुए संवाद-कूटनीति से समस्या के समाधान पर दिया जोर

# दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत बनाने को लेकर जताई सहमति

*पीएम मोदी और राष्ट्रपति महामा के बीच घाना में हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद निकलकर सामने आया यह निष्कर्ष*

*कुल चार एमओयू पर किए गए हस्ताक्षर*

*भारत-घाना ने अपनी द्विपक्षीय साझेदारी को व्यापक साझेदारी में तब्दील करने का लिया निर्णय*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान तनाव के मध्य गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के बीच घाना के जुबली हाउस में द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की महत्वपूर्ण बैठकें हुईं। जिसमें दोनों देशों की आपसी भागीदारी को द्विपक्षीय के स्तर से आगे बढ़ाते हुए व्यापक भागीदारी में बदलने का निर्णय लिया गया। आतंकवाद और खासतौर पर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए पाकिस्तान समर्थित आतंकी हमले के मुद्दे पर दोनों शीर्ष नेताओं ने न केवल बातचीत की। बल्कि इस मामले में भारत को पश्चिमी अफ्रीकी देश घाना का एकजुटता के साथ समर्थन मिला। साथ ही आतंकवाद के खिलाफ जारी अंतरराष्ट्रीय लड़ाई को मजबूत बनाने को लेकर भी दोनों नेताओं ने अपनी सहमति प्रदान की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। गौरतलब है कि बीते 30 वर्षों के बाद हो रही किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली घाना यात्रा है। जिसके तहत ही पीएम ने इन तमाम बैठकों में भारत का नेतृत्व किया।

### मानवता का दुश्मन है आतंकवाद

बैठक के बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति महामा और मैं एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। उन्होंने इसके विरूद्ध भारत की लड़ाई में सहयोग प्रदान करने के लिए घाना का आभार जताया। साथ ही कहा, इस संदर्भ में हमने आतंकवाद से मुकाबले में आपसी सहयोग को और मजबूत करने का निर्णय लिया है। बैठक में पश्चिम एशिया और रूस-यूक्रेन में जारी संघर्षों को लेकर दोनों नेताओं ने गहरी चिंता व्यक्त की। भारत और घाना का मानना है कि यह युद्ध का युग नहीं है। समस्या का समाधान संवाद और कूटनीति के जरिए निकाला जाना चाहिए।

### 3 बिलियन डॉलर के पार पहुंचा व्यापार



पीएम ने कहा, बैठक में राष्ट्रपति महामा और मैंने अपनी द्विपक्षीय साझेदारी को व्यापक साझेदारी के स्तर तक पहुंचाने का फैसला लिया है। भारत, घाना के इस राष्ट्र निर्माण की यात्रा में केवल एक सहयोगी नहीं, बल्कि एक सह-यात्री है। यह भव्य जुबली हाउस, विदेश सेवा संस्थान, इंडिया-घाना कोफी अन्नान आईसीटी सेंटर सिर्फ ईंट-पत्थर नहीं, हमारी साझेदारी के जीवंत प्रतीक हैं। दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 3 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है। भारतीय कंपनियों ने करीब 900 परियोजनाओं में 2 बिलियन डॉलर का निवेश किया है। फिनटेक क्षेत्र में भारत, यूपीआई डिजिटल पेमेंट का अनुभव घाना के साथ बांटने के लिए तैयार है। राष्ट्रपति महामा के आर्थिक पुनर्गठन के प्रयासों में भारत के पूर्ण समर्थन और सहयोग का पीएम मोदी ने आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देश ग्लोबल साउथ के सदस्य हैं और उसकी प्राथमिकताओं के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री ने विकास भागीदारी को साझेदारी का एक मूल स्तंभ बताया।

### ग्लोबल साउथ की चिंताओं पर जताई प्रतिबद्धता

विदेश मंत्रालय ने बताया कि इन बैठकों में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति महामा के बीच द्विपक्षीय व्यापार, निवेश, कृषि, क्षमता निर्माण, डिजिटल प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे, रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत बनाने, दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार करने पर चर्चा की गई।पीएम मोदी ने घाना की एकजुटता और वहां रह रहे कुल 15 हजार भारतीयों की देखभाल के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

### यूएन सुधारों पर किया मंथन

दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुधारों के अलावा साझा हितों से जुड़े हुए वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। पीएम मोदी ने घाना को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में उसके कार्यकाल और राष्ट्रमंडल महासचिव के रूप में घाना के विदेश मंत्री के चुनाव के साथ उसकी बढ़ती अंतरराष्ट्रीय छवि के लिए बधाई दी। लोकतांत्रिक मूल्यों, दक्षिण-दक्षिण सहयोग, सतत विकास और वैश्विक शांति के लिए साझा दृष्टिकोण के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। प्रधानमंत्री ने घाना में बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार, देश के निवेश का स्वागत किया। इसके अलावा विकास सहयोग साझेदारी, खासतौर पर भारत समर्थित बुनियादी ढांचे, क्षमता निर्माण परियोजनाओं के जरिए और सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता जताई। भारत ने स्वास्थ्य, औषधि, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, यूपीआई और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में अपने अनुभव साझा करने की पेशकश की।

### इन चार एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

दोनों देशों के बीच कुल चार समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। जिसमें सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम को लेकर किया गया एमओयू, भारतीय मानक ब्यूरो और घाना मानक प्राधिकरण के बीच हुआ एमओयू, घाना के पारंपरिक-वैकल्पिक चिकित्सा संस्थान और भारत के आयुर्वेद शिक्षण-अनुसंधान संस्थान के बीच हुआ समझौता ज्ञापन और उच्च स्तरीय संवाद को संस्थागत बनाने व नियमित रूप से द्विपक्षीय सहयोग तंत्र की समीक्षा करने के लिए संयुक्त आयोग की बैठक पर किया गया एमओयू शामिल है।

किश्तवाड़ में दूसरे दिन भी जारी रहा सर्च ऑपरेशन

## घेराबंदी के लिए पैरा कमांडो तैनात, एक आतंकी घायल

एजेंसी ▶▶ किश्तवाड़

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के जंगली इलाके में छिपे दो से तीन आतंकवादियों को पकड़ने के लिए गुरुवार को भी तलाशी अभियान चलाया गया। बुधवार रात को कुछाल-छातरू इलाके के घने जंगल वाले कंजल मांडू इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में ड्रोन और खोजी कुत्तों की मदद ली जा रही है, साथ ही अतिरिक्त सुरक्षा बलों की मदद से घेराबंदी को और मजबूत किया जा रहा है। इलाके में पैरा कमांडो को भी



उतरा गया है। जानकारी के अनुसार, मुठभेड़ में एक आतंकवादी के घायल होने की आशंका है। लेकिन इसकी अभी पुष्टि नहीं की जा रही है मुठभेड़ तब शुरू हुई जब सेना और सीआरपीएफ की मदद से पुलिस ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद बुधवार शाम करीब 7:45 बजे छातरू के कुछाल इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया।

### घेराबंदी के लिए इलाके में अतिरिक्त बल तैनात

*अधिकारियों ने बताया कि तलाशी दलों को देखते ही आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद संगठन से जुड़े आतंकवादियों को मार गिराने और कड़ी घेराबंदी करने के लिए इलाके में अतिरिक्त बल भेजा गया है। आतंकी सैफुल्लाह और आदिल इसी इलाके की पहाड़ियों में सक्रिय हैं लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। सैफुल्लाह के साथ तीन ओर आंतकवादी सक्रिय है और वह फांभर इलाके में सक्रिय है पहले यह सिंहपुरा इलाके में सक्रिय थे। सुरक्षा बलों के दबाव के चलते वे वहां से भाग गए हैं।*

### कुछाल में दूसरा ग्रुप सक्रिय

*अभी कुछाल में दूसरा ग्रुप सक्रिय हो गया है। सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों को यह चिंता सता रही है कि क्या दो-दो, तीन-तीन आतंकवादियों के समूह अलग-अलग जगह सक्रिय हो गए हैं। अमरनाथ यात्रा शुरू हो गई है। यह इलाका अनंतनाग से मिलता जुलता है और जिला के अंदर मचेल यात्रा भी 25 जुलाई से शुरू हो रही है।*

### भारत-अमेरिका का संयुक्त अंतरिक्ष मिशन 'निसार'

# प्राकृतिक आपदा आने से पहले दुनिया को कर देंगे अलर्ट


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पृथ्वी की सतह की निगरानी, भूकंप और भूस्खलन जैसी आपदाओं का सटीक पूर्वानुमान और पर्यावरणीय बदलावों की विस्तार से जानकारी अब जल्द ही भारत-अमेरिका के संयुक्त अंतरिक्ष मिशन 'निसार' (एनआईएसएआर) के जरिए संभव होगी।

नासा और इसरो के इस संयुक्त मिशन की लॉन्चिंग जुलाई 2025 के अंत तक आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से जीएसएलवी रॉकेट के माध्यम से की जाएगी। इसकी कुल लागत करीब 1.5 अरब डॉलर (लगभग 12,500 करोड़ रुपए) है, जिससे यह दुनिया का सबसे महंगा अर्थ इमेजिंग सैटेलाइट बन गया है।

**परियोजना** की कुल लागत करीब 12,500 करोड़ रुपए

**इस महीने** के अंत में श्रीहरिकोटा से लॉन्च करेंगे सैटेलाइट



### हर 12 दिन में एक ही स्थान की इमेजिंग करेगा

निसार उपग्रह से भूकंप, भूस्खलन, ग्लेशियरों का पिघलना, समुद्री बदलाव और अन्य पर्यावरणीय गतिविधियों की सटीक निगरानी हो सकेगी। यह सैटेलाइट हर 12 दिन में पृथ्वी के एक ही स्थान की इमेजिंग करेगा, जिससे वैज्ञानिक माइक्रो-लेवल बदलाव तक को पहचान सकेंगे। इससे न केवल भारत और अमेरिका बल्कि पूरी दुनिया को जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं की भविष्यवाणी करने में मदद मिलेगी। लॉन्च के 1 से 3 महीनों के भीतर यह उपग्रह डेटा देना शुरू कर देगा।

### निसार में हैं दो रडार

निसार सैटेलाइट को खास बनाने वाली इसकी दोहरी आवृत्ति वाली रडार तकनीक है। इसमें दो अलग-अलग रडार लगे हैं पहला एस-बैंड रडार जिसे इसरो के अहमदाबाद स्थित स्पेस एप्लिकेशन सेंटर ने बनाया है। दूसरा एल-बैंड रडार, जिसे नासा की कैलिफोर्निया स्थित जेट प्रपल्शन लैब ने तैयार किया है। दोनों रडार मिलकर पृथ्वी की सतह पर सूक्ष्म बदलाव, ध्रुवीय बर्फ, ग्लेशियरों की गतिविधि, ज्वालामुखी, भूस्खलन और भूकंप जैसे घटनाओं पर नजर रखेंगे। यह तकनीक सिंथेटिक एपर्चर रडार पर आधारित है। इस अभूतपूर्व मिशन की नींव 2012 में इसरो और नासा के बीच बातचीत से रखी गई थी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109